दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 20 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 152 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

शासकीय सेवकों का डीए 4 प्रतिशत संविदाकर्मियों का वेतन 27% बढ़ा

बीते 23 सालों में अब तक का सबसे बड़ा 6031 करोड़ रूपए का अनुपूरक बजट पास

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को चार महीने रह गए हैं। इसके पहले कई संगठन व संविदा कर्मियों का आंदोलन चल रहा है। इसी बीच बुधवार को सीएम भूपेश बघेल ने बड़ा ऐलान किया है। सीएम ने राज्य के लगभग 5 लाख शासकीय सेवकों को 4 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने की घोषणा की है। वहीं संविदा वेतन पर कार्यरत 37 हजार कर्मचारियों को सविंदा वेतन पर 27 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। शासकीय कर्मचारियों को बी श्रेणी के शहरों के लिए 9 प्रतिशत और सी और अन्य श्रेणी के शहरों के लिए 6 प्रतिशत की दर से गृहभाड़ा भत्ता देने का भी ऐलान किया गया है। इसके अलावा स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को प्रति माह 2 हज़ार रुपए अतिरिक्त मानदेय दिए जाने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की। साथ ही पटवारियों को भी प्रतिमाह 500 रुपये संसाधन भत्ता दिए जाने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर खुद इसकी जानकारी साझा की है।

वित्तीय स्थिति सुदृढ़, चिंता न करें : भूपेश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा में 6 हजार करोड़ अनुपूरक बजट पेश किया जिसे पक्ष-विपक्ष की चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। अब वर्ष 2023-24 का साइज बढ़कर 1 लाख 27 हजार 532 करोड़ का हो गया है। अनुपूरक बजट में चर्चा के दौरान विपक्षीय आरोपो का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कर्ज की स्थिति जीएसडीएम की तय सीमा के अंतर्गत है इसलिए राज्य की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ है। विपक्ष को चिंता करने की जरुरत नहीं है। पिछले दो सालों में राज्य का वित्तीय घाटा मात्र 3 फीसदी रहा है। भेंट-मुलाकात के दौरान राज्य भर से आई मांगों के चलते यह अनुपूरक बजट लाया गया है जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया है। सदन में आज मुख्यमंत्री ने घोषणाएं भी की। जिसके अंतर्गत

अनुपूरक बजट के दौरान मुख्यमंत्री की 2000 करोड़ रूपए की महत्वपूर्ण घोषणाएं

● लगभग 5 लाख शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी, इस प्रकार मूल वेतन पर अब तक कुल 42 प्रतिशत बढ़ोत्तरी, 4 प्रतिशत बढ़ोत्तरी होने से 800 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय राज्य सरकार को पड़ेगा।

● 37000 संविदा कर्मियों के वेतन में 27 प्रतिशत वृद्धि, इससे 350 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय राज्य सरकार को पड़ेगा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विस अध्यक्ष महंत ने स्वीकारा विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव

अविश्वास प्रस्ताव पर 22 और 23 जुलाई को दोपहर दोपहर 12 बजे से शुरू होगी चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन विपक्ष ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने विपक्ष के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए चर्चा के लिए दो दिन का समय निर्धारित किया है। 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे से अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 22 और 23 जुलाई दो दिनों तक चर्चा होगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, अरपा नदी में डूबकर तीन बच्चियों की मौत के मामले को आज लेकर विधायक धर्मजीत सिंह ने आज सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि, बीस फीट की गहराई में बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि, रेत तस्करों को संरक्षण देने वाले लोग सदन में मौजूद हैं। श्री सिंह ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, रेत माफियाओं को सत्तारूढ़ दल का संरक्षण मिल रहा है। नदी में डूबकर मरने वाली बच्चियों को सरकार मुआवजा दे और जल्द से जल्द रेत तस्करों को जेल भेजने की तैयारी करे।

बच्चियों की मौत का जिम्मेदार कौन: रेत के अवैध उत्खनन के कारण नदी में गड्ढा हो गया था। विपक्ष लगातार रेत के अवैध उत्खनन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

श्वेत पत्र जारी करें सरकार : चंदेल

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने आज अनुपूरक बजट पर चर्चा में सरकार पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कर्ज से कराह रही है। कितना कर्ज लिया है और उस कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए कितना कर्ज लिया है इसको लेकर सरकार को एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। चंदेल ने सरकार के टीम प्रोजेक्ट गौठान के अलावा बेरोजगारी भत्ते, पीएससी की परीक्षा में अनियमितता जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 16 लाख 40 हजार बेरोजगारों के लिए मात्र 300 करोड़ का प्रावधान रखा है। इससे क्या होगा। पिछले पांच साल में एक इंच सिंचाई का रकबा नहीं बढ़ा। उन्होंने कहा कि राज्य भर के गांवों की दयनीय स्थिति है। सीएसआर का पैसा कहां जा रहा है पता ही नहीं चलता। चंदेल ने अनुपूरक बजट का विरोध करते हुए अपनी बात समाप्त की।

अरपा में डूबने से गई है तीन बहनों की जान

उल्लेखनीय है कि, 17 जुलाई को बिलासपुर में स्थित अरपा नदी में डूबने से दो सगी बहनों और एक चचेरी बहन की मौत हो गई थी। तीनों नहाने के लिए अरपा नदी में पहुंची थीं। लेकिन नहाते-नहाते तीनों का पैर फि सल गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

आज बेबाक

यूपीए अर्थात संप्रक का नया नाम करण हुआ है। इंडिया। अच्छा है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है। एनडीए के टक्कर में इंडिया एक नया और अनूठा प्रयोग है। इंडिया यदि 2024 में एनडीए को हराने में सफल रहा तो यह नया नामकरण सार्थक हो जाएगा। इसके विपरित हार गया तो क्या होगा? यह गठबंधन ठीक ना चला और आपसी झगड़ा बढ़ा तो भविष्य में अखबरों की सुर्खिया और खबरियां चैनलों की ब्रेकिंग न्यूज होगी-इंडिया में आपसी खींचतान, इंडिया में असंतोष, इंडिया में घमासान, इंडिया में फूट, इंडिया टूट की कगार पर, इंडिया टूटा और इंडिया का नाम बदला गया।

//-- सुविचार --//

सिखा देती है गरीबी तजुर्बे दुनियादारी के फुटपाथ पर रहने वालों का कोई स्कूल नहीं होता..!!

जनसंख्या

विश्व : 8049054.190

भारत : 1429290.938

बाजार

सेंसेक्स	67097.44
निफ्टी	19,833.15
गोल्ड	56530 प्रति 10 ग्राम
चांदी	82000 प्रति किग्रा
अण्डा दर	4.65 प्रति नग

नमामि गंगे प्रोजेक्ट की साइट पर फैला करंट, दरोगा समेत 16 मौतें

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड के चमोली जिले में नमामि गंगे प्रोजेक्ट की साइट पर बड़ा हादसा हो गया। यहां करंट लगने से दो दर्जन से ज्यादा लोग बुरी तरह झुलस गए हैं। सभी को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हादसे की चपेट में आने से अब तक 16 लोगों की मौत हो गई है। आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। इस हादसे में छह पुलिस कर्मियों की भी जान चली गई है। जानकारी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मीटर के तारों से फैला करंट

चमोली के ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना ने बताया कि बीती रात को बिजली का तीसरा फेस डाउन हो गया था। बुधवार को सुबह तीसरे फेज को जोड़ा गया, जिसके बाद सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में करंट दौड़ गया। ट्रांसफार्मर से लेकर मीटर तक कहीं एलटी और एसटी के तार नहीं टूटे हैं, मीटर के बाद तारों में करंट दौड़ा है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि रात में यहां रहने वाले केयर टेकर का सुबह फोन नहीं लग रहा था। जिसके बाद परिजनों ने साइट पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सर्वदलीय बैठक में चर्चा को तैयार सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। आज 20 जुलाई को शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले केंद्र सरकार ने मंगलवार को ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई। पुरानी संसद की लाइब्रेरी में हो रही इस मीटिंग की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। विपक्ष ने सेशन के दौरान मणिपुर हिंसा पर चर्चा करने की मांग की, जिस पर सरकार तैयार हो गई। इससे पहले सुबह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग की थी। सूत्रों के मुताबिक, संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार नियमों के तहत और स्पीकर की अनुमति के बाद हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। जोशी ने कहा कि सत्र के लिए 32 विधायी मुद्दे हैं। कांग्रेस के मीडिया इंचार्ज जयराम रमेश ने कहा- मोदी सरकार को संसद में मणिपुर हिंसा और महंगाई पर बहस करानी चाहिए। सरकार को पुराना रवैया बदलना होगा। वो अब तक 'मेरी बात मानो या फिर दफा हो जाओ' वाला अप्रोच ही अपनाती आई है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि हम मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं।

11 अगस्त तक चलेगा मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र 11 अगस्त तक चलेगा। दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें प्रस्तावित हैं। सरकारी सूत्रों का कहना है कि सत्र में कई जरूरी विधेयक पेश किए जाने हैं, ऐसे में सभी दलों को सत्र चलाने में सहयोग करना चाहिए, क्योंकि सरकार नियम व प्रक्रिया के तहत किसी भी विषय पर चर्चा कराने से पीछे नहीं हट रही है। लोकसभा सचिवालय के एक बुलेटिन के मुताबिक, सत्र में दिल्ली अध्यादेश समेत 21 नए बिलों को पेश किया जा सकता है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने पहले सर्वदलीय बैठक 18 जुलाई को बुलाई थी, लेकिन एनडीए और विपक्षी पार्टियों की बैठक के चलते इसे टालना पड़ा था।

5 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार धमाके का था प्लान

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक समेत तीन राज्यों से बीते 24 घंटे में 8 आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने बुधवार को बेंगलुरु से 5 संदिग्ध आतंकी पकड़े। ये आतंकी बेंगलुरु में धमाका करने की योजना बना रहे थे। वहीं महाराष्ट्र पुलिस ने पुणे से 2 इनामी आतंकियों को अरेस्ट किया। दोनों पर 5-5 लाख का इनाम था। एक आतंकी फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। उधर बिहार के मोतिहारी से मंगलवार रात को एंटी टेररिस्ट स्कॉड ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर पीएफआई के एक आतंकी को अरेस्ट किया। उससे पूछताछ की जा रही है।

सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने बुधवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार आतंकियों के पास से 4 वॉकी-टॉकी, 7 देशी पिस्तौल, 42 जिंदा गोलियां, 2 खंजर, 2 सैटेलाइट फ ोन और 4 ग्रेनेड बरामद किए हैं। आतंकियों की पहचान सैयद सुहैल, उमर, जनिद, मुदासिर और जाहिद के रूप में की गई है। ये पांचों 2017 के एक हत्या मामले में आरोपी थे और परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल में थे जहां वे आतंकवादियों के संपर्क में आए। पुणे में गिरफ्तार दोनों आतंकी जयपुर सीरियल ब्लास्ट की साजिश रचने के आरोपी हैं।

ट्रेलर व स्कूल बस में भिड़ंत, 22 बच्चे घायल

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में सड़क हादसे में 22 स्कूली छात्र घायल हो गए। घरघोड़ा थाना इलाके के कंचनपुर बरघाट के पास स्कूल बस और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें बस चालक कई घंटों तक स्टीयरिंग में ही फं सा रहा। वहीं घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, घरघोड़ा थाना इलाके के गांव कंचनपुर बरघाट के पास यह एक्सीडेंट हुआ। जहां दोपहर 2 बजे बच्चों को सेंटान्स इंग्लिश मिडियम स्कूल की बस लेकर जा रही थी। तभी एक ट्रेलर से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि दोनों ही वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद से ही ट्रेलर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अजित पवार से मिले उद्धव ठाकरे

मुंबई (एजेंसी)। 19 जुलाई को शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने मुंबई में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार से मुलाकात की. उद्धव ठाकरे और अजित पवार की मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब महाराष्ट्र में एनसीपी दो भागों में बंट चुकी है. अजित पवार की बगावत के बाद महाराष्ट्र का सियासी पारा चढ़ा हुआ है. एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना विधायकों के एक समूह के विद्रोह के बाद, ठाकरे ने 29 जून, 2023 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. शिंदे ने 2 जुलाई, 2023 को नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. वहीं शरद पवार से बगावत कर अजीत पवार एनडीए में शामिल हो गए और उन्हे उप मुख्यमंत्री बना दिया गया. 2 जुलाई को अजित पवार के नेतृत्व में कुल नौ एनसीपी विधायकों ने एकनाथ शिंदे की सरकार में मंत्री पद का शपथ लिया था. इस राजनीतिक बदलाव ने महाराष्ट्र सहित पूरे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

27 जुलाई को मिलेगी किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई 2023 को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 14वीं किस्त जारी करेंगे। राजस्थान के सीकर से देशभर के साढ़े 8 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 2000 रुपए की किस्त जारी होगी। इस योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तें, साल में (कुल 6000 रुपए), दी जाती हैं। स्कीम के तहत पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर के बीच और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है। इस योजना की शुरुआत 2019 में किसानों को आर्थिक मदद देने के लिए की गई थी। योजना के पात्र लाभार्थी कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके अलावा स्थानीय पटवारी, राजस्व अधिकारी और योजना के लिए राज्य सरकार की ओर से नामित नोडल अधिकारी ही किसानों का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं।

गरमा-गरम

रेल यात्रियों को 20 रुपये में मिलेगी, पूड़ी, सब्जी, अचार

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश में चुनावी मौसम शुरू होते ही भारतीय रेलवे को गरीबों की याद आने लगी है और इसी क्रम में अब जनरल डिब्बे में यात्रा करने वालों के लिए मात्र 20 रुपये में पूड़ी-सब्ज़ी उपलब्ध कराने का फैसला किया है। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने गरीब यात्रियों के लिए 20 रुपये में सात पूड़ियां (175 ग्राम), आलू की सब्ज़ी (150 ग्राम) और अचार (12 ग्राम) की इकॉनोमी मील शुरू की है। इसके अलावा 50 रुपये में स्नैक्स मील का मैन्यू भी शुरू किया गया है इस करीब 350 ग्राम के इस मील में चावल और छोले/राजमा, खिचड़ी, छोले एवं कुलचे/भटूरे, पावभाजी, मसाला डोसा शामिल है। आरंभ में यह सेवा 64 स्टेशनों पर शुरू की गई है। अभी 54 में सेवा शुरू हो चुकी है और बाकी में शुरू की जा रही है। इस में हर प्लेटफ ॉर्म पर आगे और पीछे जनरल कोच के सामने इस भोजन के स्टॉल लगाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पहले जनरल कोच में यात्रा करने वाले लोगों के लिए 10 रुपये में पांच पूड़ी, आलू की सब्ज़ी और अचार मिला करता था। कोविड काल में यह व्यवस्था गड़बड़ा गई थी।

तीस्ता सीतलवाड़ को सुको ने दी नियमित जमानत

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने गुजरात के 2002 दंगों से संबंधित कथित मनगढ़ंत सबूत बनाने और गवाहों को प्रभावित करने की आरोपी सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को बुधवार को नियमित जमानत दे दी। सीतलवाड़ पर गुजरात सरकार और तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को उन दंगों के मामले में कथित तौर पर हाथ होने के लिए बदनाम करने की साजिश रचने के आरोप हैं। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका मंजूर की। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में सीतलवाड़ के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल होने और हिरासत में पूछताछ पूरी होने के तथ्य पर गौर करते हुए राहत दी। शीर्ष अदालत ने साथ ही गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें सीतलवाड़ को जमानत देने से इनकार करने के साथ ही तत्काल आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया था। शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने जमानत याचिका मंजूर करते हुए यह भी कहा कि यदि सीतलवाड़ की ओर से गवाहों को प्रभावित करने का मामला सामने आता है तो अभियोजन पक्ष उनकी जमानत रद्द करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ ने इससे पहले एक जुलाई को रात करीब 9:15 सुनवाई कर तीस्ता को एक सप्ताह के लिए अंतरिम राहत दी थी।

पीठ ने सीतलवाड़ को तत्काल आत्मसमर्पण करने के गुजरात उच्च न्यायालय के कुछ घंटे पहले दिए आदेश पर रोक लगा दी थी। विशेष पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा था, 'हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि (उच्च न्यायालय के) एकल पीठ ने उन्हें (सीतलवाड़ को) एक सप्ताह की भी सुरक्षा न देकर सरासर गलत किया।'

संपादकीय

एनडीए V/S इंडिया

2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में एनडीए को कड़ी चुनौती देने के लिए अब यूपीए की जगह नया गठबंधन इंडिया बन गया है। बैंगलुरू में हुई कांग्रेस के नेतृत्व में हुई 26 दलों की एक बैठक में सर्वसम्मति से यूपीए का नाम बदलकर इंडियन नेशनल डेव्लपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस अर्थात् इंडिया रखा गया है। नए गठबंधन इंडिया में शामिल सभी 26 राजनीतिक दलों में समन्वय बनाने के लिए एक ग्यारह सदस्य कमेटी बनाने का भी फैसला किया गया है और अब इंडिया की भावि योजनाओं पर विचार करने के लिए इसकी अगली बैठक मुंबई में आयोजित की गई है। बैंगलुरू में सपन्न 26 दलों के बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने केन्द्र की एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि यह नया गठबंधन इंडिया 2024 में जरूर जीतेगा। गौरतलब है कि यूपीए के नाम को बदलने के लिए पटना में आयोजित बैठक में ही विचार विमार्श किया गया था। बहुत मंथन के बाद यह नया नाम रखा गया है जो निश्चित रूप से एनडीए के लिए अब दिक्कत पैदा करेगा। एनडीए के नेता इंडिया के बारे में बोलने के पहले हजार बार सोचेंगे। इंडिया में शामिल सभी राजनीतिक पार्टियां इस मुद्दे पर एक मत हो गई है। एनडीए के मुकाबला एक जुटता से ही किया जा सकता है। एनडीए उम्मीद्वार के खिलाफ इंडिया का भी एक ही प्रत्याशी होना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो निश्चित रूप से एनडीए को अब तक जो विपक्षी वोटों के बिखराव का लाभ मिलता रहा है। उसे अब इंडिया का मुकाबला करने में दिक्कत आएगी। हालांकि इंडिया में शामिल राजनीति पार्टियों के बीच भी सीटों का बंटवारा एक बड़ी चुनौती होगी। इसमें शामिल क्षेत्रिय पार्टियां अपने-अपने प्रदेशों में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर अपना दावा पेश करेगी। ऐसी स्थिति में इंडिया में शामिल घटक दलों के बीच टकराव हो सकता है। यही नहीं बल्कि इंडिया की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाए जाने के नाम पर भी विवाद खड़ा हो सकता है। बैंगलुरू की बैठक में ही इसकी शुरूआत हो गई है। इंडिया की बैठक के बाद सभी पार्टियों के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की लेकिन इस प्रेस कांफ्रेंस से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, जदयू सुप्रीमों और बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार तथा राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव किनारा कर गए। इन तीनों नेताओं की नाराजगी को लेकर कई तरह की अटकले लगाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि यूपीए के कुंबे को आगे बढ़ाने और एनडीए के खिलाफ एक मजबूत गठबंधन बनाने का बेड़ा नीतिश कुमार ने ही उठाया था और इसकी पहली बैठक उन्होंने ने ही पटना में आहुत की थी। उन्हें उम्मीद थी कि इंडिया नाम से बने इस गठबंधन का संयोजक उन्हें ही बनाया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। संभवतः इसी वजह से नीतिश कुमार और लालू यादव संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस का बहिष्कार कर लौट गए। अलबत्ता अखिलेश यादव की नाराजगी का कारण समझ नहीं आ रहा है। पटना में हुई बैठक में भी इसी तरह की स्थिति बनी थी जब आम आदमी पार्टी के संयोजक और नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उस बैठक के एजेंडे में केन्द्र सरकार के अध्यायादेश को शामिल न किए जाने से नाराज होकर संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस का बहिष्कार कर दिया था। बहरहाल अब कांग्रेस का समर्थन मिल जाने से अरविंद केजरीवाल की नाराजगी दूर हो गई है। लेकिन अब नीतिश कुमार लालू प्रसाद यादव और अखिलेश यादव की नाराजगी के कारण इस गठबंधन के भीतर असंतोा उत्तपन्न होने की संभावना बन गई है। इस असंतोष को इंडिया में शामिल घटक दलों के नेता किस तरह दूर करेंगे। यह देखना दिलचस्प होगा।

सुझाव

पेट्रोल पंप में तेल की जगह निकला पानी

बरसात से एक दो माह पहले पेट्रोल पंप की टंकियों की जांच होना चाहिए ताकि मूसलादार बारिश होने के स्थिति में भी पेट्रोल टैंक में पानी का रिसाव तो नहीं हो रहा है इसकी जानकारी मिल जाए । स्वभाविक है कि पेट्रोल वाहन में पानी डाला जाए तो वो चल नहीं पाएगी। यदि गलती से भी बरसात के दिनों में बिना पेट्रोल जांच किए वाहनों में डाल दिया जाए तो स्थिति विकट हो जाएगी जिसमें संभालना मुश्किल हो सकता है। हाल ही में बिलासपुर के पचपेड़ी थाना क्षेत्र में संचालित ओशो फ्यूल्स पेट्रोल टंकी से तेल की जगह पानी निकल रहा है। मामला उस समय सामने आया जब लोग उक्त पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवाए और एक के बाद एक दर्जनों चालकों की गाड़ी एक साथ खराब हो गई। पेट्रोल डलवाने के बाद अचानक गाड़ियां खराब होने के कारण वाहन मालिक पेट्रोल टंकी पहुंचे और जमकर हंगामा किया। पेट्रोल संचालक ने जांच की। तब नोजल से पेट्रोल कम और पानी ज्यादा निकल रहा था। बताया जा रहा है कि वर्षा का पानी पेट्रोल टंकी के भीतर घुस गया है। बुधवार की सुबह पचपेड़ी के ओशो फ्यूल में कुछ मोटरसाइकिल सवार लोगों ने अपने वाहनों में पेट्रोल डलवाया। कुछ दूर आगे जाने के बाद गाड़ी अचानक बंद हो गई। जब गैरेज मेकेनिक से चेक करवाई तो पता चला कि मोटरसाइकिल की टंकी में पेट्रोल की जगह पानी भरा है। जिससे उनकी मोटरसाइकिल स्टार्ट नहीं हो रही। तब उन लोगों ने टंकी खोलकर देखा तो उसमें पेट्रोल की जगह पानी निकलने लगा। इसे लेकर दर्जनों की संख्या में मोटर सवार लोग पेट्रोल पंप पर पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने के दौरान हंगामा कर रहे लोग पेट्रोल पंप के सेल्समैन के साथ जमकर विवाद होने लगा। आक्रोशित लोगों ने सेल्समैन के साथ मारपीट करने का प्रयास करने लगे। सूचना पर पुलिस की टीम पहुंची और आक्रोशित लोगों को शांत कराया। पेट्रोल पम्प संचालक का कहना है कि मिलावट करने का अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है। वर्षा की वजह से पानी टैंक में गया होगा। क्योंकि जिस मात्रा में पानी बताया जा रहा है, इतना पानी मिलाने की बात संभव नहीं है। सभी पंप ऑनलाइन जुड़े होते हैं, सारा रिकार्ड होता है। शासन-प्रशासन को अभी तक किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार वर्षा होने के कारण पानी का रिसाव होने से पेट्रोल टंकी के टैंक में जा रहा होगा जिसके कारण पेट्रोल के साथ तेल भी निकल रहा है। हालांकि इस मामले की जांच करना जरूरी है पेट्रोल संचालक ने टंकी जांच करने का भरोसा दिलाया है और किसी भी प्रकार की खराबी आने पर सुधरवाने का दावा किया है।

आज का पंचांग (गुरूवार, 20 जुलाई 2023)

सूर्योदयः 05:44, सूर्यास्तः 07:19, चन्द्रोदयः 01:29, चन्द्रास्तः 14:43, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष शुक्ल, तिथि तृतीया, नक्षत्र मघा, योग धृति (09:40 से शूल), प्रथम करण वणिज (05:57 तक), द्वितीय करण विष्टि (17:59 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य मिथुन, चंद्र वृष (25:58 से), मंगल सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र सिंह (उदित, पश्चिम), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष, केतु तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल 14:48 से 16:26, सर्वार्थसिद्धि योग 19:43 से 05:24, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त 19:19 से 19:40, सायाह्न सन्ध्या 19:21 से 20:21, निशिता मुहूर्त 00:02 से 00:43, राहुकाल 13:30 से 15:07, राहुवास दक्षिण-पश्चिम,

यमगण्ड 07:08 से 08:53, होमाहुति राहु, दिशाशूल उत्तर, अग्निवास पाताल (17:59 से पृथ्वी), भद्रावास स्वर्ग (05:57 से 17:59), चन्द्रवास पूर्व (दक्षिण 01:58 से), शिववास क्रीड़ा में (17:59 से कैलाश पर)।

देश में पहली बार घोटालों घपलों में फंसा पैसा लौटाना शुरू

किशन भवनानी

साथियों बात अगर हम इस रिफंड की प्रक्रिया और अवधि की करें तो (1) सहारा के डिपॉजिटर्स को वापस पाने के लिए माय गव इस वेबसाइट पर क्लिक करे।(2) सबसे पहले निवेशकों को सहारा रिफंड पोर्टल पर रिजिस्ट्रेशन करना होगा(3)सहारा में पैसा जमा करने का दावा करने वालों डिपॉजिटर्स की सही पहचान सुनिश्चित करने के लिए आईएफसीआई की एक सहायक कंपनी ने पोर्टल विकसित किया है।(4)सहारा रिफंड पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और रिफंड वापस पाने के लिए निवेशक के पास मोबाइल फोन नंबर और आधार होना जरुरी है। इस रिफंड पोर्टल के जरिए उन निवेशकों के रकम वापस मिलेगी, जिनके निवेश की मैच्योरिटी पूरी हो चुकी है।इस पोर्टल पर निवेशक अपना नाम दर्ज कराएंगे वेरिफिकेशन के बाद उनके रकम वापसी की प्रक्रिया शुरू होगी। निवेशकों के दस्तावेज सहारा समूह की समितियों द्वारा 30 दिन के भीतर वेरिफाई किए जाएंगे।इसके बाद ऑनलाइन क्लेम दर्ज करने के 15 दिन के भीतर एसएमएस के जरिए निवेशकों को सूचित कर दिया जाएगा. इसके बाद बैंक खाते में निवेश की रकम आ जाएगी, याने इस प्रोसेस में कम से कम 45 दिन लगेंगे, इसके बाद ही निवेशकों के पैसे वापस मिलेंगे।

वैश्विक स्तरपर आज भारत भले ही डिजिटल, रुतबे साख और वैश्विक मंचों परदबदबा रखने वाला देश बन गया है, परंतु हम अपने बड़े बुजुर्गों सेजानकारी लेंगे तो हम दशकों पूर्व और कुछ अभी किए गए घोटालों घपलों के बारे में विस्तार से जानकारी मिलेगी। मेरे बचपन में बोफोर्स घोटाले के बारे में बहुत सुना था परंतु अभी आज उसकाक्या हुआ? पता नहीं वैसे भी हम पूर्व के कुछ घोटालों घपलों जैसे जीप खरीदी (1948) साइकल आयात (1952) मुद्रा में (1958) तेजा रन (1960) पटनायक मामला (1961) कुओ ऑयल डील (1976) अंतुले ट्रस्ट (1981) एचडी डब्ल्यू दलाली (1987) बोफोर्स (1987) इंडिया बैंक (1992) चारा (1996) सिक्योरिटी स्कैम हर्षद मेहता (1992) मनी लांड्रिंग मधु कोड़ा (2009) तेलगी घोटाला (2006) कोयला घोटाला (2012) वक्फ बोर्ड जमीन घोटाला (2012) सहारा हाउसिंग बैंक घोटाला (2010) तहलका, स्टॉक मार्केट, सत्यम मनी लांड्रिंग, एअरबस, दूरसंचार,ःयूरिया, पीएनपी, 2त्र स्पेक्ट्रम, कामनवेल्थ खेल, चावल निर्यात, झारखंड चिकित्सालय, उड़ीसा खदान, मधु कोड़ा खदान, ताज कॉरिडोर सहित करीब 200 घोटालों के नाम हमने पिछले दशकों में ज़रूर सुने होंगे परंतु उनका क्या हुआ पता नहीं है।

इस आलेख के रिसर्च में मैंने पाया कि करीब 200 छोटे बड़े घोटाले हुए इस पर मेरा मानना है कि इतने लाख़ करोड़ के उपरोक्त घोटाले बिना किसी शह-मात के होना असंभव है, जिसकी शुरुआत उस कंपनी, सहकारी समिति संस्था बैंक का जन्म यानी रजिस्ट्रेशन से शुरू होता है और इनकी अनियमितताओं को संबंधित अधिकारियों द्वारा अनदेखा कर नजरें हटाई जाती है, जिससे यह बीज अंकुरित होकर बड़े वटवृक्ष की तरह मजबूत हो जाता है, फिर सरकारों के बदलने से उनकी जड़ों तक पहुंचना शुरू हो जाता है जिसका वर्तमान उदाहरण रेल नौकरी भूमि घोटाला हम देख रहे हैं। चूंकि आज 18 जुलाई 2023 को माननीय केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा माननीय सुप्रीम कोर्ट के सहारा केस में आदेश कि प्रमाणिक जमाकर्ताओं के वैध बकाए के भुगतान पर रिफंड प्रक्रिया की घोषणा की है जो स्वागत योग्य, सराहनीय उपलब्धि है। इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, घपलों घोटालों में फंसा पैसा निवेशकों को वापस मिलना शुरू होना सराहनीय है। परंतु इन

समितियों, संस्थाओं के संदेहपस्थ जन्म और अनियमितताओं पर लगाम लगाना अति ज़रूरी है ताकि यह नौबत ही ना आए। साथियों बात अगर हम दिनांक 17 जुलाई 2023 को माननीय केंद्रीयमंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो उन्होंने कहा कि आज एक बहुत बड़ी शुरुआत हुई है कि देश में पहली बार पीएम के नेतृत्व में पारदर्शिता के साथ निवेशकों का घोटाले में फंसा पैसा वापस मिलना शुरू हो रहा है, ये एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज करोड़ों लोगों को अपने पसीने की गाढ़ी कमाई के पैसे वापस मिलने की शुरूआत हो रही है, लगभग 1.78 करोड़ ऐसे छोटे निवेशकों, जिनका 30 हज़ार रूपए तक का पैसा फंसा है, को अपना पैसा वापस मिलेगा, ये एक बहुत बड़ी उपलब्धि है कि आज लॉंच हुए पोर्टल के माध्यम से पहले निवेशकों को, जिनकी जमाराशि 10, हज़ार रूपए या इससे अधिक है उसमें से 10, हज़ार रूपए तक की राशि का, भुगतान किया जाएगा। इस पोर्टल पर आवेदन करने के लिए चारों समितियों का पूरा डेटा ऑनलाइन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में ऐसे सभी प्रावधान किए गए हैं जिससे कहीं भी किसी प्रकार की गड़बड़ी और किसी भी प्रामाणिक निवेशक के साथ अन्याय की गुंजाइश ना हो। भुगतान की पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पेपरलैस है और दावे प्रस्तुत करने के लिए बनाया गया पोर्टल यूज़र फ्रेंडली, कुशल औरपारदर्शी है। केवल प्रामाणिक जमाकर्ताओं की वैध राशि लौटाने को सुनिश्चित करने के लिए पोर्टल में ज़रूरी प्रावधान किए गए हैं। पोर्टल को सहकारिता मंत्रालय की वेबसाइट के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है।

इन समितियों के प्रामाणिक जमाकर्ताओं को पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को ज़रूरी दस्तावेज़ों के साथ अपलोड कर अपने दावे प्रस्तुत करने होंगे। उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए जमाकर्ताओं का आधार कार्ड के ज़रिए सत्यापन किया जाएगा। उनके दावों और अपलोड किए गए दस्तावेजों के सत्यापन के लिए नियुक्त सोसायटी, ऑडिटर्स, और ओएसडी द्वारा सत्यापन के बाद उपलब्धता के अनुसार धनराशि, जमाकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन दावे पेश करने के 45 दिनों के अंदर सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खाते में ट्रांस्फर कर दी जाएगी और उन्हें एसएमएस/पोर्टल के माध्यम से इसकी सूचना दे दी जाएगी।समितियों के प्रामाणिक जमाकर्ताओंको येसुनिश्चित करना होगा कि उनके पास आधार-लिंक्ड मोबाइल नंबर और बैंक खाता है। साथियों बात अगर हम इस घोटाले के पैसे वापस करने की सोच की करें तो, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि कई बार घपले-घोटाले के आरोप लगते हैं और जो लोग इनमें निवेश करते हैं, उनकी पूंजी फंस जाती है, जैसे सहारा का उदाहरण सबके सामने है, कि कई सालों तक सुप्रीम कोर्ट में केस चला, ऐजेंसियों ने इनकी संपत्तियां और खाते सील कर दिए, और, ऐसा होने पर कोऑपरेटिव सोसायटीज़ की विश्वसनीयता समाप्त हो जाती है। पीएम ने अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया और उसके बाद इस मामले में पहल करते हुए सभी स्टेकहोल्डर्स को बिठाकर बात की गई। उन्होंने कहा कि इस बात पर विचार किया गया कि क्या कोई ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकती है जिसमें सभी लोग अपने दावों से ऊपर उठकर छोटे निवेशकों के बारे में सोचें। सभी ऐजेंसियों ने मिलकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायरकी और उच्चतम न्यायालय ने एकऐतिहासिक फैसला दिया कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति का गठन कर उनके निर्देशन में पारदर्शी तरीके से भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो। उन्होंने कहा कि ट्रायल बेसिस पर पारदर्शी तरीके से आज निवेशकों को 5, हज़ार करोड़ रूपए की राशि लौटाने की शुरूआत हो रही है। जब 5, हज़ार करोड़ रूपए का भुगतान हो जाएगा तब बाकी बचे निवेशकों की राशि लौटाने के लिए एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। साथियों बात अगर हम इस रिफंड मामले के न्यायिक पहलू को देखे तो, माननीय उच्चतम न्यायालय ने 29 मार्च,2023 के अपने आदेश में निर्देश दिया था कि सहारा समूह की सहकारी समितियों के प्रामाणिक जमाकर्ताओं के वैध बकाए के भुगतान के लिए सहारा-सेबी रिफंड खाते से 5 हज़ार करोड़ रुपये सहकारी समितियों के केन्द्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को हस्तांतरित किए जाएं। भुगतान की पूरी प्रक्रिया की निगरानी और इसका पर्यवेक्षण माननीयसर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार माननीय सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति कर रहे हैं जिसमें उनकी सहायता के लिए वकील को नियुक्त किया गया है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मन का कोना कोना अगन लग

मन का कोना कोना अगन लग रहा है। मेरा वो बाबू सोना नयन कह रहा है तर बतर हो रहा है तन निगाहों से क्यूं दिलों के अंतरंग में सावन मचल रहा है। **सुरेश वैष्णव**

बस वक्त का फंसाना है आज होना हैं

बस वक्त का फ़ंसाना है आज होना हैं कल खोना हैं खोने लगे हैं हर

साल दर साल जो तेरा हैं अब मेरा कहां रहा इस दिल को तो हैं बस तेरा साथ मुझमें अब मैं हूं कहां इस ज़माने का ग़म ही तो मिला यादों का आना-जाना लगा ही हैं हवाओं से या न पुछो किधर आना-जाना हैं बस वक्त का फ़साना है।

सोनू कुमार आकाश

ख़ास पाती

प्रेम कविताओं से विरक्ति

प्रेम कविताओं से विरक्ति साहित्य में शुष्कता का आभास तो नहीं? मुझे महसूस होता है कि जैसे प्रेम कविता लेखक लिखना ही नहीं चाहते।उनके शब्दों में अजीब सा व्यंग्य, शिकायत और जलन ज्यादा है लेकिन प्रेम के नाम पर प्राकृतिक आवश्यकता मात्र दिखाई देती है। क्या वाकई में प्रेम साहित्य से समाप्त हो चला है? **दिव्या राकेश शर्मा**

सुनो अच्छा लगता है कभी-कभी

सुनो अच्छा लगता है कभी कभी ज़िंदगी की थकन को यूँ मुँह चिढ़ाना और फिर थकन से चूर चूर हो कर भी दो क़दम आगे बढ़ जाना, मंज़िल की तलाश में नहीं मंज़िल की आकांक्षा में भी नहीं ज्ञान और अनुभव की खोज में कि मंज़िल मिलने पर थकन ख़त्म मगर ज्ञान असीम, अनुभव अनंत और थकन हमकदम हरदम। सुनो अच्छा लगता है कभी कभी ज़िंदगी की थकन को यूँ मुँह चिढ़ाना। **शुचि 'भवि'**

लो भागती ही जा रही है बैठी उड़ान

लो भागती ही जा रही है बैठी उड़ान खटोले में मिले दौर ये मंहगाई के खड़ी विपक्षी टोले में काटे नहीं कटता कभी भी इसके बिना तो एक दिन दिन तो क्या इक वक्त भूखा जागे नर है तारे गिन आग पेट की किलो तौलती रोटी मिलती तोले में धर बंदूक कांध पर मौसम तोड़ी कमर दलालों ने रुला दिया है बेबस नर को अली गढ़ी इन तालों ने दर्द न दिखता जमाखोर को कभी निर्धन फफोले में लाल टमाटर और लाल है अदरक भी मूंछें ऐंठे भिंडी तोरी कद्दू कहता हम काहे पीछे बैठें चलो निकालो नोट करारे चिल्लर रख लो झोले में। **रजनी रामदेव**

यह तो नहीं पता, कि मेरी किस्मत

यह तो नहीं पता, कि मेरी किस्मत में क्या लिखा है। पर जो भी लिखा है, इतना बुरा भी नहीं लिखा है। जो मिला है मुझे, वो भी तो कितनों को न मिला है। उसने जो दिया, मंजूर है, उससे न कुछ भी गिला है। **अलका अग्रवाल**

एक ठग व्यापारी था उसने

एक ठग व्यापारी था उसने व्यापार करने के लिए बैंक से ऋण लिया बाद में उसने बैंक का ऋण बापस नही किया बैंक न उसे दिवालिया घोषित कर दिया। कुछ समय वह अंडरग्राउंड रहा उसके बाद उसने नए नामग से फिर व्यापार शुरू किया और फिर बैंक से ऋण लेने के लिए आवेदन कर दिया!! बाकी आप समझ गए होंगे। **वंदना गोयल**

मौसम हरित सुरभि पवन का

मौसम हरित सुरभि पवन का आनंदित सावन है सब पौधे एवं वृक्षों में फल फूल का यौवन है हम भाई बहनें अपने गृह वाटिका कार्यों में व्यस्त होंगे कृषक मित्र बुजुर्गों से खेती एवं कृषि की विस्तृत चर्चा कर श्री माता बहनों एवं बच्चों के साथ में पौधरोपण का कार्य करते नजर आ रहे हैं। सर्वे भवंतु सुखी भवः अन्नदाता।। **गौरी पटले**

घोर हास्यास्पद जीवन है हम

घोर हास्यास्पद जीवन है हम शालीनता से गम्भीरता का लबादा ओढ़े बैठे है अज्ञात भय के प्रति ज्ञात सर्वज्ञात को भुलाए बैठे हैं और जिस भय से डरे जा रहें वह तो विचार करने योग्य भी नहीं है। आज के भय कल पुराने होंगे कल को नये भय जन्म लेंगे फिर एक दिन जब चेतना जाग्रत होगी हम ठहाके लगाकर हँस रहें होंगे कि जिस भय से हम मात खा रहे वह तो चींटी के पग से भी छोटा था। **राजीव वर्मा**

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। रॉबर्ट द्वितीय के उत्ताधिकारी हेनरी प्रथम ने 1031 में स्पेन के राजा के रूप में पदभार संभाला। अलाउद्दीन खिलजी ने 1296में स्वयं को दिल्ली का सुल्तान घोषित किया। एंग्लो-पुर्तगाल संधि के तहत 1654 में पुर्तगाल इंग्लैंड के अधीन हुआ। माधव राव 1761 में प्रथम पेशवा बने। कोलंबिया ने 1810 में स्पेन से आजाद होने की घोषणा की। जर्मनी के खगोलशास्त्री थियोडोर ने 1847 में धूमकेतु ब्रोरसेन-मेटकॉफ का पता लगाया। फोर्ड मोटर कंपनी ने 1903 में अपनी पहली कार बाजार में उतारी। बंगाल के पहले विभाजन को 1905 में भारतीय सचिव ने मंजूरी दी। पन्चो विला की 1923 में हत्या कर दी गई। सोवियत खेल समाचार पत्र सोवत्सकी स्पोर्ट की स्थापना 1924 में हुई। लंदन में 1933 को यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ पांच लाख लोगों ने रैली निकाली। जापान के नाम वापिस लेने के बाद 1938 में फिनलैंड को 1940 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी सौंपी गई। अमेरिका ने 1944 में जापान के कब्जे वाले गुआम पर हमला किया। जार्डन के शाह किंग अब्दुल्ला प्रथम पर यरुशलम में 1951 को किये गये हमले में मारे गये।

QUIZ TIME

1) नेशनल ब्यूरो ऑफप्लांट जेनेटिक रिसोसेंस कहाँ स्थापित है?

2) आकाशगंगा का अधिकांश भाग किस आकार का है?

3) संविधान सभा में महिलाओं की कुल संख्या कितनी थी?

4) चार्ल्स बैबेज ने कौन-सी मशीन बनाई थी?

5) किस राज्य के तुलजाभवानी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू हुआ है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) नई दिल्ली (2) सर्पिला (3) 15 (4) डिफरेंसियल इंजन (5) महाराष्ट्र

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज मानसिक चंचलता के कारण अच्छे बुरे का विवेक कम रहेगा। बिना सोचे बोलना आज भारी पड़ सकता है।

वृष-आज भी दिन प्रतिकूल बना हुआ है सोच समझ कर ही अथवा किसी के परामर्श के बाद ही कोई काम करें ।

मिथुन-आज का दिन भी आपके लिये लाभदायक रहेगा लेकिन आकस्मिक खर्च अनियंत्रित रहने पर थोड़ी परेशानी भी होगी।

कर्क -आज का दिन आपको पैतृक सुख के साथ मनोरंजन के अवसर भी सुलभ कराएगा।

सिंह -आज भी शुभ प्रसंग बनने से मन शांत रहेगा धर्म के प्रति आस्था तो रहेगी लेकिन एकाग्रता की कमी के कारण दैनिक पूजा पाठ भी व्यवहारिकता मात्र रहेंगे।

कन्या-आज के दिन आपमे लापरवाही अधिक रहेगी। सेहत अथवा अन्य आवश्यक कार्यो की अनदेखी बाद में पछताने का कारण बनेगी संयम की कमी के चलते विपरीत फल मिलेंगे।

तुला-आज का दिन विजय दिलाने वाला रहेगा आज आप जिस भी चीज की कामना करेंगे उसे लड़कर अथवा जिद से पूरा कर लेंगे ।

वृश्चिक -आज आप धन लाभ की कामना से अधिकांश कार्य करेंगे लाभ होगा भी लेकिन खर्च लगे रहने से हाथ मे रुकेगा नही।

धनु -आज आप घर एवं बाहर सभी लोगो के दिल को अपनी कुशलता से जीतेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थ की भावना आज कम रहेगी।

मकर -आज मानसिक उलझने दिन भर परेशान रखेंगी। कोई नापसंद कार्य मजबूरी में करना पड़ेगा आस पास का वातावरण अशान्त रहेगा।

कुंभ -आज आप अपनी अथवा किसी नजदीकी की कार्यशैली से व्यथित रहेंगे। चाहकर भी परिस्थितियां अनुकूल नही बनने के कारण मन में उदासी रहेगी।

मीन -आज के दिन सुधार आने से थोड़ी राहत मिलेगी लेकिन दिनचार्य आज भी अस्त व्यस्त ही रहेगी ।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -130

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राष्ट्र का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 129 का हल

दि	क्र	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

छग. के जल, जंगल, जमीन बचाने सीएम भूपेश ऐसे अड़े

केन्द्र खदानों को आवंटित करने की जल्दी में, प्रदेश की 09 कोयला खदानों से संरक्षित वन्य जीवों, पहाड़ों, जंगलों और नदियों को खतरा

- **हसदेव कोल ब्लॉक्स का हाल देखकर राज्य शासन चिंतित, केंद्र को रखेंगे अपना पक्ष**

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र छत्तीसगढ़ की 09 बड़ी कोयला खदानों का आवंटन करने तत्पर है, तो छ्रू भूपेश बघेल भी इस मामले में रोक लगाने के लिए अपना पक्ष मजबूती से रखने प्रयास तेज कर दिया है। भूपेश सरकार ने अपनी मंशा स्पस्ट कर दी है कि उक्त खदानों के आवंटन और कोयले की खुदाई से प्रदेश के जंगल, नदी, पहाड़ और पर्यावरण के अलावा संरक्षित वन्य जीवों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जायेगा। बता दें की हसदेव कोल ब्लॉक आवंटन के बाद बहुत बड़ा इलाका गड्ढों में तब्दील हो गया है। भारत सरकार द्वारा नीलामी में रखी गई छत्तीसगढ़ की 09 कोयला खदानों को भूपेश सरकार बचने के लिए सक्रिय हो गई है। जिस तरह हसदेव कोल ब्लॉक्स अडानी को मिलने के बाद से जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण का संतुलन गड़बड़ाने लगा है। अब ऐसी स्थिति प्रदेश के वन क्षेत्रों की नहीं हो इसके लिए उक्त 09 खदानों के आवंटन से कहां कैसा खतरा उत्पन्न होगा इसकी मंशा कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख सचिव नेने बिंदुवार उल्लेखित किया है। छत्तीसगढ़ राज्य के कोयला खदानों के संबंध में निम्नांकित टीप प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के माध्यम से विभागीय पात्र भी प्रेषित किया है। जिसमे उच्चस्तर से प्राप्त निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ की कुल 09 कोल ब्लॉक नीलाम के संबंध में संशोधित संक्षिप्त विवरण आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश किया गया है। भूपेश सरकार अब प्रदेश के इन कोल ब्लॉक लेने वालों को रोकने में जुट गई है।

ये हैं 09 कोल खदानें जिन पर है नजर

तारा कोयला खदान करकोमा कोयला खदान, कोइलर खदान, तेंदु मुड़ी खदान, झिलगा कोयला खदान, बरपाली कर्मी टिकरा कोयला खदान, बताती कोलगा नार्थ ईस्ट ए कोयला खदान, बताती कोलगा ईस्ट खदान, फतेहपुर साऊथ कोयला खदान।

बीजेपी शासनकाल में हुआ आवंटन

बता दें अदानी समूह और उनके सहयोगी संस्थान छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार के दौरान यहां आए। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के शासनकाल में देश के बड़े और केंद्र सरकार में ऊंची पहुँच वाले उद्योगपतियों ने यहां पैर जमा लिया है। अब प्रदेश के जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण संतुलन को नेस्तनाबूद करने के लिए एक बार फिर 09 कोल ब्लॉक पर नज़र है। इनको किसी को बेचे जाने की कोशिश के बाद से ही छत्तीसगढ़ शासन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय जलवायु एवं पर्यावरण विभाग से लेकर ऊपर तक प्रयास शुरू कर दिया है। एक तरफ केन्द्र सरकार राजस्व और मायनिंग का लाभ लेने के लिए तत्पर है तो वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मुनाफाखोरी को रोकने के लिए पुरी शिद्दत से जुट गए है।

रोक लगाने बताए खास कारण

संरक्षित वन्य जीव, नदी के अस्तित्व. पर्यावरणीय भू-स्थितिक परिवर्तन और नियंत्रण गड़बड़ाने, पहाड़ी इलाकों और कई लाख वृक्षों के कटने का खतरा बताया। भूपेश सरकार केंद्र को छत्तीसगढ़ की जल, जंगल और जमीन को बचने का इमानदार प्रयास करने में जुट गई है। केंद्र सरकार उक्त कोल खदानों को बड़े उद्योगपतियों और अन्य को देना चाह रही है। जिस तरह इस कोल ब्लॉक्स को आवंटित करने से सिर्फ केंद्र नहीं राज्य सरकार को भी बेशुमार मुनाफा होगा। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय महकमा और केंद्र सरकार तो एक तरह से तत्पर है लेकिन भूपेश सरकार प्रदेश के पर्यावरण और जल, जगंल, जमीन के लिए संवेदनशील कोल ब्लॉक्स को आवंटित करने से रोक रही है।

न्यूज गैलरी

आज अफसरों की क्लास लगाएंगे सीएस

रायपुर/नवप्रदेश। युवाओं ने फर्जी प्रमाण के जरिए नौकरी करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को नग्न प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद प्रदेश की सियासत गरम हो गई थी। बुधवार को विधानसभा में भी इस मुद्दे को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। बहरहाल, इसकी जानकारी विधानसभा में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने विपक्ष को दी। इस मामले में मुख्य सचिव ने सभी विभागों की बैठक बुलाई है। जहां वे इस मामले में अभी तक हुई कार्रवाई की समीक्षा करेंगे। अभी तक 16 विभागों ने इस मामले में क्या किया है। उसकी वह जानकारी लेंगे। फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर सरकारी नौकरी करने वालों के खिलाफ अब तक की कार्रवाई की समीक्षा मुख्य सचिव अमिताभ जैन करने वाले हैं। राजधानी में हुए नग्न प्रदर्शन के बाद इस मामले में सरकार हरकत में आई है। अनुसूचित जाति और जनजाति विभाग के सचिव डीडी सिंह ने 16 विभागों को पत्र जारी कर 20 जुलाई को होने वाली समीक्षा बैठक में शामिल होने को कहा है।

पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। लाभांडी स्थित पदमा होटल के पास पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी बलराम विश्वकर्मा 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी बाबू ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर बत्ता से मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी राहुल चंद्राकर 18 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी बलराम विश्वकर्मा सन्ने बाबू से झगड़ा कर रहा था, जिससे बीच बचाव करने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गार्डन के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम गार्डन के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश नायक 33 वर्ष कुंदरापारा बैरनबाजार का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी होंडा साइन बाइक क्रमांक सीजी 04 केवाई 7479 को नगर निगम गार्डन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीरब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घरेलू विवाद: बहू से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। शिवाजी चौक संतोषी नगर में घरेलू विवाद को लेकर पति व सास ने अपनी बहू से गाली-गलौज कर माारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया स्नेहलता गोयल 31 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पति संतोष गोयल व सास धरममति गोयल ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पैसे की लेन-देन को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। राजीव गांधी नगर चौक के पास मजदूरी का पैसा की` लेन-देन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी जगतसागर 26 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी चमरू बाग और विजय बाग ने मजदूरी का पैसा के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी विजय बाग 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी किशोर हरपाल, जगत व धर्मेन्द्र निहाल ने पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

विधायक के खिलाफ सड़क पर उतरे भाजपाई

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर उत्तर विधानसभा में बदहाली का आरोप लगाकर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा के खिलाफ कलेक्ट्रेट के बाहर नारेबाजी की गई। बीजेपी नेताओं ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और घोटालों का भी आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पहले से ही बैरिकेडिंग की थी। इसके बावजूद कलेक्ट्रेट के बाहर कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस से साथ जमकर झूमाझटकी भी हुई। बीजेपी नेताओं ने विधायक कुलदीप जुनेजा के खिलाफ 17 बिंदुओं का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। जिसमें रायपुर के उत्तर विधानसभा में सड़क के डामरीकरण में हुए घोटालों की

जांच, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल में 200 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप, लोकायुक्त की जांच पर कार्रवाई, विधानसभा के 5 वार्डों से निकलने वाले नाले में हुए अधूरे निर्माण कार्य, अमृत मिशन के अधूरे काम, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और अवैध शराब, भू माफिया के कब्जे जैसे गंभीर आरोप और जांच की मांग की गई है। बीजेपी के जंगी प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, संजय श्रीवास्तव समेत कई नेता भी मौजूद रहे। वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी उत्तर विधानसभा क्षेत्र के आम नागरिकों के समस्याओं शिकायतों की लिस्ट लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची है। वहां के विधायक से स्थानीय जनता परेशान है, असामाजिक तत्वों के जमावड़े से लोग परेशान हैं।

रॉन्ग साइड से आ रही स्कूल बस ने स्कूटी सवारों को मारी टक्कर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में एक स्कूल बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार महिला और पुरुष घायल हो गए हैं। वहीं टक्कर लगने के बाद स्कूटी बस के नीचे ही फंस गई। जिसके बाद स्कूल बस का ड्राइवर इसे काफी दूर तक घसीटते हुए भी ले गया। मामला आजाद चौक थाना इलाके का है। बस रेयान इंटरनेशनल स्कूल की बताई जा रही है। गनीमत रही की इस दौरान बस में कोई बच्चे सवार नहीं थे। वहीं घायल महिला और पुरुष को गंभीर चोट आने के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, स्कूटी सवार सुबह 8 बजे अपने काम से आमापारा से जयस्तंभ चौक जा रहे थे। तभी रॉन्ग साइड से आ रही स्कूल बस

ने उन्हें टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि बस की रफ्तार तेज थी और ड्राइवर ने टक्कर मारने के बाद बस रोकी भी नहीं। जिससे स्कूटी नीचे ही फंस गई। हादसे में सड़क पर स्कूटी के घसीटने के निशान भी दिखे जिसके बाद लोगों ने पीछा कर बस को रुकवाया। वहीं आजाद चौक पुलिस ने ड्राइवर और हेल्पर को हिरासत में लिया है। फिलहाल इस मामले घायलों का मेडिकल करवाकर आगे की पूछताछ की जा रही है।

रमन का सीएम भूपेश पर तंज, कहा वादा पूरा करने के बजाय झुनझुना थमा दिया

रायपुर/नवप्रदेश। बुधवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधा। सीएम भूपेश बघेल के फैसलों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा

कि भूपेश सरकार ने पिछले पौने 5 साल केवल घोटाले और प्रदेशवासियों का शोषण करने में बीता दिए और अब चुनाव पास देखकर भी अपने वादों को पूरा करने के बजाय जनता को झुनझुना पकड़ाने का प्रयास कर रहे हैं। 5 साल से 5 लाख कर्मचारी इंतज़ार कर रहे हैं, महंगाई भत्ता तो बढ़ा दिया पर उनके एरियर्स का भुगतान कब होगा? साथ ही उन्होंने नियमितीकरण के वादे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि पौने 5 साल बाद संविदाकर्मियों को 27 प्रतिशत का झुनझुना पकड़ा दिया है, नियमितिकरण कब होगा?, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने की बात कही थी उसका क्या हुआ?

मुख्यमंत्री नियमितीकरण की घोषणा कब करेंगे : चंदेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कर्मचारियों को लेकर की गई घोषणाओं के बाद नेता प्रतिपक्ष

नारायण चंदेल ने कहा मुख्यमंत्री और कांग्रेस सरकार नियमितीकरण की घोषणा आखिर कब करेगी कब तक कर्मचारियों को ठगती रहेगी, कांग्रेस सरकार केवल घोषणाओं की सरकार बन के रह गई है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा लगभग 5 साल बीतने को है सरकार की विदाई का समय आ गया है अतः सरकार चुनावी घोषणाएं कर रही है जिसे वह होर्डिंग में लगा सके पुरानी घोषणाओं का क्या होगा सरकार नियमितीकरण कब करेगी?

शिक्षकों की पदस्थापना में गड़बड़ी, जेडी व बाबू सस्पेंड

रायपुर/नवप्रदेश। सहायक शिक्षक एलबी से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला और शिक्षक तथा शिक्षक से प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पद पर पदोन्नति उपरांत पदस्थापना आदेश में संशोधन करते हुए काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना किए जाने के निर्देश का उल्लंघन करने पर प्रभारी संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर एसके प्रसाद और तत्कालीन सहायक ग्रेड-2 श्री विकास तिवारी, कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से आज इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। निलंबन अवधि में प्रसाद का मुख्यालय लोक शिक्षण संचालनालय एवं तिवारी का मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा रायपुर नियत किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार सहायक शिक्षक एलबी से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला और शिक्षक तथा शिक्षक से प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पद पर पदोन्नति पश्चात पदस्थापना ओपन काउंसलिंग के माध्यम से किए जाने के लिए सभी संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया था।

नग्न प्रदर्शन करने वाले 29 आरोपी जेल गए, इनमें से कई युवक हिस्ट्रीशीटर

- **पुलिस ने किया खुलासा प्रदर्शनकारी पूर्व में हत्या का प्रयास, लूट, धोखाधड़ी, मारपीट, बलवा जैसे अपराध में रहे हैं संलिप्त**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में विधानसभा रोड में नग्न प्रदर्शन करने वाले 29 प्रदर्शनकारियों को रायपुर पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों के संबंध में यह भी पाया गया है कि कई आरोपी पूर्व में हत्या का प्रयास, लूट, धोखाधड़ी, मारपीट, बलवा जैसे कई अपराधों में संलिप्त रहे हैं। आरोपी व्यंकटेश मनहर, जरहाभाठा बिलासपुर के विरूद्ध थाना सिविल लाईन बिलासपुर में अप.क्र. 505/21 धारा 147, 148, 149, 341, 294, 323, 506, 307, 397, 120बी आईपीसी दर्ज़ है।

आरोपी विक्रम जांगड़े, जरहाभाठा बिलासपुर के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में (1) अप.क्र. 99/2011 धारा 294, 506, 323, 34 भादवि (2) अप.क्र.178/2020 धारा 294, 323, 506, 427, 34 भादवि (3) अप.क्र.1227/2022

धारा 147, 294, 506, 427 भादवि (4) अप.क्र.1290/2022 धारा 147, 419, 420, 447, 448 भादवि दर्ज़ है।

आरोपी संजीत बर्मन, शांति नगर सिविल लाईन बिलासपुर के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में (1) अप.क्र.1127/2011 धारा 147, 294, 506, 427 भादवि (2) अप.क्र.950/2022 धारा 295-ए, 509-ख भादवि, 67 आईटी एक्ट (3) अप.क्र.1290/2022 धारा 147, 419, 420, 447, 448 भादवि दर्ज़ है।

आरोपी अमन दीवाकर, जरहाभाठा बिलासपुर के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में (1) अप.क्र.505/2021 धारा 147, 148, 149, 341, 294, 323, 506, 307, 397, 120बी भादवि (2) अप.क्र.1046/2021 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि. दर्ज़ है।

आरोपी आशुतोष जानी, जरहाभाठा बिलासपुर के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में (1) अप.क्र.1227/2022 धारा 147, 294, 323, 506, 427 भादवि (2) अप.क्र. 1290/2022 धारा 147, 419, 420, 447, 448 भादवि दर्ज है।

आरोपी विनय कौशल, सिरगिट्टी बिलासपुर, मूल-उमरिया सरगांव के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में अप.क्र.1290/2022 धारा 147, 419, 420, 447, 448 भादवि दर्ज है।

रुक-रुक कर हो रही बारिश से किसानों को राहत : दास

रायपुर/नवप्रदेश। लगातार बारिश से छत्तीसगढ़ में कृषि कार्य पर क्या असर पड़ रहा है इसके लिए कृषि मौसम वैज्ञानिक और महाविद्यालय के डीन जी के दास से खास बातचीत हुई । इस दौरान कृषि मौसम वैज्ञानिक ने कहा की फ्लिहाल छत्तीसगढ़ को जितना बारीश चाहिए उतना हो चुका है और रुक-रुक के बारिश होने से धान की फसल लेने वाले किसानों को काफी राहत है क्योंकि वे आसानी से बोआई का काम कर पा रहे हैं। लेकिन

आने वाले दिनों में अगर बरसात ज्यादा होती है तो किसानों को चाहिए की वे बारिश का पानी जमा न हो इसके लिए अभी से खेतों में पानी निकासी की व्यवस्था कर ले।

भूपेश बघेल ने पेश किया अब तक का सबसे बड़ा अनुपूरक बजट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य विधानसभा में छह हजार इकतीस करोड़ पचहत्तर लाख दो हजार नौ सौ सतहत्तर रुपए का अनुपूरक बजट पेश कर दिया है। राज्य विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने आज ही अनुपूरक बजट पर चर्चा की अनुमति दी। हालांकि विपक्ष ने आज ही बजट पेश होने के बाद तत्काल चर्चा कराए जाने पर आपत्ति की। बीजेपी विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सदस्यों को बजट की कॉपी भी नही मिली है तो आखिर चर्चा कैसे होगी। विपक्ष ने व्यवस्था पर भी प्रश्न उठाया। बाद में

विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी ताकि सदस्य अनुपूरक बजट की कॉपी प्राप्त कर ले और उसके बाद चर्चा में भाग ले सके। अनुपूरक बजट में सरकार प्रदेश के कई विभागों से जुड़ी योजनाओं के लिए बजट का प्रावधान करेगी। जानकारी के मुताबिक मानसून सत्र में महालेखाकार की रिपोर्ट पेश होने पर हंगामा होना तय माना जा रहा है। आने वाले दो दिन प्रदेश कांग्रेस सरकार और विपक्ष के बीच सदन में हंगामे से भरे रहेंगे।

सदन में पत्रों को पटल में रखा गया

बुधवार को सहकारिता मंत्री राज्य अंतव्यवसाय सहकारिता वित्त एवं विकास निगम का प्रतिवेदन पटल पर रखें। मंत्री मोहम्मद अकबर ग्राम निवेश अधिनियम की अधिसूचना पटल पर रखे। अनिला भेड़िया दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम की अधिसूचना, जयसिंह अग्रवाल आवंटित कृषि भूमि भूस्वामी अधिकार अधिनियम पटल पर रखेंगे।

सीएम ने किया अनुदान मांगों पर प्रस्ताव

आज विधानसभा के पावस सत्र में वित्तीय वर्ष 2023-2024 के प्रथम अनुपूरक अनुमान की अनुदान मांगों पर मतदान हुआ। 31 मार्च 2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निम्मित्त 6 हज़ार 31 करोड़ 75 लाख 2 हज़ार 977 रूपये का अनुपूरक बजट राशि यानि कि 23 सालों में सबसे बड़ा अनुपूरक बजट पेश किया गया है।

जनसूचना अधिकारी आवेदकों को जानकारी देने से बचने अपनाते हैं हथकंड़े

■ **जनसूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी वन विभाग के जवाब को राज्य सूचना आयोग ने खारिज कर 30 दिन में जानकारी देने का आदेश दिया**

गरियाबंद/नवप्रदेश। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवदकों को निर्धारित समय सीमा अवधि के अंदर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए राज्य सूचना आयोग के द्वारा समय-समय पर जिले में कार्यशाला का आयोजन किया जाता है ताकि आवेदकों को स्थानीय स्तर पर जन सूचना अधिकारी या प्रथम अपीलीय अधिकारी के द्वारा जानकारी दी जा सके परंतु सूचना आयोग की कार्यशाला के बावजूद आवेदकों से जानकारी साझा न करना पड़े इसके लिए जन सूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी नित नए नए तरह के हथकंड़े और तरह तरह के जवाब देकर जानकारी देने से बचने की कोशिश करते हैं। इसी तरह के एक मामले में वन विभाग द्वारा जानकारी साझा न करने के उद्देश्य से आवेदक हिमांशु सांगाणी के

द्वारा दिसंबर 2021 में सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत वन परीक्षेत्र अधिकारी बिंद्रा नवागढ़ तुलाराम सिन्हा से वन परिक्षेत्र के अंतर्गत हुए कार्य के आवंटन राशि एवं भुगतान के समस्त बिल वाउचर की सत्यापित छाया प्रति की मांग की गई थी जिस पर जनवरी 2022 में जन सूचना अधिकारी ने एक से अधिक कार्यों की जानकारी की बात कहते हुए प्रथक प्रथक आवेदन करने की बात कही । तब आवेदक ने मार्च 2022 में प्रथम अपीलीय अधिकारी को आवेदन करते हुए जानकारी दिलाने की मांग की जिस पर प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा मुख्य सूचना आयुक्त छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग रायपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक ए/3039/2019 संजय त्रिवेदी ग्राम नाहन बीरी तहसील मैनपुर जिला गरियाबंद विरुद्ध जन सूचना अधिकारी कार्यालय वन मंडल अधिकारी के द्वारा पारित आदेश के बिंदु क्रमांक 8 का उल्लेख करते हुए व्यक्तिगत जानकारी होने की बात कहकर जानकारी नहीं दी जा सकती कहते हुए अधिनियम की धारा 11 के अधिनियम की धारा 8(घ) (ज्ञ) के जानकारी देने से मना कर दिया । जिसके बाद आवेदक हिमांशु सांगाणी के द्वारा मई 2022 में राज्य सूचना आयोग रायपुर में आवेदन के संबंध में अपील करते हुए यह उल्लेख किया कि विभाग द्वारा राज्य सूचना आयोग के जवाब को आधार बनाते हुए कई आवेदनों पर जानकारी देने से बचने की कोशिश की जाती है।

प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के बेमेतरा आगमन पर पुराना बस स्टैंड चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। स्वागत करने वालो में मुख्य रूप से जिला संगठन प्रभारी लखन लाल साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, विजय सिन्हा, ललिता साहू, दीपेश साहू, हर्ष तिवारी, प्रहलाद रजक, विकास तंबोली, रीना साहू, विकास घरडे, तारण राजपूत, सन्नी ठाकुर, संतोष वर्मा, राकेश मोहन शर्मा, निशा चौबे, गोपी देवांगन, केशव साहू,

नारद साहू, युगल देवांगन, योगेश वर्मा, तुषार साहू, राजा पांडेय, गौरव साहू, राजेश दीवान, रोहित साहू, कमलेश वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध चराई रोकने वन विभाग अलर्ट

कवर्धा/नवप्रदेश। वनमण्डलाधिकारी चुडामणि सिंह के निर्देशन में एसडीओ कवर्धा अनिल साहू के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी तरेगांव गणेश मरकाम के नेतृत्व में श्री संतराम गढ़वाल परिक्षेत्र सहायक बोक्करखार बी एफ ओ, ज्ञानेश्वर आनंद ,दीपक कुमार निषाद, मनोज साहू, उदयभान मंडावी, परसराम चंद्राकर ,कैलाश धुर्वे पवन गंधर्व द्वारा संयुक्त रूप से परिक्षेत्र के बोक्करखार सर्किल में मुखबिर की संयुक्त टीम ने गश्ती करते वक्त भेड़ बकरी ऊंट चारवाहों को जंगल में अवैध चराई करते हुए पकड़े। अवैध चराई के आरोप में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26व 33 के तहत आरोपी पैथा पिता दया ग्राम दुधई तहसील अंजार जिला कच्छ भुज राज्य गुजरात के विरुद्ध पी ओ आर जारी कर कड़ी कार्रवाई किया गया ।चराई इकाई नुकसानी के अनुसार मुआवजा व महसुल राशि ?32400 वसूल कर शासन के कोषालय में जमा किया गया। इस तरह की बड़ी कार्यवाही कर वनों को अवैध चराई के नुकसानी से बचाने जा सकेगा । कार्यवाही पश्चात् सभी भेड़ बकरियों को वन क्षेत्र से बाहर खदेड़ा गया।

अवैध चराई रोकने वन विभाग अलर्ट

पूरे वन मंडल में बरसात आते ही चरवाहे भेड़ बकरी और ऊंट लेकर जंगल में प्रवेश करते हैं। अवैध चराई से वनों को काफी नुकसान होता है जिसे रोकने के लिए अवैध चराई करने वाले चरवाहों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। वन विभाग की कार्यवाही से आरोपियों के हौसले पस्त हुए हैं। वन क्षेत्र में वन चौकीदार बी एफ ओ से लेकर उच्च अधिकारी लगातार गस्त करते हुए अवैध चराई पर नियंत्रण कर रहे हैं।

डीएसपी ने चंदनू में लगाया जन चौपाल

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल मार्गदर्शन में थाना, चौकी प्रभारियों के द्वारा जन चौपाल एवं समाधान शिविर लगाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा हैं, इस अभियान के तहत आज 19 जुलाई को डीएसपी कमल नारायण शर्मा एवं थाना चंदनू प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कश्यप, सउनि राजेश ठाकुर एवं स्टाफ द्वारा थाना चंदनू क्षेत्रांतर्गत ग्राम चंदनू में ग्रामवासियों को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा करने से व्यक्तिगत, शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से होने वाले नुकसान, साथ ही युवा वर्ग के भविष्य में पड़ने वाली प्रभाव से अवगत कराया गया।

तोरण नायक बने सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज के निर्विरोध अध्यक्ष

■ **नरेंद्र वर्मा जिला महामंत्री व जिला कोषाध्यक्ष गैंदलाल चंद्राकर बने**

बेमेतरा/नवप्रदेश। सर्व क्षत्रिय कुर्मी समाज बेमेतरा जिला के अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न कराने रविवार को कुर्मी भवन कंतेली बेमेतरा में बैठक रखी गई थी। जहां चुनाव अधिकारी व प्रदेश पदाधिकारी अनिल नायक, मोरध्वज चंद्राकर, नंदलाल चंद्राकर व सरस्वती वर्मा ने चुनाव प्रक्रिया की जानकारी साझा की। साथ ही अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव एवं समर्थन मांगा गया। जिस पर सर्व सम्मति से समाज के वरिष्ठ सदस्य तेलगा निवासी तोरण नायक को निर्विरोध जिला अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही बारगांव निवासी नरेंद्र वर्मा को निर्विरोध जिला महामंत्री और जिला कोषाध्यक्ष के लिए रमपुरा निवासी गैंदलाल चंद्राकर को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। तोरण नायक के अध्यक्ष मनोनीत होने पर बेमेतरा राज, सातों फिरका के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष बनने पर तोरण नायक ने कहा कि वे समाज के लिए बेहतर कार्य करेंगे और समाज की भलाई के लिए अथक प्रयास करेंगे। बाकी पदाधिकारियों का चयन सप्ताह भर के अंदर वरिष्ठजनों से चर्चा उपरांत किया जाएगा। इस मौके पर सर्व कुर्मी समाज के अयोध्या चंद्राकर, कौशल वर्मा, मोती वर्मा, देवदत्त वर्मा, घासी वर्मा, ऋषी वर्मा, नेमी वर्मा, टोपेन्द्र वर्मा, केशव नायक, चित्रेन वर्मा, राजेंद्र वर्मा, योगेश वर्मा, शांतिलाल वर्मा, पुनीत वर्मा सहित समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

सर्व क्षत्रिय कुर्मी समाज के बेमेतरा जिला महामंत्री बनने के बाद नरेंद्र वर्मा ने कहा कि महिलाएं परिवार बनाती हैं, परिवार घर बनाता हैं, घर समाज बनाता हैं और समाज ही देश बनाता हैं। इसका सीधा-सीधा अर्थ यही हैं कि महिलाओं का योगदान हर जगह हैं। महिलाओं की क्षमता को नज़र अंदाज करके समाज की कल्पना करना व्यर्थ हैं। शिक्षा और महिला ससक्तिकरण के बिना परिवार, समाज और देश का विकास नहीं हो सकता।

युवा वर्ग समाज की होती है रीढ़ : चंद्राकर

जिला कोषाध्यक्ष गैंदलाल चंद्राकर ने कहा कि युवा समाज की रीढ़ होती हैं। युवा समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। युवा देश का वर्तमान हैं, तो भूतकाल और भविष्य के सेतु भी हैं। युवा समाज के जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं। युवा गहन ऊर्जा और उच्च महत्वाकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं। उनकी आंखों में भविष्य के इंद्रधनुषी स्वप्न होते हैं। समाज को बेहतर बनाने में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता हैं।

शिक्षक हेमंत कुमार को नई दिल्ली में डा. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। समता साहित्य अकादमी भारत द्वारा नई दिल्ली के बंग संस्कृति भवन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कांफ्रेंस, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ डी.एस.तांडेकर की अध्यक्षता में किया गया। यह अकादमी का 15वां राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन 2023 नई दिल्ली में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। इस कार्यक्रम में पूरे भारतवर्ष के साथ नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, ब्लूचिस्तान के साहित्यकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम पूर्ण रूप से भारतीय संस्कृति से रूबरू करवा रहा था।सारे प्रदेशों की संस्कृति, लोकगीत, नृत्य, पहनावा इत्यादि के संगम ने संपूर्ण भारत वर्ष के दर्शन एक ही छत के नीचे करवा दिए। चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए। गीतकार , लेखक, शिक्षक, साहित्यकार, पत्र कार, नृत्यकार एवं समाजसेवकों को अकादमी द्वारा सम्मानित किया गया।इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ से शिक्षक हेमंत कुमार साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय केड़ार विकास खण्ड -सारंगढ़ जिला -सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छत्तीसगढ़) को दुपट्टा, प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी प्रदान कर शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए 'डॉ एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय पुरस्कार' से नवाजा गया।

छत्तीसगढ़ियों के स्वाभिमान के रक्षक हैं भूपेश बघेल : रेगे

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के लोगों के संस्कृति, लोकपर्व, आस्था और जनभावनाओं के अनुरूप खरे उतर रहे हैं. गोविंद नारायण रेगे प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद ने कहा छत्तीसगढ़ के सबसे पहले त्यौहार हरेली को जिस वृहद रूप से आयोजित कर के उन्होंने छत्तीसगढ़ियों के स्वाभिमान को महत्त्व दिया है. वो छत्तीसगढ़ के संस्कृति की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है...ये विगत 15 साल के सरकार में विलुप्त हो चुकी छत्तीसगढ़ के लोकपर्व के पुनर्जीवित होने की स्वर्णिम शुरूवात है..आज हर

छत्तीसगढ़िया अपने लोक कला, संस्कृति, लोक पर्व,तीज त्योहार को अपने और नजदीक पा के प्रफुल्लित है..छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री पा कर छत्तीसगढ़ की जनता को सही मायनों में अपने संस्कृति को सहेजने का मौका मिला है। छत्तीसगढ़ के पहले त्यौहार हरेली के अवसर पर छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक का शुभारंभ कर उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की कॉग्रेस सरकार छत्तीसगढ़िया लोगों के लिए कृत संकल्पित है,गांव गांव में राज्य सरकार द्वारा गठित राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा आयोजित पारंपरिक खेल का आयोजन भी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के दूरगामी सोच को दर्शित करता है कि वे ठेठ छत्तीसगढ़िया हैं।और उन्होंने सच मे धरातल पर छत्तीसगढ़ के संस्कृति, लोक कला ,तीज त्योहार के रक्षक के रूप मे काम किया है।

मॉर्डन इंग्लिश स्कूल में हुई शतरंज व कैरम प्रतियोगिता

भाटापारा/नवप्रदेश। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में शतरंज व कैरम खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कक्षा तीसरी से आठवीं तक दो समूहों में रखी गई इस प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया और सभी विजेता बच्चो को शाला प्रबंधन ने बधाई दी।

संस्था की प्राचार्य श्रीमती प्रीति तम्हाने ने बताया की शतरंज खेल का प्रमुख उद्देश्य बच्चों के अंदर गणित और विज्ञान जैसे कठिन विषयों पर अच्छी पकड़ को मजबूत बनाना है, इसके साथ ही यह खेल विद्यार्थियों को गहराई से सोचने और खोज करने की प्रवृत्ति को बढ़ाने में सक्षम है। उसी प्रकार कैरम एक ऐसा खेल है जो न सिर्फ मनोरंजन करता है बल्कि बच्चों को लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर उसे हासिल करने की कला भी सिखाता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह प्रतियोगिता रखी गई थी। सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। यह प्रतियोगिता बालक व बालिका वर्ग में रखी गई।

शतरंज खेल प्रतियोगिता में प्रथम समूह कक्षा तीसरी से पांचवी बालक वर्ग में प्रथम स्थान ब्रीलिएंट सदन से राहील मोहम्मद, द्वितीय स्थान मारबलस से मोहम्मद अमान को मिला। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान जीनियस सदन से मान्या साहू, द्वितीय स्थान ब्रिलियंट सदन से निशिका अग्रवाल को मिला। द्वितीय समूह कक्षा छठवीं से आठवीं, बालक वर्ग में प्रथम स्थान फैंटास्टिक सदन से लक्की ध्रुव, द्वितीय स्थान जीनियस सदन से राहुल साहू को मिला। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान फैंटास्टिक सदन से हेमा साहू, द्वितीय स्थान जीनियस सदन से खनक दास को मिला।

कैरम प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से पांचवी बालक वर्ग में प्रथम विजेता ब्रिलियंट सदन से दक्ष देवांगन व स्वयं सोनी, द्वितीय विजेता जीनियस सदन से प्रत्युष साहू व युग बंजारे रहे। बालिका वर्ग में प्रथम विजेता जीनियस सदन से उमा चक्रधारी व हर्षिता जायसवाल, द्वितीय विजेता फैंटास्टिक सदन से शुभी देवांगन व हनी ध्रुव रही। कक्षा छठवीं से आठवीं बालक वर्ग में प्रथम विजेता ब्रिलियंट सदन से तुषार गुजरतिया व अमन सोनी, द्वितीय विजेता मार्बल सदन से कुणाल साहू व अनमोल सिंह ठाकुर रहे। बालिका वर्ग में प्रथम विजेता जीनियस सदन से खनक दास व रिया जोशी, द्वितीय विजेता ब्रिलिएंट सदन से मीनल यादव व श्रेया साहू रही। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल शिक्षकों व शाला परिवार का सहयोग रहा। सभी विजेताओं को शाला परिवार की ओर से प्राचार्य प्रीति तम्हाने ने बधाई दी।

माईनर एक्ट के तहत 12 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा बेमेतरा जिलें में लगातार माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर रही है। जिसके तहत 18 जुलाई को बेमेतरा जिलें के समस्त थाना/चौकी के द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना नांदघाट 2 प्रकरण मे 2 व्यक्ति, थाना नवागढ़ 2 प्रकरण मे 2 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 2 प्रकरण मे 3 व्यक्ति, थाना बेरला 1 प्रकरण मे 5 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 107,116 (3), 151 जा.फौ. के तहत कुल 7 प्रकरण में 12 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

26 पौवा देशी शराब जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं, जिसके तहत 18 जुलाई को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। आरोपी अरूण कुमार कोसले पिता राजू राम कोसले उम्र 25 साल साकिन बाजारपारा बेमेतरा से 26 पौवा देशी मसाला शराब कीमती 2860 रूपये, बिक्री रकम 400 रूपये कुल जुमला 3260 रूपये जप्त कर कार्यावाही किया गया हैं।

सायबर सेल व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 92 पौवा शराब जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं, जिसके तहत 18 जुलाई को थाना चंदनू के ग्राम खम्हरिया में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। आरोपी अशोक मांडले पिता झाडू राम मांडले उम्र 45 साल निवासी खम्हरिया से 92 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब कीमत 11040 रूपये जब्त कर कार्रवाई किया गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही थाना चंदनू प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कश्यप, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, सुशील वैष्णव, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, दिनेश साहू, घनश्याम साहू एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्री निर्मल दास
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202307100400147

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री निर्मल दास आ. स्व. नारायण चंद्र दास निवासी औद्योगिक नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
नगपुरा प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग	1325/12	0.0116हे. 1250 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती स्वाति विश्वनाथ
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202307100400147

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती स्वाति विश्वनाथ पति श्री निर्मल दास निवासी औद्योगिक नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
नगपुरा प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग	1325/27	0.0116हे. 1250 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि. मंडल की उत्तरवर्ती कम्पनी) सी.आई.एन-U40108CT2003SGC015820
पता-कार्या. कार्यपालन अभियंता (उपकेंद्र) संभाग, जगदलपुर, नीदम रोड, GSTIN-22AADCC7731E1ZX
E-mail Id:- eessdnjagdalpur@gmail.com फोन/फैक्स नं.- 07782&222317

क्र. 12-24/क्रय/वाहन/निविदा/421 जगदलपुर दिनांक : 18.07.2023

//निविदा आमंत्रण सूचना//

"लाईट कॉमर्सियल वाहन पिकअप (क्षमता 2.7 से 3.6 टन) वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु"

अधीन विभिन्न उपकेन्द्रो के तकनीकी सामग्रियो के परिवहन एवं मैदानी कार्यो के लिये लाईट कॉमर्सियल वाहन, वाहन चालक सहित डीजल चलित 01 नग पिकअप (क्षमता 2.7 से 3.6 टन) वाहन अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध **(एक वर्ष)** हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारो से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं ।

निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय
दिनांक 07.08.2023 समय 03:00 बजे तक	दिनांक 08.08.2023 समय 03:00 बजे तक	दिनांक 08.08.2023 समय 04:00 बजे

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट **http://cspc.co.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं। S.-37776/3

कार्यपालन यंत्री (उपकेन्द्र) संभाग छ.ग.स्टे.ट्रांस.लिमि. जगदलपुर

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएं

यूनियन बैंक Union Bank of India — **देवपुरी शाखा, भाटिया पेट्रोल पम्प के सामने**

कब्जा नोटिस नियम 8 (1)

सेक्युरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सेक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **शाखा: देवपुरी, रायपुर** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित धारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों की निम्नलिखित तिथियों में डिमांड नोटिस में दर्शायी गई राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया था. उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम-9 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को कर लिया गया है ।

विशेष रूप से उधारकर्ता/जमानतदार व बंधककर्ता और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें । निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि ब्याज, आकस्मिक खर्च एवं लागत और शुल्क के लिये **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** कि संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अधीन होगी ।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये ध्यानाकर्षित किया गया है ।

अ. उधारकर्ता का नाम ब. शाखा का नाम	संपत्तियों का विवरण	1. मांग सूचना की तिथि 2. मांग सूचना राशि रु 3. कब्जे की तिथि
अ. श्रीमती दिव्या आहूजा पति- नरेश आहूजा, मंगल फेब्रिकेशन के पास, अमलीडीह, रायपुर-492001. ब. देवपुरी शाखा, रायपुर	अमलीडीह, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 46, रायपुर, क्षेत्रफल- 0.012 हेक्टेयर, में स्थित खसरा नं. 18/40, 20/26, 117/120 एवं 118/16, प.ह.नं. 114.	07.05.2021 ₹ 6,47,838.45 + 01.04.2021 से ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क 15.07.2023

दिनांक: 15.07.2023, स्थान: रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-सक्ती (छ.ग.)
E-mail ID- cmoadbhar2@rediffmail.com, cmoadbhar@gmail.com
क्रमांक/019/लो.नि.वि./न.पं./2023-24 अड़भार, दिनांक 19/07/2023

-:: रूचि की अभिव्यक्ति ::-

राज्य शासन द्वारा सामुदायिक शौचालयों के रख रखाव हेतु **'स्वच्छता श्रंगार'** योजना के तहत निकाय द्वारा निर्मित 02 नग सार्वजनिक शौचालयों (वार्ड क्र. 02 भारनी तालाब के पास एवं वार्ड क्र. 13 बिजली ऑफिस के पास) का रख रखाव एवं संचालन कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित अर्हताधारी अशासकीय संगठनों, स्व-सहायता समूह/एन.जी.ओ. से रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) मोहरबंद लिफाफा में दिनांक 02.08.2023 को सायं 3.30 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से की जाती हैं। प्रस्तुत ऑफर दिनांक 02.08.2023 को सायं 4.30 बजे उपस्थित एन.जी.ओ./स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष/ अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जावेगा। अमानत राशि 5000/- रू. (प्रत्येक शौचालय) का एफ.डी.आर. जो मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत अड़भार के पक्ष में देय हो जमा किया जाना होगा।

विस्तृत नियम एवं शर्ते संलग्न। शीट संख्या आदि की जानकारी ऑफर प्रस्तुत करने के दिनांक तक कार्यालय तथा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत अड़भार

पिछड़ा समाज पार्टी यूनाईटेड छग में पूरे 90 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

- पार्टी ने जारी किए चुनावी एजेंडा, विकास में पिछड़े व शोषित वर्ग के
- दम-खम पर बनाएंगे सरकार : गिरधर मढ़रिया

दुर्ग/नवप्रदेश। पिछड़े और शोषित लोगों के लिए लंबे समय से संघर्षरत पिछड़ा समाज पार्टी यूनाईटेड छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पूरे 90 सीटों पर पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी। जिसके लिए पार्टी ने कांग्रेस-भाजपा को पीछे छोड़ते हुए बुधवार को अपने चुनावी एजेन्ड की घोषणा भी कर दी है। 7 बिंदुओं पर आधारित पार्टी के चुनावी एजेन्डे में प्रदेश में बेहतर शिक्षा, चिकित्सा, किसान, युवा बेरोजगार, महिलाएं, सरकारी कर्मचारियों एवं भ्रष्टाचार के मुद्दे को प्राथमिकता के साथ शामिल किया गया हैं।

पिछड़ा समाज पार्टी यूनाईटेड चुनाव के ठीक एक माह पहले प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। टिकट बेहतर छवि के आधार पर जीतने वाले प्रत्याशियों को दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में यह चुनाव पार्टी समान विचारधारा वाले अन्य क्षेत्रीय व स्थानीय पार्टियों से गठबंधन कर लड़ेगी। पार्टी द्वारा प्रदेश में विकास से पिछड़े एवं शोषित वर्ग के 95 प्रतिशत जनता के बदौलत छत्तीसगढ़ राज्य में सरकार बनाने का दावा किया गया है। यह बातें पिछड़ा समाज पार्टी यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरधर मढ़रिया ने बुधवार को दुर्ग में मीडिया से चर्चा में कही है। इस दौरान पार्टी के युवा नेता ध्रुवकुमार सोनी (लंगूर), मानक सिंह, धर्मराज सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। चर्चा में पिछड़ा समाज पार्टी यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरधर मढ़रिया ने कहा कि पिछड़ा समाज पार्टी का अर्थ पिछड़ा वर्ग से नहीं है,बल्कि विकास से पिछड़े, शोषित व उपेक्षित लोगों की पिछड़ा समाज पार्टी यूनाइटेड आवाज हैं। पार्टी के छत्तीसगढ़ में करीब 50 हजार सदस्य है। पार्टी का विस्तार 10 प्रदेशों में हो चुका हैं। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड में पार्टी विधानसभा व लोकसभा चुनाव लड़ चुकी है। जिसमें पार्टी प्रत्याशियों को जनता का अच्छा रिस्पांस मिल चुका है। पार्टी के बढ़ते जनाधार के लिहाज से इस बार छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पूरे 90 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का फैसला किया गया है। मढ़रिया ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी घोषणा पत्र तैयार किया गया है। जिसमें प्रदेश में निःशुल्क शिक्षा, चिकित्सा सुविधा, प्रत्येक जिले में एम्स स्टेण्डर्स की चिकित्सा सुविधा, किसान आपदा कोष की स्थापना, भ्रष्टाचार विरोधी आयोग की स्थापना, नौकरियों में बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता,संविदा भर्ती को समाप्त कर सरकारी विभागों में नियमित कर्मचारियों की भर्ती, सरकारी संस्थानों के निजीकरण के विरोध के मुद्दे को शामिल किया गया है।पिछड़ा समाज पार्टी यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरधर मढ़रिया ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। दोनो पार्टी एक दूसरे पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाती हैं, लेकिन वे आरोपों को परिणाम तक नहीं ले जाती है। जिससे भ्रष्टाचार के आरोप केवल राजनीतिक मुद्दा ही बनकर रह जाते हैं। जिसके लिए कांग्रेस व भाजपा दोनो बराबर की जिम्मेदार है। मढ़रिया ने भूपेश बघेल सरकार के नरवा-घुरवा व बाड़ी योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ियों के हित के लिए यह योजना लागू की गई है, लेकिन योजना का सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से लोगों को योजना का सही ढंग से लाभ नहीं मिल पा रहा है।

गोबर से बनी राखियां विदेशों में भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी

- राखियों की जनप्रतिनिधियों ने की सराहना
- मुंबई,चित्तौड़गढ़ के अलावा दुर्ग गौठान में बनी राखी की डिमांड

दुर्ग/नवप्रदेश। 19 नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पुलगांव गोकुल नगर स्थित गौठान मे कल्याणम महिला स्व सहायता समूह गौठान श्री राधे गौधाम में गोबर से राखी बनाने का कार्य किया जा रहा है,विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,सभापति राजेश यादव ने समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गए उत्पादों की तारीफ की और उन्हें शुभकामनाएं दी।समूह की महिलाओं ने बताया कि इस बार मांग अधिक है।मुम्बई और चितौरगढ़ के अलावा अन्य नगरों के व्यापारियों की ओर से अबतक 18000 हज़ार से अधिक की राखियों के ऑर्डर मिल चुके हैं।रक्षाबंधन पर भाइयों की कलाइयों पर गोबर से बनी राखी (एक प्रकार की गोबर) से बनीं राखियां सजेंगी।रंग-बिरंगी और विभिन्न आकार की राखियों के आर्डर मिल रहे है।दुर्ग के पुलगांव स्थित गौठान मे कल्याणम महिला स्व सहायता समूह पुलगांव गौठान श्री राधे गौधाम में बन रही है राखी,समूह द्वारा गोबर से बनी आकर्षक राखी बनाया जा रहा है, पुलगांव स्थित शहरी गौठान अभी 450 गौवंशों के साथ संचालित हो रही है एवं महिला समूह द्वारा वर्मी कम्पोस्ट,मत्स्य पालन,मुर्गी पालन एवं गोबर से निर्मित उत्पादों पर कार्य किया जा रहा है एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप एक आत्मनिर्भर गौठान बन चुका है।गौठान मे बनी राखी का ऑर्डर अभी चित्तौरगढ़ एवं मुंबई से आ चुका है एवं अभी अन्य जगहों से भी ऑर्डर आने वाले है।गोबर से बनी राखी मे समूह द्वारा यह संदेश भी दिया जा रहा है कि रक्षा सूत्र के तहत गौवंशों की रक्षा का संकल्प हर आम जनता को लेना चाहिए एवं इस रक्षाबंधन प्रत्येक बहन अपने भाइयों को हमारे गौठान मे निर्मित राखी पहना कर अप्रत्यक्ष गौसेवा मे अपनी भागीदारी दें। लोग गायों का सम्मान करते हैं,इसलिए गाय के गोबर और औषधीय बीजों से राखी बनाई जा रही है. गोबर को धूप में अच्छी तरह सुखाया जाता है, जिससे गोबर की गंध 95 प्रतिशत तक दूर हो जाती है.

दस रोज तकरीर का आयोजन ईदगाह मैदान में 20 से 28 जुलाई तक

दुर्ग/नवप्रदेश। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के तत्वावधान में हर साल की तरह इस साल भी 10रोज तकरीर (प्रवचन) का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है 20 जुलाई गुरुवार से 28 जुलाई शुक्रवार रात 10:00 बजे से रोज तकियापारा ईदगाह मैदान दुर्ग में होगा, जिसमें मुस्लिम समाज को खिताब करने मुफ्ती अनवार हुसैन बांदा उत्तर प्रदेश से आ रहे हैं जिनका तकरीर (प्रवचन) कार्यक्रम 1 मोहर्रम से 10 मोहर्रम तक होगा और साथ ही साथ इस वर्ष पैगंबर साहब के वंशज आले नबी औलादे अली फर्जद ए गौसे आजम हुजूर ताजुल औलिया हजरत सैयद मोहम्मद जलालुद्दीन अशरफ अशरफी उल जिलानी कादरी मियां भी इस कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी के सेक्रेटरी जुनैद लाल आजमी ने बताया । मोहर्रम का कार्यक्रम विगत 65 वर्षों से दुर्ग में लगातार आयोजित किया जा रहा है. जो इस वर्ष भी 10 दिन तकरीर (प्रवचन) का कार्यक्रम होगा. कार्यक्रम रात्रि 10:00 बजे से शुरू होगा और 11:00 बजे समाप्त होगा इस कार्यक्रम में हमारे पैगंबर साहब के वंशज मुस्लिम धर्मगुरु सैयद मोहम्मद जलालुद्दीन अशरफ कादरी मियां साहब किछौछा शरीफ(उ.प्र) तशरीफला रहे हैं. जो 2 दिन के लिए दुर्ग शहर में उपस्थित रहेंगे. जिसमें उनका 2 दिन तकरीर (प्रवचन) का कार्यक्रम होगा. जो 28 जुलाई शुक्रवार और 29 जुलाई शनिवार को होगा, जिसमें दुर्ग ही नहीं सभी जिलों के मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित होंगे हजरत साहब के मानने वाले मुस्लिम ही नहीं सभी समाज के लोग हैं. हजरत के आने से मुस्लिम समाज में काफी खुशी क माहौल है 10 मोहर्रम यौमे आशूरा के दिन कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे से होगा.

भारत सरकार और प्रजापिता ईश्वरीय विवि का नशा मुक्त भारत अभियान

दुर्ग/नवप्रदेश। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर, बघेरा द्वारा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बघेरा में व्यसन मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी खुशबू बहन ने कहा कि मन में उठने वाले व्यर्थ एवं नकारात्मक विचारों के कारण हमारा मन कमजोर होते जाता है। कमजोर मन जीवन में छोटी सी चुनौतियां आने पर भी तनावग्रस्त हो जाता है। तनाव से बचने के लिए लोग कोई ना कोई नशे का सहारा लेने लगते हैं और धीरे-धीरे इसके आदी हो जाते हैं। यदि हम थोड़ा भी समय निकालकर राजयोग का अभ्यास करते हैं तो हमारा मन शक्तिशाली हो जाता है। छात्र जीवन में सफल होने के लिए एकाग्रता बहुत जरूरी है। राजयोग के अभ्यास से एकाग्रता की शक्ति बढ़ती है। जो हमारी स्मरण शक्ति को तेज कर देता है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए ब्रह्माकुमारी कामिनी बहन ने कहा कि भारत सबसे प्राचीन एवं महान देश है। यह भूमि हजारों ऋषि-मुनियों की तपोभूमि है। हजारों महात्माओं की कर्मभूमि है। इससे भी बढ़कर स्वयं भगवान की अवतरण भूमि है। हमने यहां जन्म लिया है यह हम सबका सौभाग्य है । किसी विदेशी विचारक ने कहा था कि कई जन्मों के पुण्य कर्मो के फल स्वरुप भारत भूमि मे जन्म मिलता है। तो क्या हम सभी अपने को इतने भाग्यवान समझते हैं? नहीं ना? अगर हम अपने को भाग्यशाली समझते तो नशा जैसे तुच्छ चीजों का सेवन नहीं करते। कभी-कभी हम अपनी मित्रों के दबाव में आकर भी नशीली पदार्थों का सेवन कर लेते हैं। लेकिन सच्चा मित्र तो वह है जो जीवन को अच्छा बनाने का मार्ग दिखाएं । जो जीवन को बर्बादी के मार्ग पर ले जाए वह सच्चा मित्र नहीं हो सकता। हमें ऐसे मित्रों की परवाह नहीं करनी चाहिए। हमें ना कहना सीखना चाहिए। अंत में ब्रह्माकुमारी कामिनी बहन जी ने सभी को आजीवन नशा मुक्त रहने और नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। इसी कड़ी में जे. आर. डी. उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मैं भी नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मानसिक शांति की अनुभूति कराई

इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रेणुका बहन, ब्रह्माकुमारी खुशबू, ब्रह्माकुमारी कामिनी, डॉ पंखुड़ी चतुर्वेदी, ब्रह्माकुमार थानेश्वर एवं ब्रह्मा कुमार दाऊ द्वारा विभिन्न क्लासों में छात्र छात्राओं को व्यसन के कारण उससे होने वाले दुष्प्रभाव एवं नशा मुक्ति के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। नशा मुक्त रहने एवं नशा मुक्त भारत बनाने का शपथ भी छात्र-छात्राओं को दिलाया गया । कार्यक्रम को स्कूल के प्राचार्य बंछोर ने भी संबोधित किया उन्होंने इस कार्यक्रम को बच्चों के लिए बहुत लाभदायक बताया और इस आयोजन के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों का आभार जताया। कार्यक्रम का कुशलता पूर्वक संचालन ब्रह्माकुमार दाऊ भाई ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार दुर्ग के लिए जारी होगी 10 करोड़ की राशि

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आगामी चुनाव से पहले हो रहे अंतिम मानसून सत्र के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया, लोनिवि मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव से शहर के निर्माणाधीन विकास कार्यो व स्वीकृत राशि के विषय में गहन चर्चा की। वोरा ने निकाय मंत्री डहरिया से पुलगांव नाला डायवर्सन, ठगड़ा बांध पर्यटन स्थल, अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क, जेआरडी स्कूल संधारण, 15वें वित्त व अमृत मिशन के अधूरे कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का आग्रह किया साथ ही विकास कार्यो हेतु सीएम भूपेश बघेल द्वारा स्वीकृत की गई 10 करोड़ की राशि जल्द से जल्द स्वीकृत करने को कहा जिस पर निकाय मंत्री डहरिया ने तत्काल कार्यवाही करते हुए अधिकारियों को राशि जारी करने के निर्देश दिए। लोनिवि मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू से वोरा ने जेल चौक से मिनीमाता चौक चौड़ीकरण, महाराजा चौक से बोरसी मार्ग चौड़ीकरण हेतु जल्द पहल करने का आग्रह किया।

अवैध पोस्टर-होर्डिंग हटाने निगम ने चलाया अभियान

- अलग-अलग स्थानों से हटाए गए होर्डिंग एवं पोस्टर

भिलाई/नवप्रदेश। शहर के शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों में लगे हुए अवैध होर्डिंग/पोस्टर को हटाने के लिए भिलाई निगम ने अभियान छेड़ दिया है। इसके लिए जोन क्षेत्र के सहायक राजस्व अधिकारी अपने टीम के साथ मिलकर एवं आवश्यक संसाधनों के साथ शहर का निरीक्षण करते हुए अवैध पोस्टर व होर्डिंग को हटाने की कार्रवाई कर रहे है। मुख्य रूप से विद्युत पोल एवं डिवाइडर तथा सड़को के किनारे लगे हुए अवैध पोस्टर/होर्डिंग को प्राथमिकता के तौर पर हटाया जा रहा है। लगाने वालो से सम्पर्क कर कड़ी हिदायत भी दी जा रही है। कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा के निर्देश के बाद आयुक्त रोहित व्यास ने तत्परता दिखाते हुए निगम के राजस्व विभाग को इस पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये है। निर्देश के परिपालन में प्रत्येक जोन के राजस्व विभाग अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध पोस्टर/होर्डिंग को हटाने के लिए अभियान चला रहे है। जिसके चलते आज शहर से अवैध पोस्टर/होर्डिंग हटने लगे है, अवैध तरीके से लगाये हुए पोस्टर/होर्डिंग के कारण शहर की सुंदरता पर भी प्रभाव पड़ता है, वही एक्सीडेंट की संभावनाये भी बड़ जाती है, आवागमन में भी लोगो को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन सभी कारणों से अवैध होर्डिंग/पोस्टर पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है तथा जुर्माना भी वसूल किया जा रहा है। इसके साथ ही लगाने वालो को चेतावनी भी दी जा रही है। ओम शांति ओम चौक से भगवा चौक तथा बोगदा नंदनी रोड तक एवं भगवा चौक से कुरूद होते हुए अवंती बाई चौक तक संपत्ति विरूपण की कार्रवाई करते हुए बैनर पोस्टर एवं होर्डिंग हटाए गए।

जून माह में मिल रहा है संपत्तिकर में 5 प्रतिशत छूट का फायदा

भिलाई/नवप्रदेश। जून माह में संपत्तिकर में 5% छूट का फायदा करदाताओं को मिल रहा है। इसका लाभ उठाकर करदाता संपत्तिकर जमा कर सकते हैं। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने संपत्तिकर विभाग के अधिकारी तथा एजेंसी श्री साई पब्लिकेशन एवं स्टेशनर्स की बैठक लेकर संपत्तिकर की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि संपत्तिकर की वसूली की प्रतिदिन प्रोग्रेस में बढ़ोतरी की जाए, लोगों को संपत्तिकर में मिलने वाली छूट के बारे में बताया जाए तथा अधिक से अधिक वसूली की जाए। उन्होंने एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि डोर टू डोर वसूली में भी तेजी लाएं। वार्ड क्षेत्रों में घरों में पहुंचकर करदाताओं से संपत्तिकर, जलकर, यूजर चार्ज, शिक्षा उपकर, भू भटक आदि की वसूली करे। वसूली की जानकारी से विभाग को भी अवगत कराने के लिए निर्देशित किया गया है ताकि इस आधार पर समय-समय पर वसूली की समीक्षा की जा सके। गौरतलब है कि नगर पालिक निगम भिलाई में अप्रैल और मई में 6.25% की छूट मिली थी। जून और जुलाई में 5त्न की छूट, अगस्त और सितंबर में 4प्रतिशत की छूट तथा अक्टूबर और नवंबर में 2% की छूट का लाभ करदाताओं को दिया जा रहा है। जैसे-जैसे अप्रैल माह से अगले माह में करदाता संपत्तिकर जमा करेंगे वैसे-वैसे करदाताओं को कम छूट मिलेगा।

बरसात में भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की रही धूम

भिलाई/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के खेलों में शामिल होने के लिए लोगों में भारी उत्साह है। बरसात में भी खेल को लेकर लोग मैदानों में उमड़ रहे हैं। स्पॉट पर ही पंजीयन की व्यवस्था है, जिस किसी को भी खेल में शामिल होना है वह मैदान पर ही पंजीयन कराकर खेल में शामिल हो सकते हैं। विजयी प्रतिभागी को अगले खेल में शामिल होने का मौका मिलेगा तथा जीत मिलने पर पुरस्कार भी दिया जाएगा। अलग-अलग चरणों में खेल हो रहे हैं इस बार कुश्ती और रस्सी कूद को भी खेल में शामिल किया गया है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर सभी जोन क्षेत्रों में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के खेल हो रहे हैं। राजीव युवा मितान स्तर पर प्रथम चरण, जोन स्तर पर द्वितीय

चरण, निकाय स्तर पर तृतीय चरण, जिला स्तर पर चतुर्थ चरण, संभाग स्तर पर पंचम चरण एवं राज्य स्तर पर छठवां चरण का खेल होगा। प्रथम चरण के विजेता द्वितीय चरण में तथा द्वितीय चरण के विजेता तृतीय चरण में इस प्रकार से छठवे चरण तक के खेल में विजेता पहुंच सकते हैं और पुरस्कार हासिल कर सकते हैं। विजेताओं को पुरस्कार राशि के इंतजाम है। बच्चे, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में शामिल होकर खेल का आनंद ले रहे हैं तथा विजेता बनने का प्रयास कर रहे हैं। भिलाई निगम में वार्ड 59 मार्केट के पास डोम शेड, एसपीए सड़क स्थित मैदान में, आईटीआई मैदान में, जेपी स्कूल बैकुंठ धाम में, शांति नगर दशहरा मैदान में, वृंदा नगर वार्ड कार्यालय के सामने, अंबेडकर नगर स्कूल ग्राउंड, हाउसिंग बोर्ड मैदान एवं फरीदनगर मैदान के अलावा अन्य स्थानों में भी ओलंपिक खेल के आयोजन किए जा रहे हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 4651 दिनांक 19.07.2023
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651A00075 जो कि निगम अभिलेख में श्री GUPTESHWAR SHARMA पिता श्री ....के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती 1. Shiv Sharma 2. Santosh Sharma 3. Sunil Sharma 4. Devidayal Sharma 5. Ghanshyam 6. Babita Sharma पिता/पति श्री/श्रीमती S/o Late Gupteshwar Sharma 6.W/o Late Poonam Sharma ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ Sapath Patra, mrityu praman patra **एवं टैक्स रसीद** वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 4671 दिनांक 19.07.2023
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR447B00070 जो कि निगम अभिलेख में श्री, श्रीमती VIBHA TIWARI पिता श्री/श्रीमती N.P. TIWARI के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती 1. Yogesh soni 2. Khushboo Soni पिता/पति श्री/श्रीमती 1. Chetan Kumar soni 2. Yogesh Soni ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 4206 दिनांक 19.07.2023
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446JO5831 जो कि निगम अभिलेख में श्री, श्रीमती PRAFFUL BHUSARI, BHAVESH BHUSARI पिता श्री/श्रीमती LT. GOPAL BHUSARI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती RAMESH KUMAR SHIVANI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O TRILOKCHAND SHIVANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 4411 दिनांक 19.07.2023
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446N0922A जो कि निगम अभिलेख में श्री, श्रीमती M/S DREAM GROUP KISHOR JAIN, KRISHNA LAKHOTIYA पिता श्री/श्रीमती FAKIRCHAND, VIJAY KUMAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SMT. PRAMILA PATLE पिता/पति श्री/श्रीमती W/O GANGA RAM PATLE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 4469 दिनांक 19.07.2023
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651J0545C जो कि निगम अभिलेख में श्री, श्रीमती VIJAY KHANT पिता श्री/श्रीमती JAYANTILAL KHANT के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SMT. HAILEENA LOYAL पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHRI CHHAGAN LAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब-121 वर्ष 22-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम चरोदा प.ह.नं. 9 रा.नि.मं. चरोदा तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र कुमार पिता तुलाराम निवासी चरोदा के द्वारा अपने माता समुंद बाई का मृत्यु दिनांक 08/03/2018 को हुआ है, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति नियत दिनांक 20/07/2023 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

सील

तहसीलदार
भिलाई-03

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 3
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला दुर्ग तहसील भिलाई 03 प.ह.न. 00012 कुम्हारी ग्राम के नामांतरण पंजी में प्र.क्र. आरडी 202223430217200025

ईश्तहार

तहसील भिलाई के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम कुम्हारी के वर्तमान भूमिस्वामी फारूख अहमद पिता पप्पू अहमद पता कुम्हारी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 498/15 (0.0020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शेर बानो पिता/पति पप्पू अहमद पता -बाजार चौक कुम्हारी तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/07/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई 3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/07/2023 को किया जाता है।

सील

तहसीलदार
उपतहसील-भिलाई 3

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला क्रमांक 202307103900014
विषय ब 121 मामले की श्रेणी राजस्व सन 22-23
सोमनी प.ह.नं. 00006 (हे.)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- बहारिन बाई
अनावेदक पक्षकार- छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बाहरीन बाई पति/पिता संत राम निवासी ग्राम सोमनी तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा भैया राम गोंड पिता स्व. सीताराम गोंड की मृत्यु स्थान एवं दिनांक ग्राम सोमनी तह. भिलाई 03 में 12/10/2008 हो जाने के पश्चात आवेदिका द्वारा भैया राम गोंड की मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण दर्ज

अतः उक्त प्रकरण के संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप में इस न्यायालय में नियत दिनांक 20/07/2023 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/07/2023 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
भिलाई-03

करोड़ों की लागत से बनी सड़क, 5 साल भी नहीं टिक पाई

शुभम दुबे

नवागढ़/नवप्रदेश। नवागढ़ विधानसभा में सबसे बड़ी मांग के तहत नारायणपुर से उमरिया तक की तकरीबन 68 किलोमीटर लंबी बनी एडीबी विभाग द्वारा बनाई करोड़ों की लागत की सड़क 05 साल भी नहीं चल सकी। सड़क के ध्वस्त होने के पीछे कमीशनखोरी और ओवर लोडिंग गाड़ियों को कारण बताया गया है। अब इस सड़क पर एक फीट गहरे तक गड्ढे हो गए हैं तो कई जगह एक साइड से पूरी तरह धस गई है। अभी तक प्रशासन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है ना ही इसके मरम्मत के लिए कोई कदम उठाए है।

दरअसल यह सड़क पूरे नवागढ़ विधानसभा के जीवन रेखा के रूप में बनाया गया था जोकि विधानसभा के प्रमुख गांव मारो, सम्बलपुर, नवागढ़, छिरहा एवं दाढ़ी को जोड़ती है। 68 किमी का पूरा दायरा नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत ही आता है, जिसके चलते यह सबसे मुख्य मार्ग बन जाता है। एक सिरा नारायणपुर में रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे तो वही दूसरा सिरा उमरिया में कवर्धा-सिमगा स्टेट हाइवे से जुड़ता है। इतने बड़े प्रोजेक्ट विधानसभा वासियों को जो आस थी वह अब ध्वस्त होती नजर आ रही है। निर्माण कार्य के महज 5 वर्षों के भीतर ही सड़क की जगह जगह दुर्दशा हो गई है। स्थिति ऐसी है कि यदि वाहन चालक थोड़ी भी लापरवाही करे तो गड्ढों के चलते कोई भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। आए दिन मोटरसाइकिल की भिड़ंत होना तो आम बात हो गई है।

दो कारणों से सड़क की बर्बादी

राहगीरों द्वारा इस मार्ग की बर्बादी दो कारणों से बतायी गई है। इसके निर्माण के लिए मिले बजट में से काफी पैसा कमीशनखोरी में गया ही, इसका असर कार्य की गुणवत्ता पर पड़ा। बेस इतना कमजोर डाला गया कि महज 05 साल के भीतर गड्ढे हो गये। दूसरा कारण इस रोड से बड़े ओवरलोड वाहनों का गुजरना है। बिलासपुर से कवर्धा के लिए ओवरलोड वाहन इस रास्ते गुजरते हैं। इस कारण भी सड़क शीघ्र टूट गई।

मारो से सम्बलपुर बीच सबसे खराब स्थिति, एक बार नही हुआ मरम्मत

क्षेत्र से जनपद पंचायत सदस्य मुचकुंद राजपूत व प्रेमु वर्मा ने कहा कि सबसे ज्यादा सम्बलपुर से मारो के बीच सड़क की स्थिति बदहाल है। एक साइड पूर्णतः खराब हो चुका है। बरसात के मौसम में इनमें पानी भरने से राहगीरों को काफी दिक्कत हुई थी। अक्सर वाहनों के बीच दुर्घटनाएं होती रहती है। लेकिन प्रशासन ने आज तक इसके मरम्मत के संबंध में कुछ ध्यान नहीं दिया जिसके चलते दिन-ब-दिन हालत बद से बदतर होते जा रही है।

बेरियर के नट बोल्ट ले गए चोर

इसी मार्ग पर संबलपुर से जैतपुरी के बीच अंधे मोड़ पर विभाग द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से लोहे के बैरियर बनाए गए थे लेकिन धीरे-धीरे इन बैरियर के नट बोल्ट स्कोर खोलकर चोर चुरा ले गए हैं। जिसके चलते पूरे लोहे के बैरियर जमीन पर पड़े हुए हैं या आधार पर लटके हैं। जल्द इन पर पुनः नट बोल्ट अगर नहीं लगाया गया तो धीरे-धीरे इन बैरियर को भी चोर निशाना बना सकते हैं।

> कागजों पर करोड़ों की सौगात बाटने वाले नवागढ़ के विधायक बनी हुई सड़कों को तो संभाल नहीं पा रहे हैं, नई सड़क क्या बनाएंगे। दुर्भाग्य है कि नवागढ़ विधानसभा की जीवन रेखा कहलाने वाली इस मुख्य मार्ग का आज तक एक बार भी मरम्मत तक नहीं हुआ। प्रशासन ने यदि जल्द ध्यान नहीं दिया तो इस मार्ग पर चक्काजाम कर आंदोलन किया जाएगा।
>
> **मधु राय , जिला महामंत्री, महिला मोर्चा बेमेतरा**

स्वयं सेवकों ने किया वृक्षारोपण

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत सरकार युवा कार्य कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में प्राचार्य डॉ बीएस चौहान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत मजगांव में 50 फलदार पौधों का रोपण किया गया।कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह परिहार गुप्ता द्वारा किया गया। अभियान के तहत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, महाविद्यालीन स्टाफ, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाएँ एवं ग्राम पंचायत सरपंच पंच उपस्थित थे।

कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिले की प्रत्येक पंचायत में कम से कम 75 पौधे लगाए जाएंगे एवं लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वृक्षारोपण मानव जीवन के लिए आवश्यक वृक्षों की वृद्धि ,पर्यावरण सुरक्षा और भूमि संरक्षण को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वृक्ष प्रकृति की देन है जो हमें ऑक्सीजन प्रदान करने वायुमंडल की सुरक्षा में मदद करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में सहायता करते हैं।

पौध पाठशाला में आज वृहद वृक्षारोपण

■ **चिरायु टीम द्वारा गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों का किया जायेगा सर्वे**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा के विशेष पहल पर विकासखण्ड गरियाबंद के ग्राम पंचायत जोबा में पौध पाठशाला विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जोबा के चिन्हांकित 5 एकड़ रकबे में 20 जुलाई को पौध पाठशाला में वृहद वृक्षारोपण किया जायेगा। कलेक्टर छिकारा ने वृक्षारोपण की सभी तैयारियों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश आज आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। पौध पाठशाला में 2 हजार 300 से अधिक विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया जायेगा। इसके अंतर्गत सजावटी, ईमारती, फलदार, औषधीय, मसाले एवं लता युक्त पौधों का रोपण किया जायेगा। इसमें रूद्राक्ष, चंदन, मेंहदी, नागचम्पा, गोल्डन साईप्रस, लौंग, तेजपत्ती, जायफल, सर्पगंधा, एलोवेरा, अश्वगंधा, काली मूसली, कालमेघ, नाशपती, बादाम, अंजीर, शहतूत, लीची, नीम, कुसुम, अशोक, अर्जुन, अंगुर, ड्रैगनफ्रूट एवं गुड़हल आदि पौधे रोपित किये जायेंगे। पौध पाठशाला में रोपित पौधों के प्रत्येक वर्ग के सामने पौधों के वैज्ञानिक नाम, गुण और उपयोगी जानकारी प्रदर्शित की जायेगी। इसके माध्यम से स्कूल, कॉलेज के बच्चों तथा आमजनों को विशिष्ट प्रकार के पौधों के बारे में जानकारी मिलेगी। जोबा के पौध पाठशाला में निर्धारित रकबे में फेंसिंग, सुरक्षा और पानी की उपलब्धता आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी। समय-सीमा की समीक्षा बैठक में डीएफओ मणिवासगन एस, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत एवं विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

सुनने, देखने और मानसिक बीमारी से पीड़ित बच्चों की होगी पहचान - कलेक्टर छिकारा ने गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें समुचित ईलाज सुनिश्चित कराने के लिए विशेष पहल की है। उन्होंने सुनने, देखने और मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चों की पहचान करने के लिए चिरायु टीम द्वारा सर्वे करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने ऐसे अस्वस्थ बच्चों का चिन्हांकन कर उनके पालकों की मौजूदगी में स्कूल में ही स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिये।

साथ ही स्कूल तक आने में असमर्थ बच्चों के घर तक जाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिये।

महिला समूहों को रीपा में देशी राखी बनाने के लिए करें प्रोत्साहित

कलेक्टर छिकारा ने आगामी रक्षाबंधन त्यौहार के मद्देनजर जिले में देशी राखियों के निर्माण के लिए आवश्यक कार्य योजना बनाने निर्देश दिये हैं। उन्होंने जिले में स्थापित महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) में स्वसहायता समूह की महिलाओं को रंग-बिरंगी, आकर्षक और देशी राखियां बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में राखी निर्माण के कार्य योजना पर तेजी से कार्यवाही करते हुए रक्षाबंधन त्यौहार से पहले राखियों के निर्माण और बाजार में उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। राखी निर्माण से जिले की स्वसहायता समूह की महिलाओं को अतिरिक्त आय का साधन प्राप्त होगा।

मोटा अनाज मिलेट्स को बढ़ावा देने माह भर कार्यक्रम करेगी भाजपा महिला मोर्चा

कवर्धा/नवप्रदेश। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस वर्ष को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोटा अनाज (मिलेट्स)वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय हुआ. इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने इस जुलाई माह को मोटा अनाज को बढ़ावा देने और प्रचारित करने के उद्देश्य से मोटा अनाज माह के रूप में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया. जिसके अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के आव्हान पर और मिलेट्स कार्यक्रम की प्रभारी लक्ष्मी साहू के निर्देशन में कवर्धा जिले के ग्राम अमलीडीह में एक कार्यक्रम किया गया. जिसमें बहनों को मोटा अनाज के बारे में प्रेरित कर चने का बेसन से लड्डू बनाकर एवम् मक्के का चिप्स, कोदो चावल का उपयोग करके शुगर को कंट्रोल किया जा सकता है और इसके फायदे के बारे में बताया गया. महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सतविंदर पाहुजा ने बताया कि हमारे देश के यशश्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी का मोटा अनाज का उत्पादन और उपयोग को सार्थक बनाने के लिए हम सभी को अपना योगदान देना है और इसका प्रचार कर इसके महत्व को बताना है. इसी कड़ी में महिलाओं और बच्चो को मिलेट को आहार में शामिल करने एवम उसके फायदे के विषय मे जागरूक करने के लिए आज भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कवर्धा ग्रामीण मण्डल के अमलीडीह के आंगनबाडी केंद्र मैं बच्चो एवं गर्भवती महिलायो को मोटा आनाज की जानकारी दी और मोर्चा की बहनो द्वारा कोदो चावल की खीर, अन्य व्यजन बना कर वितरण किया गया. इस अवसर पर जिला महामंत्री सविता ठाकुर, डॉ भारती गुप्ता,ज्योति चंद्राकर, चेतना सिंह, लता बेस, निशा साहू, रौशनी मण्डल अध्यक्ष कवर्धा ग्रामीण दसरी ठाकुर, संतोषी जायसवाल उपस्थित थे.

एप्पल वैली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रोपे पौधे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मोहारा-कलड़बरी एप्पल वैली पब्लिक स्कूल में पौधा रोपने का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में डायरेक्टर आरएस जॉन और पेरेंट्स एसोसियेशन के मेंबर्स, शिक्षक एवं बच्चों की उपस्तिथि मे पौधों को स्कूल कैम्पस के अंदर व बाहर लगाया गया। स्कूल के डायरेक्टर ने बताया कि प्लांटेसन-डे प्रतिवर्ष स्कूल में मनाया जाता है, जिसके द्वारा बच्चो को प्लांट्स के महत्त्व व दैनिक जीवन में पौधों का क्या रोल है, उसकी जानकारी मिल सके। इस वर्ष स्कूल में बच्चों के द्वारा करीब 63 पौधे लगाये है। बच्चों ने ग्रीन कपड़े पहनकर आसपास के लोगों को ज्यादा ज्यादा पौधे लगाने और वातावरण को हरा-भरा करने के लिये संदेश दिया। पेरेंटस एसोसियेशन के मेंबरों ने भी बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पौधों को लगाने की अपील की।

बीमा पोर्टल पुन: चालू होने से किसानों में हर्ष

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छुरिया क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत किसानों ने खरीफ सीजन में बड़ी संख्या में बीमा कराया गया था। यह बीमा किसानों ने सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से व कुछ किसानों ने ऑनलाइन माध्यम से कराया था, किन्तु जिन किसानों ने सेवा सहकारी समितियों से कराया था उसे ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड नहीं करने के चलते बीमा क्षतिपूर्ति के लाभ से वंचित होना पड़ रहा था। इस मुद्दे को लेकर भर्रीटोला अ, भर्रीटोला ब, किडकाडी, भेजराटोला के किसानों ने लगातार क्षेत्र के सक्रिय भाजपा युवा नेता जगजीत सिंह भाटिया से मिलकर अपनी पीड़ा बताया। इस विषय को लेकर भाटिया ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय को विस्तृत जानकारी दी। उपरोक्त विषय की गंभीरता को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को पत्र लिखकर अतिशीघ्र प्रधानमंत्री बीमा पोर्टल रि-ओपन कर वंचित किसानों के फॉर्मेट को अपलोड करने की आग्रह की गई थी।

प्रथम पेज का शेष

शासकीय सेवकों का ...

00 दैनिक वेतन भोगी के वेतन में 4000 रुपए मासिक वृद्धि, इससे 240 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय राज्य सरकार को पड़ेगा।

00 1650 अतिथि शिक्षकों के वेतन में 2 हजार रुपए मासिक की बढ़ोत्तरी, इससे 4 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय राज्य सरकार को पड़ेगा।

00 6000 पटवारियों को 500 रुपए मासिक संसाधन भत्ता, इससे 4 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय राज्य सरकार को पड़ेगा।

00 सभी शासकीय सेवकों को 7 वें वेतनमान पर बी श्रेणी शहर हेतु 9 प्रतिशत एवं सी तथा अन्य शहरों हेतु 6 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता दिया जाएगा। इससे 265 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय राज्य सरकार को पड़ेगा।

00 सभी पुलिस आरक्षकों को 8000 रुपए किट वार्षिक भत्ता दिया जाएगा। इसका 40 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय राज्य सरकार को पड़ेगा।

00 मितानिन ट्रेनर, ब्लाक कोआर्डिनेटर एवं हेल्प डेस्क आपरेटर को प्रतिदिन दैनिक प्रोत्साहन भत्ता 100 रुपए दिया जाएगा। इससे 11 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय राज्य सरकार को पड़ेगा।

00 10 हजार पंचायत सचिवों को 2500 से 3000 रुपए मासिक दिया जाएगा। इससे 50 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय राज्य सरकार को पड़ेगा। इसके अतिरिक्त उन्हें अर्जित अवकाश, दस लाख रुपए तक की उपादान राशि एवं पांच लाख रुपए तक चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ भी दिया जाएगा।

00 शासकीय सेवकों के लिए उपरोक्त घोषणाओं से कुल 1764 करोड़ रुपए का व्यय राज्य सरकार को पड़ेगा।

00 मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत अधिकतम सहायता राशि की सीमा 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी गई है।

00 सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2011 की सर्वे सूची के आधार पर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की पात्रता निर्धारित होने से जरूरतमंद परिवारों को आवास स्वीकृत करने में कठिनाई हो रही थी। इसे दूर करने राज्य के संसाधनों से ग्रामीण आवास न्याय योजना आरंभ की जाएगी। इसके लिए बजट में 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

विस अध्यक्ष महंत...

को ही मौत का जिम्मेदार बता रहा है। विपक्ष का साफ तौर पर कहना है कि, जो रेत माफिया को संरक्षण दे रही है, वो राज्य सरकार ही है, इसी वजह से रेत माफिया बेखौफ होकर घूम रहे हैं।

नमामि गंगे प्रोजेक्ट...

मुताबिक इस हादसे की चपेट में आने से 20 से ज्यादा लोग भी बुरी तरह झुलस गए हैं। इनमें दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें श्रीनगर के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। उतराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली घटना में मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपये और घायलों को 1-1 लाख रुपये की राहत राशि देने का ऐलान किया है। साथ ही इस मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों को घटना की विस्तृत और गहन जांच के भी निर्देश दिए।

मीटर के तारों से ...

आकर खोजबीन की। तब सामने आया कि केयर टेकर की करंट लगने से मौत हुई है। सूचना मिलते ही परिजनों के साथ कई ग्रामीण भी साइट पर पहुंच गए। जब वह यहां पहुंचे तो पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान वहां दोबारा से करंट फैल गया। जिसकी चपेट में कई लोग आ गए।

ट्रेलर व स्कूल...

चालक फरार हो गया था। जिसका पीछा करते हुए पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही धरमजयगढ़ एसडीओपी दीपक मिश्रा, घरघोडा थाने की पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और घायल बच्चों को अस्पताल भेजा गया।

बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी बस : सेंटान्स इंग्लिश मीडियम स्कूल की बस बच्चों को छुट्टी के बाद घर छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ। बस में 30 बच्चे सवार थे जिनमें से 22 बच्चों को चोट आई है। गनीमत रही कि किसी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई है। लेकिन स्कूल बस का ड्राइवर कई घंटे तक स्टीयरिंग में ही फंसा रहा। स्थानीय लोगों के मुताबिक घरघोड़ा थाना इलाके के बरघाट में जहां यह हादसा हुआ वहां से कुछ दूरी पर कोयला खदान भी है। जिसके चलते 24 घंटे यहां भारी वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। लोगों का कहना है कि, रोड की हालत भी बेहतर नहीं है जिसके कारण हादसे का डर बना रहता है।

अजित पवार से मिले ...

देश का ध्यान अपनी तरफखींच लिया. शपथ के करीब दो हफ्ते बाद अजित पवार गुट के नेताओं को विभागों का बंटवारा भी कर दिया गया. इससे पहले अजित पवार और उनके समर्थक 15 विधायकों ने सोमवार (17 जुलाई) को मुंबई के वाई बी चव्हाण सेंटर में एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि पार्टी एकजुट रहे.

NAME CHANGE

I Satya Prakash Tirki Alias Satya Prakash Tirky S/o Newan Ram R/o Dipadih Khurd, Dipadih Khurd, Ghughri, Surguja, Chhattisgarh-497118, have changed my name to Satte Kumar.

नगर पालिक निगम, रिसाली

रिसाली सेक्टर, जिला दुर्ग (छ.ग.) 490006

email-nagarnigamrisali@gmail.co.in

क्र./एफ/लो.क.वि./2023/819 — रिसाली, दिनांक 11/7/23

// नीलामी द्वारा दुकान आबंटन सूचना //

नगर पालिक निगम, रिसाली द्वारा दुर्ग दल्लीराजहरा रेल्वे लाईन के मरोदा रेल्वे क्रॉसिंग पर निर्मित रेल्वे ओव्हर ब्रिज के नीचे व्यवसायिक परिसर निर्माण (कुल 48 दुकान) किया जाना प्रस्तावित है। जिसका आबंटन राईट ऑफ आक्यूपेशन (कब्जे का अधिकार) हक पर देने हेतु अधिकतम प्रब्याजी प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक घोषित विक्रय के द्वारा इच्छुक व्यक्तियों से सील बंद लिफाफा में रजिस्टर डाक द्वारा नगर पालिक निगम रिसाली बी.एस.पी. 35 नं. स्कूल मुख्य कार्यालय भवन वार्ड क्र. 07 रिसाली सेक्टर पूर्व के पते पर आबंटन किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विस्तृत विवरण लोक कर्म विभाग शाखा से कार्यलयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है ।

कार्यालय में सीलबंद लिफाफे में सादे कागज में दुकान क्र. एवं ऑफर दर पूर्ण पते के साथ तथा धरोहर राशि सहित स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त होने की अंतिम तिथि 01 अगस्त 2023 है।

निविदा खोलने की तिथि नगर पालिक निगम रिसाली सभागार में दिनांक 02 अगस्त 2023 को दरदाता एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी ।

विस्तृत जानकारी संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
रिसाली

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 0778-2323633 E-mail : eedurg-phe-cg@nic.in

नि.सू. क्रमांक 09/तशा./(निविदा)/ का.अ./ लो.स्वा.या. खंड/2023 — दुर्ग, दिनांक 11.07.2023

// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से निर्माता एवं अधिकृत विक्रेता/ प्रतिष्ठित प्रदायकर्ता फर्मों से प्रपत्र 'स' मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10.08.2023 शाम 5.30 बजे है।

समूह क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपए लाख में)
01-02	Supply of Chemicals as per Schedule Testing Laboratory Patan, District Durg for Sub Divisional Water	4.674 (Group-1) 4.927 (Group-2)

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

जी-03351/1

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड नारायणपुर, जिला-नारायणपुर

(जल जीवन मिशन)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

निविदा क्र. 261, 262, 263, 264, 265, 266, 267, 268, 269, 270, 271, 272, 273, 274, 275, 276, 277, 278, 279, 280, 281,282,283,284,285,286,287,288, 289, 290,291,292/त.शा./का.अ./लो.स्वा.या.वि./2023 नारायणपुर/ दिनांक 07.07.2023

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदरों से निम्नलिखित सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना में निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	141016	ग्राम-हिकपाड़ (पंचम आमंत्रण)	15.84
2	141018	ग्राम-मकसोली (पंचम आमंत्रण)	18.83
3	141022	ग्राम-मुरूमवाडा (पंचम आमंत्रण)	21.84
4	141023	ग्राम-मोहनार (पंचम आमंत्रण)	21.93
5	141024	ग्राम- मिचबेड़ा (पंचम आमंत्रण)	6.87
6	141025	ग्राम-मेटाबेड़ा (पंचम आमंत्रण)	11.21
7	141027	ग्राम-मंगबेड़ा (पंचम आमंत्रण)	7.43
8	141029	ग्राम-रेकावाया (पंचम आमंत्रण)	30.49
9	141030	ग्राम-रेकापाल (पंचम आमंत्रण)	7.31
10	141031	ग्राम-माटावाड़ा (पंचम आमंत्रण)	12.45
11	141034	ग्राम-मरसुलनापी (पंचम आमंत्रण)	6.12
12	141035	ग्राम-मसपी (पंचम आमंत्रण)	10.05
13	141036	ग्राम-मुतेनादी (पंचम आमंत्रण)	4.57
14	141037	ग्राम-मरकुड (पंचम आमंत्रण)	7.37
15	141038	ग्राम- मुतेनतोड़ (पंचम आमंत्रण)	6.77
16	141039	ग्राम-मरकाबेड़ा (पंचम आमंत्रण)	7.45
17	141040	ग्राम-नेलांगुर (पंचम आमंत्रण)	34.55
18	141041	ग्राम-पदमकोट (पंचम आमंत्रण)	35.45
19	141043	ग्राम-नेलनार (पंचम आमंत्रण)	21.94
20	141048	ग्राम-परलनार (पंचम आमंत्रण)	18.24
21	141054	ग्राम-पदमेटा (पंचम आमंत्रण)	10.78
22	141055	ग्राम-तोके (पंचम आमंत्रण)	19.42
23	141057	ग्राम-टाहकाडोण्ड (पंचम आमंत्रण)	12.93
24	141058	ग्राम रेंगाबेड़ा (पंचम आमंत्रण)	8.49
25	141060	ग्राम-ताडोगुण्डा (पंचम आमंत्रण)	6.12
26	141062	ग्राम-तोयामेटा (पंचम आमंत्रण)	17.43
27	141068	ग्राम-बड़ेबड़ेकोट (पंचम आमंत्रण)	1.81
28	141070	ग्राम-टाहकावाड़ा (पंचम आमंत्रण)	15.92
29	141073	ग्राम-पिडियाकोट (पंचम आमंत्रण)	44.30
30	141075	ग्राम-नेडूर (पंचम आमंत्रण)	10.23
31	141077	ग्राम-पोचावाड़ा (पंचम आमंत्रण)	13.92
32	141080	ग्राम-पलाहूर (पंचम आमंत्रण)	6.46

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 25.07.2023 है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल प्रोक्योरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-03384/5

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड नारायणपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

मंत्री डहरिया का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया का तिरंगा चौक में समस्त कांग्रेसी पार्षद एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया हरेली के अवसर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ करने पहुंचे डॉ डहरिया ने प्रथम पंचायत मंत्री एवं विधायक अमितेश शुक्ल के अनुशंसा पर नगर को अनेक विकास कार्यो का सौगात दिया वही वार्ड 3 के पार्षद विमला साहू के मांग पर संतोषी मंदिर में संतोषी सामुदायिक भवन हेतु 1000000 रुपए की सौगात दी जिसके लिए वार्ड वासियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ डहरिया प्रथम पंचायत मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेश शुक्ल का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश साहू, सनी मेमन, रितिक सिन्हा, संदीप सरकार, जुनैद खान ,प्रेम सोनवानी ,विमला साहू ,प्रतिभा पटेल ,नीतू देवदास ,देवा मरकाम, ज्योति साहनी ,पदमा यादव ,वीरेंद्र सेन ,छगन यादव, निकेश यादव, गैंदलाल सिन्हा, पुना यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कलेक्टर से जनचौपाल में आर्थिक मदद की गुहार

- **कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं**
- **जन-चौपाल में मिले 104 आवेदन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने आयोजित जनचौपाल में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर आवेदकों को उनकी समस्या के निराकरण के संबंध मे आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। इनमें से कुछ प्रकरणों की जांच कर समय-सीमा की बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जनचौपाल में 104 नागरिकों ने अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये।

जनचौपाल में ग्राम नहरगांव की संतोषी बाई ने जॉबकार्ड बनाने एवं अशोक कुमार ने वृद्धा पेंशन दिलाने, गरियाबंद वार्ड नंबर 10 शिक्षक नगर के नर्मदा ध्रुव ने आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने, ग्राम नांगझर के देवाराम निषाद ने पशु शेड योजना का लाभ दिलाने, ग्राम घोटपानी की टिकेश्वरी ने नवीन राशन कार्ड बनवाने, ग्राम परसदाखुर्द के गजेंद्र कुमार कमार ने अनुकंपा नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिए जाने, ग्राम कोपरा की माधुरी पटेल ने मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत राशि प्रदान करने, ग्राम चरौदा के पंचराम साहू ने आधार कार्ड एवं योजनाओं की लाभ प्रदान नहीं होने के संबंध, ग्राम नहरगांव की रोहिना बाई एवं पूराईन बाई ने प्रधानमंत्री आवास प्रदान करने, ग्राम भैंसातरा के सूरजभान कंवर ने घर के समीप किए गए कब्जे को हटाने, ग्राम सुरसाबांधा के हुलेश साहू ने बैंक से ऋण प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री छिकारा ने सभी आवेदकों को संवेदनशीलता से सुनकर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।

इसी प्रकार ग्राम भटगांव के नियाल सिंह यादव ने इलेक्ट्रिक ट्रायसिकल तथा पीएम आवास प्रदान करने, ग्राम सिवनी की मानसी ध्रुव एवं ग्राम बिड़ोरा की गायत्री साहू ने अनुकंपा नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिए जाने, ग्राम रावण के नागेश कुमार ने होटल मैनेजमेंट कोर्स हेतु शुल्क माफ करने, ग्राम पंचायत कुरूद के आवेदकगण ने नाली निर्माण करने, ग्राम दर्रीपार के केवल राम साहू ने घास भूमि को आबादी भूमि घोषित कर आबादी पट्टा प्रदान करने, ग्राम गुजरा के अजय कुमार ने फसल क्षतिपूर्ति राशि दिलाने, ग्राम भसेरा के आवेदकगण ने नया ट्रांसफार्मर लगाने एवं राजेश कुमार सेन ने स्वच्छ भारत के अंतर्गत शौचालय आबंटन, ग्राम पांडुका के समस्त कृषकगण ने खेत में भरे पानी की उचित एवं स्थाई निकासी के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। जनचौपाल में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, सभी एस.डी.एम, सभी जनपद सीईओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

कृषि विज्ञान केन्द्र ने कराया मिलेट व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉक्टर अंगद सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में ग्राम गिधपुरी पलारी में मोटे अनाज के प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु मिलेट व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में पूर्णिमा यादव द्वारा बनाया गया कोदो खीर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। तिजमती साहू एवं पुनियाँ मानिकपुरी द्वारा बनाया गया रागी लड्डू व रागी फरा को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में गांव की महिलाओं के द्वारा 20 अलग-अलग प्रकार के व्यंजन जैसे रागी से बना हुआ खिचड़ी, बर्फी, चीला, पुड़ी, बालुसाय एवं कोदो से बना खिचड़ी, खीर, सेवई, लड्डू जैसे स्वादिष्ट व्यंजन बनाये गए थे।

कृषि विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक स्वाति ठाकुर मिर्झा ने बताया की मिलेट पौष्टिकता से भरपूर होते हैं इसीलिए इन्हें सुपर फूड, श्री अन्न आदि नामों से भी जाना जाता है । मिलेट को चमत्कारी अनाज या भविष्य की फसल भी कहा जाता है क्योंकि मिलेट केवल अनुकूल परिस्थितियों में ही उत्पन्न नहीं होते बल्कि कठोर परिस्थितियों में भी उत्पन्न होने की क्षमता रखते हैं । मिलेट कम पानी चाहने वाली फसल है एवं इसे कम उर्वरता वाली जमीन में भी उगाया जा सकता है । इन फसलों में कीट व्याधी एवं रोग से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है; साथ ही इन फसलों की उत्पादन लागत कम होती है ।

इस अवसर पर गांव के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी लक्ष्मीकांत कश्यप, कृषि मित्र गोविंदा चतुर्वेदी, गांव के प्रगतिशील कृषक राजेंद्र कुमार साहू, प्रतियोगी धनेश्वरी साहू, राधिका निषाद, क्रांति यादव, किरण गोस्वामी, द्रौपदी साहू, संतोषी साहू, मनीषा साहू, बैसाखिन यादव, सोहद्रा यादव, जागेश्वरी साहू, भूलीन साहू, पुन्नी यादव, दशोदा कंवर, बृहस्पति साहू, निर्मल ध्रुव, गीता यादव, पुजा यादव आदि सम्मिलित हुए।

तरेंगा में हुआ विभिन्न खेलो का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़िया ऑलंपिक के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा में मंगलवार को विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ जिसमें खो-खो बालक बालिका, कबड्डी बालक, बालिका, गेड़ी, भौंरा, फुगड़ी आदि खेलों का आयोजन किया गया जिसमें विजेता प्रतिभागी आगामी जोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में राजीव मितान क्लब ग्राम तरेंगा का प्रतिनिधित्व करेंगे आयोजन में राजीव मितान क्लब के अध्यक्ष जावेद खान, सचिव सहित समस्त पदाधिकारी एवं ग्राम के सचिव रोहित प्रजापति, व्यायाम शिक्षक शरद पंसारी, देवेंद्र शर्मा, कौशल वर्मा, रोभित, चित्ररेखा, स्वाति, हीना, डिकेश्वरी, ऊषा एवं शासकीय उच्चतर माद्यमिक विद्यालय के समस्त स्टाफके साथ साथ ग्रामीण जनों का सहयोग प्राप्त हुआ।

सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति ने बंटवाए निःशुल्क सब्जी बीज

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम गोरदी सुहैला में सेवा सुंगन्धम सामाजिक जनकल्याण समिति द्वारा 300 परिवारों को बरबट्टी, चुरचुटिया, भिंडी, करेला, कोहड़ा,पटवा भाजी, अमारी भाजी बीज का पैकेट जिसमे सात प्रकार के बीज का निशुल्क वितरण पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी के कर कमलों से कराया।

त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में सेवा सुगनधम समिति के अध्यक्ष टिकेंद्र उपाध्याय के कार्यो की भूरी भूरी प्रसंसा करते हुए कहा कि समिति ने गरीब कन्याओ का विवाह संपन्न कराया है और क्षेत्र के प्रतिभावान छात्रों का सम्मान कर उत्साह वर्धन किया है समिति का जन हितकारी कार्य और आगे चलता रहे ,समिति निरंतर ग्राम के सेवा में अग्रसर रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री सीमा वर्मा ने निशुल्क साग भाजी बीज का वितरण छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नरवा गरुआ घुरुवा बाड़ी के भावनाओ से प्रेरित है। के सी सी के प्रदेश संयोजक राम खिलावन शर्मा ने कहा कि आज महंगाई चरम सीमा पर है सब्जी की पहुंच चूल्हे से दूर होता जा रहा है ऐसे में ग्रामीण अपने घर की बाड़ी में सब्जी लगाकर खाने में उपयोग करेंगे ।

कार्यक्रम को सुरेंद्र सिंह ठाकुर तथा शकुंतला बाघमार ने भी संबोधित किया उक्त कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच जितेंद्र गहरे उप सरपंच आसीन बाई साहू विष्णु यदु दुष्यंत कुंजाम बिहारी खूंटे पंच गन तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

आदिवासी विकास विभाग में रिक्त पदों में भर्ती

गरियाबंद/नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत सहायक ग्रेड-03, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, वाहन चालक एवं चतुर्थ श्रेणी (नियमित भृत्य) के रिक्त पदों में सीधी भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची का प्रकाशन कर दिया गया है, साथ ही आवेदनों पर दावा आपत्ति 21 जुलाई तक आमंत्रित की गई है। आवेदन में आवेदकों के नाम, पिता का नाम, जाति, जन्म तिथि, निवास, लिंग, शैक्षणिक योग्यता अथवा अन्य योग्यता संबंधी जानकारी में किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर आवेदक 21 जुलाई शाम 05 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर मय दस्तावेज/पंजीकृत डाक से निर्धारित प्रारूप में दावा आपत्ति दस्तावेज सहित कक्ष क्रमांक-56 संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद में प्रस्तुत कर सकते है। ई-मेल अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त दावा-आपत्ति एवं 21 जुलाई शाम 5 बजे पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति अमान्य माना जायेगा।

सीएम ने की थी शाला उन्नयन की घोषणा महज ढकोसला साबित हुईं : प्रतिक्षा भंडारी

- **ग्राम परमालकसा में उच्चतर माध्यमिक शाला की घोषणा पर अमल नहीं हुआ**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सोमनी क्षेत्र के ग्राम परमालकसा में माध्यमिक शाला के उच्चतर माध्यमिक शाला में उन्नयन के उपरांत भी कक्षाओं का संचालन न किए जाने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामवासियों का कहना है कि, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्कूल का उन्नयन किए जाने की घोषणा की थी, लेकिन यह घोषणा अब भी अधूरी है।

जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने इसे लेकर जारी बयान में कहा कि-कांग्रेस सरकार का ढोल फटा हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में भर्राशाही चल रही है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है। उन्होंने कहा कि-मुख्यमंत्री ने स्वयं जिस माध्यमिक शाला का उन्नयन की घोषणा की एक पूरा शैक्षणिक सत्र बीतने के बाद इस नए सत्र में भी वहां कक्षाओं का संचालन भी नहीं शुरु हो सका है।

उन्होंने कहा कि-कांग्रेस सरकार की इस उदासीनता के चलते कई बच्चे हायर सेकेंडरी की शिक्षा से वंचित हो गए, जो पढ़ रहे हैं उन्हें अपने गांव से दूर भरी बारिश-ठंड में सफर कर जाना पड़ता है। बच्चों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि यहां लगभग एक करोड़ की लागत से ईमारत खड़ी की गई है।

श्रीमती भंडारी ने बताया कि-वर्ष 2023 में 2 फरवरी को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम भर्रेगांव में किसान चौपाल के कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए हाईस्कूल परमालकसा को हायर सेकेंडरी में उन्नयन की घोषणा की थी। विगत 2 माह पूर्व ग्रामीणों ने जन चौपाल कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया है, लेकिन इस विषय में अब तक कोई पहल नहीं की गई है। जपं अध्यक्ष ने कहा कि-यही भूपेश सरकार का विकास है। अगर जल्द से जल्द यहां उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षाओं का संचालन शुरु नहीं किया गया तो इसे लेकर आंदोलन किया जाएगा।

जय मां संतोषी समूह और एनजीओ गरवीत फाउण्डेशन के बीच ओएमयू

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर जनमेजय महोबे की उपस्थिति में एनजीओ गरवीत फाउण्डेशन रायपुर और महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) रणवीरपुर की जय मां संतोषी स्व सहायता समूह के बीच सेनेटरी पैड के लिए ओएमयू हुआ। ओएमयू के बाद एनजीओ गरवीत फाउण्डेशन ने तीन हजार पैकेट सेनेटरी पैड का ऑडर दिया और समूह को 57 हजार रूपए का चेक प्रदान किया। कलेक्टर श्री महोबे ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यहां बताया गया कि एनजीओ गरवीत फाउण्डेशन द्वारा एक साल तक लगभग 01 लाख पैकेट सेनेटरी पैड क्रय किया जाएगा। जिसका मूल्य लगभग 19 लाख रूपए है।

जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल ने बताया कि अब तक स्व सहायता समूह द्वारा 03 लाख रूपए का सेनेटरी पैड बाजार में विक्रय किया जा चुका है। रणवीरपुर की स्व सहायता समूह की सदस्यों ने बताया कि समूह में 09 सदस्य है। जिनके द्वारा सेनेटरी पैड का निर्माण किया जा रहा है। सेनेटरी पैड के विक्रय से लाभ मिल रहा है। आज ओएमयू होने से एनजीओं द्वारा एक साल तक लगभग 01 लाख पैकेट सेनेटरी पैड क्रय किया जाएगा। जिससे कार्य निरंतर चलेगा और लाभ भी होगा। इस दौरान

संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, विकास, चेयर पर्सन विजय लहरेउपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती की ओर अग्रसर हैं। रीपा के तहत विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं और युवाओं को आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार व स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने कबीरधाम जिले के प्रत्येक विकासखंड के दो-दो रीपा का निर्माण किया गया है। जिसका अब अच्छा प्रतिसाद देखने को मिल रहा है। रीपा द्वारा उत्पादित सामग्रियों का क्रय करने अब निजी कम्पनी, समाज सेवी संस्था सहित जिले के नागरिक भी रूचि दिखा रहे हैं।

छात्राओं को मिली साइकिल, खिले चेहरे

खरोरा/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बं गोली में 34 छात्राओं को शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि किरण ठाकुर विधायक प्रतिनिधि एवं मंडी उपाध्यक्ष तिल्दा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल बांधे अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति बंगोली तथा,पूर्व जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण इंटक थे विशिष्ट अतिथि के रूप में धनेश निषाद जनपद सदस्य खोना सरपंच बंगोली,राजू डीडी सरपंच धनसोली, तोकेंद्र गायकवाड जनपद सदस्य प्रतिनिधि तथा प्राचार्य विजय कुमार ध्रुव थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कमल बांधे ने शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल योजना शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक हैं पहले प्राथमिक शिक्षा मिडिल शिक्षा के बाद हमारी बहने छात्राएं 5 किलोमीटर तक पैदल जाया करता था जिसके कारण बहुत सी छात्राएं बीच में ही पढ़ाई छोड़ देती थी नारी पढ़ेंगी तभी तो देश प्रदेश आगे बढ़ेगी का मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए शासन द्वारा यह योजना शुरू किया गया हैं ताकि छात्राएं हमारी बहने साइकिल से समय पर स्कूल पहुंच सके सभी छात्राएं हायर सेकेंडरी की पढ़ाई अच्छे अंको से उत्तीर्ण कर सके तथा इस स्कूल के नियमों एवं अनुशासन का पालन करते हुए अच्छे अंको से उत्तीर्ण होकर अपने घर परिवार गांव प्रदेश का नाम रोशन कर सकें मिडिल स्कूल प्रधान पाठक जितेंद्र कोसरिया जी ने आज के समय में पर्यावरण की महत्ता के संदर्भ में प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पर्यावरण प्रदूषण इतना भयंकर बढ़ चुका है कि इंसान का जीना दूभर हो गया है सांस लेने में भयंकर परेशानी हो रहा है गांव-गांव मैं आज लग रहे छोटे बड़े उद्योगों और उनमें से निकलने वाली रासायनिक जहरीली धूआ डस्ट प्रदूषण से इंसान का जीवन कम हो गया है पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है इस अवसर पर पोषण वर्मा प्रियंका सेन संतु राम खोटे यशवंत निषाद, संत दास जांगड़े सचिव डोमार धुरंधर सविता चंद्राकर प्रधान पाठक, विजय वर्मा हेमलाल वर्मा सहीत समस्त स्टाफ एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी कार्यक्रम का आभार तोक सिंह वर्मा वरिष्ठ व्याख्याता तथा मंच संचालन रंजना वर्मा व्याख्याता द्वारा किया गया।

कलेक्टर ने मोबाइल प्रचार-प्रसार वैन को दिखाई हरी झंडी

- **ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन प्रदर्शन केन्द्र स्थापित**
- **ईवीएम जागरूकता के लिए दी जा रही जानकारी**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट परिसर से जिले में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रचार-प्रसार हेतु मोबाईल डेमोन्सट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत मोबाईल डेमोन्सट्रेशन वैन तैयार किया गया है। वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी सभी मतदान केन्द्र, हाट बाजार, विद्यालय एवं महाविद्यालय में दी जाएगी। मोबाईल डेमोन्स्ट्रेशन वैन में अलग-अलग प्रभारी एवं प्रशिक्षक को दायित्व सौंपा गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिकारा के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट एवं अनुविभागीय कार्यालयों में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इस इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है। जिला कार्यालय में स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र में कलेक्टर छिकारा ने डेमो वोट देकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के संबंध में आमजनों को जानकारी दी जा रही है। वोटर वेरीफाइबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था के तहत वोट डालने के तुरंत बाद कागज कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। यह पर्ची वीवीपैट के स्क्रीन पर वोटर को 7 सेकेण्ड तक दिखने के पश्चात वीवीपैट के बाक्स में कटकर गिरती है। मतदान की इस प्रक्रिया को मतदातागण ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र में अनुभव कर सकते हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, डिप्टी कलेक्टर श्री टी.आर. देवांगन सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

चुनाव से पहले ईव्हीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर शुरू

- **कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने मॉक पोल कर कार्य पद्धति का किया अवलोकन**

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आम जनता के अवलोकन हेतु ई.व्ही.एम. डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ किया। जिससे की जिले के आम नागरिकों को ई.व्ही.एम. में अपने मताधिकार के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने मॉक पोल कर ई.व्ही.एम. के कार्य पद्धति का अवलोकन भी किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शतप्रतिशत मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने हेतु लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गंगाधर वाहिले भी उपस्थित थे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी गंगाधर वाहिले ने बताया कि इसके अंतर्गत मतदाताओं को ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट के अलावा जिले के सभी तहसील कार्यालयों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है। सभी मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी जा रही है। वोटर वेरीफाइबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था के तहत वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। यह पर्ची वीवीपैट के स्क्रीन पर वोटर को 07 सेकेण्ड तक दिखने के पश्चात वीवीपैट के बाक्स में कटकर गिरती है। वाहिले ने बताया कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मतदान केंद्रों में ई.व्ही.एम. मोबाईल यूनिट से वीवी पैट का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके माध्यम से ग्रामीण भी अपने गांव में ही मोबाईल यूनिट से वीवी पैट प्रदर्शन का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के युवा मतदाता एवं पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में ई.व्ही.एम. जागरूकता के प्रति खासा उत्साह देखा जा रहा है।

सड़क डबरे में तब्दील, ग्रामीणों ने लगाया धान का थरहा

■ **स्थानीय विधायक एवं सरकार के खिलाफ नारेबाजी**

अंतागढ़/नवप्रदेश। इन दिनों नगर के मुख्य मार्ग बेहद ही जर्जर हो गया है बस स्टैंड से लेकर गली व चौक चौराहे में बड़े बड़े गड्ढे हो गये है। मार्ग में 24 घंटे वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ते जा रही है। जगह-जगह गड्ढे होने से छोटे वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है और दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है।

इस संबंध में लगातार अलग-अलग समाचार पत्रो के माध्यम से इस समस्या के बारे अवगत कराया जाता रहा है लेकिन शासन-प्रशासन व संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। कुछ दिनों पहले एक प्रमुख अखबार के प्रतिनिधि द्वारा इस समस्या पर प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था तब संबंधित विभाग हरकत में आते हुए सड़क व बस स्टैंड के गड्ढो में मुरम और डस्ट से आधा अधूरा फिल करवाया गया। लेकिन डस्ट और मुरुम का यह फिलिंग आम जनता और स्थानीय व्यापारियों के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रहा है। जहां तेज धूप निकलने से वाहनों के आवागमन से पूरा नगर का मुख्य मार्ग धूलों और उड़ते हुए डस्ट से सराबोर हो जाता है वहीं लगातार बारिश होने से पुनः जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं जिससे कभी भी गंभीर हादसा होने की संभावना है। आनन फानन में गड्ढों में गिट्टी-मुरूम भरने की व्यवस्था तो कर दी है, लेकिन लगातार वाहनों की आवाजाही के कारण गिट्टी व मुरूम की व्यवस्था ज्यादा दिन टिक नहीं पा रही है। गिट्टी व मुरूम वाहनों के पहियों के तले दब चूर-चूर होकर कीचड़ व धूल में तब्दील हो रही है। इससे क्षेत्र के लोगों को सड़क के गड्ढों के साथ-साथ धूल, कीचड़ की चौतरफा मार झेलनी पड़ रही है इन्ही सभी समस्याओं से आक्रोशित आज भाजपा मंडल अंतागढ़ द्वारा नगर के बस स्टैंड में हुए बड़े गड्ढों में शासन प्रशासन को जगाने के लिए अनोखा प्रदर्शन किया, भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क के गड्ढे पर धान के नर्सरी की रोपाई कर विरोध दर्ज कराया साथ ही नारेबाजी कर शासन से जल्द से जल्द सड़क मरम्मत व बनाने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों द्वारा वर्तमान कांग्रेस सरकार व स्थानीय विधायक अनूप नाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व विधायक भोजराज नाग, अध्यक्ष राधेलाल नाग उपाध्यक्ष अमल सिंह नरवास मंडल अध्यक्ष जीतू मरकाम महामंत्री कुबल भुसाखरे, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रतिक ठाकुर (शानु) लक्ष्मण ठाकुर, शांतनु मानकर, महावीर ठाकुर सहित महिला कार्यकर्ता शामिल रहे।

सावन में हरियाली गीत गाकर महिलाओं ने लिया झूले का मजा

किरन्दुल/नवप्रदेश। हरेली त्योहार हरियाली का प्रतीक माना जाता है किसान अपनी फसल की सुरक्षा की कामना करते हुए हरेली त्यौहार मनाते हैं। जब किसान आषाढ़ के महीने में अपने खेत में फसल उगाता है तो श्रावण महीने के आते धान की फसल हरा-भरा हो जाता है तब किसान अपनी फसल की सुरक्षा हेतु हरेली तिहार मनाते हैं।

इसी तारतम्य में लौह नगरी किरन्दुल की वार्ड क्रमांक 09 शीतला माता मन्दिर समूह की समस्त मातृशक्ति के द्वारा हरेली का तिहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एवं मातृशक्तियो के द्वारा सावन झूला का कार्यक्रम रखा गया था जिसमे सभी महिलाओं ने गीत गाकर सावन झूला

का आनंद लिया ।

इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ मातृशक्ति दमयंती, इति घोष, तिजेंदर कौर, प्रीति दूधी, अंजू चौहान, बिंदर कौर, ज्योति, चरणजीत कौर, स्वदेश चौहान, आशा सीतापराव आदि मातृशक्ति मौजूद थे ।

स्वामी आत्मानन्द विद्यालय भवन चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

■ **नई कक्षाओं की छत से टपकने लगा पानी दीवारों में आई दरारें**

पखांजूर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार के महवाकांक्षी योजनाओं में से एक है,स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम जो कि गरीब परिवार के लोगों के पढ़ने वाली विद्यालय,जो कि कोयलीबेड़ा ब्लॉक में एक मात्र विद्यालय हरंगढ़ में प्रारंभ किया,कांग्रेस सरकार ने नवीन भवन के लिये एक करोड़ 70 लाख 52 हजार रुपये स्वीकृति भी किया 2023 में भवन का निर्माण भी हुआ विधायक द्वारा नवीन भवन का लोकार्पण धूमधाम से किया,मगर अब पहली बारिश में ही कक्षा लगने वाली रूम के छत से पानी टपकने लगी है,कोई दीवालो में तो दरारें आई, इस संबंध जब मीडिया द्वारा विद्यालय के प्राचार्य से पूछा कि नवीन भवन निर्माण के समय गुणवत्ताहीन कार्य चल रहा था,तब भी विरोध किया गया,मगर किसी अधिकारी ने नहीं सुनी इसका नतीजा अब देखने को मिल रहा है,अब भवन का इस प्रकार हाल देखते हुये, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य द्वारा पखांजूर एसडीएम के माध्यम से जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी,खंड शिक्षा अधिकारी को लिखित जानकारी भी दिया गया,मगर आज तक किसी अधिकारी द्वारा इसका संज्ञान में नहीं लिया गया न भवन निर्माण करने वाले ठेकेदार के ऊपर किसी प्रकार की कार्यवाही किया गया,भवन का हाल देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि विद्यालय के भवन निर्माण में कितने बड़े मात्रा मे भ्रष्टाचार हुआ है,साफ प्रतीत होता हुआ नजर आ रहा है,अब स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र भी इस प्रकार की भवन में पढ़ने के लिये कतराते रहे है,अभिभावकों भी दुर्घटना होने की आशंका जता रहे है, ठेकेदार के कितनी बड़ी लापरवाही है कि स्कूल भवन परिसर के सामने बारिश के पानी जमा होने के कारण स्कूली बच्चे स्कूल में प्रवेश नहीं कर पाते है,एक फीट तक पानी जमा रहता है,मानो तालाब के मेड़ पर स्कूल भवन का निर्माण हुआ है,इस जमा पानी के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियों को भी आमंत्रित दे रही है,इस प्रकार की समस्या को देखते हुये अभिभावकों को डर सता रही है,मीडिया से चर्चा करते हुये बताया कि इस प्रकार की भरस्ट ठेकेदार के ऊपर सख्त कार्यवाही होनी चाहिये,स्कूल में पड़ने वाले बच्चों के भबिस्य के साथ खिलवाड़ किया,गुंबत्ताहीन कार्य करने पीछे इंजीनियर की अलावा अधिकारी भी शामिल हो सकते है,ठेकेदार अकेले इस प्रकार की गुंबत्ताहीन कार्य नही कर सकते है,अब देखने वाली बात होगी कि शासन प्रशासन किस तरह की कार्यवाही करती है या ठेकेदार को बचाने में लगते है,भ्रष्टाचार करने वाले भ्रष्टाचारियो के ऊपर, छत्तीसगढ़ सरकार कार्यवाही करती है या नहीं,अब देखने बाली बात होगी।

वैद्यराज संघ ने की अजजा आयोग सदस्य से मुलाकात

कांकेर/नवप्रदेश। आदिवासी परंपरागत प्रमाणित वैद्यराज संघ छग.ब्लाक नरहरपुर के शंभू शक्ति स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा संस्थान के सदस्यों ने कांकेर स्थित पोटाई प्लाजा में अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई से मुलाकात कर 19 सितंबर 2023 को होने वाले कार्यक्रम ऋषि पंचमी में शामिल होने का न्यौता दिया और प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने के लिए आग्रह किया गया ।

वैद्यराज संघ नरहरपुर से आये सदस्यों नें अ.ज.जा आयोग के सदस्य नितिन पोटाई को बताया कि वैद्यराज संघ में शामिल सदस्यों का गांव के विभिन्न कार्यो में अहम भूमिका होती है गांव में पर्व मेला या मड़ई हो कृषि कार्य हो अथवा सुख या दुख इनके बिना कोई भी कार्य सम्पन्न नहीं हो पाता इसलिए इनका गांव में महत्वपूर्ण स्थान होता है। इसमें प्रमुख रूप से सिरहा गुनिया गायता मांझी मुखिया वैद्यराज बजनिया आदि होते है। सिरहा का काम होता है कि वह किसी का भी हाथ नाड़ी देखकर उनकी परेशानी को दूर करने के लिए उपाय बताते है।वैसे ही गुनिया का काम भी लोगों की परेशानियों को सुनकर उसे दूर करने के लिए अर्जी-विनती किया जाता है।

केरला समाज ने ओमानचांडी को दी श्रद्धांजलि

बचेली/नवप्रदेश। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी की मृत्यु से केरला सहित देश भर में शोक का माहौल है। बचेली में भी केरला समाज के सदस्यों द्वारा केरल के पूर्व मुख्यमंत्री श्री उम्मन चांडी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सदस्यों ने बताया कि ओमन चांडी दो बार 2004-06 और 2011-16 तक केरल के मुख्यमंत्री रहे। अनुभवी कांग्रेस नेता ने 27 साल की उम्र में 1970 के राज्य विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करके विधायक के रूप में अपना कार्यकाल शुरू किया। बाद में उन्होंने तब से लगातार 11 चुनाव जीते। चांडी ने पिछले पांच दशकों में केवल अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र पुथुप्पल्ली का प्रतिनिधित्व किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के निधन की जानकारी उनके बेटे ने दी उन्होंने ओमान चांडी के फेसबुक पेज पर लिखा कि अप्पा नहीं रहे। जानकारी के मुताबिक लंबे समय से बीमार चल रहे चांडी का बेंगलुरु के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.नं. 202306100400202 / अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरिता शर्मा आ./पति संजय कुमार शर्मा निवासी-कैलाश नगर धमधा नाका के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.नं. 16 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 599/26 रकबा 0.010 हे. 1025 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की के साथ जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक/क्यू./प्र.1अति तह./2022 दुर्ग दिनांक 12/07/2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक परसराम साहू आ. स्व. रतनलाल साहू साकिन बोरसी द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 9 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 284/1, 57/1 रकबा 0.0680, 0.3720 हे. भू.रा. से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई दिनांक 28/07/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (अण्डा)

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ :- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00032 अण्डा ग्राम के नामांतरण पंजी में प्र.क्र. आरडी 202223420109000025

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00032 के अंतर्गत ग्राम अण्डा के वर्तमान भूमिस्वामी गणेशिया बाई पिता/पति जौ बिसराम पता-अण्डा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्र. 145/20(0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राधा साहू पिता/पति विश्राम दास साहू पता-अंडा, रोहित साहू, दिलीप कुमार साहू पिता विश्रामदास साहू पता- अंडा के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/07/2023 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (अण्डा) पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/07/2023 को किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार तहसील दुर्ग**

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 4379 दिनांक 19.07.2023

वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446N92242 जो कि निगम अभिलेख में श्री, श्रीमती M/S DREAM GROUP KISHOR JAIN, KRISHNA LAKHOTIYA पिता श्री/श्रीमती FAKIRCHAND, VIJAY KUMAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SMT. SHIKHA GUPTA पिता/पति श्री/श्रीमती W/O NIRAJ GIPTA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./63/अ-20(3)/ वर्ष 2022-23 ई/सी-202307103800004

आवेदिका श्रीमती उमा सिंह पति जुगल किशोर सिंह उर्फ जेके सिंह निवासी आमदी नगर भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमगीनगर हुडको भिलाई स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 भूखंड क्र. एम.आई. जी. 1/74 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर भूमि आवेदक के पति जे.के. सिंह की मृत्यु दिनांक 27.05.2019 को हो चुकी है। मृतक धारक द्वारा अपने जीवनकाल में प्रश्नाधीन उक्त भूखंड का पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 21.07.2009 को अपनी पत्नी श्रीमती उमा सिंह के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदिका द्वारा उक्त पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखंड में दर्ज मृतक धारक का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.08.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो तो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/ आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.07.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

202307101400026

रा.प्र.क्र. अ-74 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एल.व्ही. प्रसाद राव वल्द स्व. एल.के. नायडू निवासी जोन 2 बी.एम.वाय चरोदा तहसील भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम उमरपोटी प.ह.नं. 52 तह. व जिला दुर्ग के स्थित भूमि खसरा नंबर 241/30 रकबा 0.010 हे. भूमि भूमिस्वामी एल.व्ही. प्रसाद राव पिता एल.के. नायडू के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण नया ऋण पुस्तिका मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26/07/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/7/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./191/अ-20(3) वर्ष 2022-23

आवेदक रविन्द्र राठी आ. स्व. बृजमोहन राठी निवासी गंजपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 20 सी प्लाट नं. 26/1 रकबा 27.87 वर्गमीटर एवं शीट क्र. 20 सी प्लाट नं. 26/2 रकबा 29.13 वर्गमीटर भूमि धारक बृजमोहन आ. जमुनादास राठी निवासी गंजपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 12.06.2023 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र नरेन्द्र राठी, रविन्द्र राठी, हेमंत राठी है।इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त भूखंड से मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके स्थान पर उनके वारिसानों का फौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.08.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/ आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.07.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग**

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन

प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2436320

email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत शंकर नगर रायपुर में स्थित भवन क्र.-डी-29, सेक्टर 01, श्री विल्सन थॉमस पिता स्व. श्री एम.टी. थॉमस को इस कार्यालय के नामांकरण आदेश क्र. 228 दि. 18.07.202 के माध्यम से नामांतरित किया गया है। उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमाकर दिनांक 02.05.1994 को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। वर्तमान में नामांतरी श्री विल्सन थॉमस पिता स्व. श्री एम.टी. थॉमस निवासी डी/29 सेक्टर 01 शंकर नगर रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को क्रेता श्रीमती रेखा वाधवानी पति श्री राजेश वाधवानी निवासी सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबध में किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय/ वित्तीय बैंक इत्यादि को उक्त फ्लैट के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिहो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 472/ दि.- 19.07.2023

वार्ड का नाम- 57- पं. भगवतीचरण शुक्ल

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आईडी. RPR448D00165 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MR. PARMANAND MATLANI पिता/पति श्री/श्रीमती SHRI GANGARAM के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती चन्दादेवी मतलानी s/o परमानन्द मतलानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/**शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिचय पत्र, टैक्स रसीद एवं अन्य दस्तावेज**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 4650 दिनांक 19.07.2023

वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR447A00310 जो कि निगम अभिलेख में श्री RAMPYARE SAHU पिता श्री --- के नाम से दर्ज है, जिसको श्री Bharat lal Sahu S/o Late Rampyare sahu ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./64/अ-20(3) वर्ष 2022-23

आवेदिका रिया अभिषेक राहुरकर पिता हरेराम राय निवासी दुर्गा मंदिर के पास गवारे चौक अंधेरी ईस्ट मुम्बई महा. द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एलआईजी 266 क्षेत्रफल 96 वर्गमीटर भूमि धारक हरेराम राय पिता मनमोहन राय निवासी आमदी नगर हुडको के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा दिनांक 10.07.2023 को पंजीकृत दान पत्र अपनी पुत्री आवेदिका रिया अभिषेक राहुरकर के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदिका द्वारा उक्त पंजीकृत दान पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखंड से धारक हरेराम राय का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.08.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/ आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.07.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ :- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00001 मगरघटा ग्राम के नामांतरण पंजी में प्र.क्र. आरडी 2022234 30301000003

ईश्तहार

तहसील पाटन के प.ह.न. 00001 के अंतर्गत ग्राम मगरघटा के वर्तमान भूमिस्वामी अवधराम पिता अव. किसलाल पता-पहंदा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्र. 153/3 (0.1200, 157/3 (0.0700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ना.बा. तन्नू पिता स्व. कमलेश पता ग्राम पाहंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग ना.बा. संजू पिता स्व. कमलेश पता ग्राम पाहंदा रमेसरी ठाकुर पिता अवधराम पता निवासी ग्राम पाहंदा, रमेश कुमार ठाकुर पिता अवध राम ठाकुर पता ग्राम पाहंदा तहसील पाटन, विनोद कुमार पिता अवधराम पता ग्राम पाहंदा, लच्छन्तीन ठाकुर पति स्व. अवध ठाकुर पता निवासी ग्राम पाहंदा, धनेश्वरी ध्रुव पति राजा ध्रुव पता निवासी ग्राम पांहदा, ना.बा. हेमा पिता स्व. कमलेश पता-ग्राम पाहंदा, रविन्द्र कुमार ठाकुर पिता अवधराम ठाकुर पता निवासी ग्राम पाहंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.08.2023 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/07/2023 को किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार पाटन**

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब-121 वर्ष 22-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम चरोदा प.ह.नं. रा.नि.मं. चरोदा तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक जे जगन पिता जे जोगा राव निवासी चरोदा के द्वारा अपने पिता जे जोगा राव का मृत्यु दिनांक 09/04/2021 को हुआ है, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति नियत दिनांक 20/07/2023 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

सील — **तहसीलदार भिलाई-03**

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 4766 दिनांक 19.07.2023

वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR447C00192 जो कि निगम अभिलेख में श्री MANISH SHAH, KALPANA SHAH पिता श्री LT. HARGOVIND SHAH, MANISH SHAH के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती Gyanvati Lodha पिता/पति श्री/श्रीमती W/o Shri Subhash Chandra Lodha ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 4713 दिनांक 19.07.2023

वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR447G00266 जो कि निगम अभिलेख में श्री SHYAM BHURANI, PRACHI BHURANI पिता श्री MANOHAR LAL BHURANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती Smt. jyoti lodha पिता/पति श्री/श्रीमती W/o Shri Harish Lodha ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 4765 दिनांक 19.07.2023

वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446A00202 जो कि निगम अभिलेख में श्री PRAVIN KUMAR NEERAJ BHASKAR पिता श्री .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती Smt. Seema Bhaskar पिता/पति श्री/श्रीमती W/o late Pravin Kumar Bhaskar ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 4434 दिनांक 19.07.2023

वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446N92243 जो कि निगम अभिलेख में श्री, श्रीमती M/S DREAM GROUP KISHOR JAIN, KRISHNA LAKHOTIYA पिता श्री/श्रीमती FAKIRCHAND, VIJAY KUMAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती YOGESH KUMAR पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI TULSI JAISWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा. प्रकरण क्र. क्यू/अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सतीष यादव आ. स्व. बिसनाथ यादव साकिन नयापारा दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 694/1/14 शामिल 694/6ग, 694/7 ग रकबा 0.0110 हे. जो उसके स्व. नंदनी यादव ध.प. आ. बिसनाथ यादव के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 28/07/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा. प्रकरण क्र. क्यू/अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक प्रवीण सिंह ध.प. मोहन सिंह कश्यप साकिन रजनीगंधा कालोनी विद्युतनगर दुर्ग द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1/22 रकबा 0.0220 हे. जो उसके पति स्व. मोहन सिंह कश्यप पिता बसंत सिंह के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 28/07/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रे. 202307100700089 अ-6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार अ्रय पिता बलदाऊ निवासी ग्राम डुन्डेरा तहसील दुर्ग जिरला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुन्डेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 193, 202, 422, 481, 493, 506, 911, 512, 523 रकबा कुल 1.900 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता रेवाराम आ. रामबगस के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक को पंजीकृत/ वसीयतानामा निष्पादित किया गया है। पंजीकृत वसीयतनामाा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किय जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.7.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/07/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किय गया।

जारी दिनांक 11/07/2023
सुनवाई दिनांक 28/07/2023

सील — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

सत्यप्रेम की कथा को मिला छुट्टी का फायदा

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की सत्यप्रेम की कथा बाकी फिल्मों को टक्कर देती नजर आ रही है। फिल्म अपनी रिलीज के तीसरे हफ्ते में टिकट खिड़की पर टिकी हुई है तो 72 हूरें और नीयत का 2 हफ्ते में ही पत्ता साफ हो गया है। इसके अलावा हॉलीवुड फिल्म इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन शानदार प्रदर्शन कर रही है। आइए जानते हैं रविवार को किस फिल्म को छुट्टी का फायदा मिला है। समीर विद्वांस की सत्यप्रेम की कथा में कार्तिक और कियारा की जोड़ी दूसरी बार साथ में नजर आई है। फिल्म ने शुरुआती दिनों में बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था तो बाद में इसकी कमाई घटती-बढ़ती जा रही थी।

सच बता मुझे का सबसे अच्छा हिस्सा टोक्यो की शूटिंग थाः शर्ली सेतिया

इल्जाम', आया ना तू', डेंजर' जैसे हिट गानों के लिए जाने जाने वाले सिंगर-एक्ट्रेस अर्जुन कानूनगो ने सिंगर-एक्ट्रेस शर्ली सेतिया के साथ मिलकर सच बता मुझे' नाम से एक और नया ट्रैक जारी किया है।

सच बता मुझे' अर्जुन के एल्बम इंडस्ट्री 2' का दूसरा ट्रैक है, प्रसारित होने वाला पहला ट्रैक डेंजर' था। सच बता मुझे' एक रोमांटिक गाना है और इसमें दो प्रेमियों की एक-दूसरे के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और एक साथ अपनी यात्रा की खोज की कहानी दिखाई गई है। गाने को खूबसूरत लोकेशंस पर शूट किया गया है। इस गाने को बनाने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए अर्जुन कानूनगो ने कहा, सच बता मुझे' एक खास गाना है और निश्चित रूप से इसे बहुत प्यार से बनाया गया है। यह रोमांस का मौसम है और मैंने सोचा कि इस गाने को दर्शकों के सामने लाने का इससे बेहतर समय क्या हो सकता है। शर्ली के साथ सहयोग करना एक प्यारा अनुभव था और हमें उम्मीद है कि दर्शक सच बता मुझे' का आनंद लेंगे और उसे पसंद करेंगे। शर्ली के लिए, गाने पर काम करने का सबसे अच्छा हिस्सा टोक्यो में म्यूजिक वीडियो की शूटिंग थी, जिसमें क्रू पूरी तरह से अपने काम के लिए समर्पित था। शर्ली ने कहा, अर्जुन के साथ सच बता मुझे' पर काम करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। हमने कुछ बहुत खास बनाया है, और अपने फैंस के लिए सबसे प्रामाणिक अनुभव लाने के लिए भारत में और एक बिल्कुल नए देश में घंटों कड़ी मेहनत की है। सबसे अच्छे और सबसे मेहनती लोगों के साथ टोक्यो में शूटिंग करना निश्चित रूप से मेरे लिए इस एल्बम को बनाने का सबसे अच्छा हिस्सा रहा। सच बता मुझे' यह बेहद सरल गाना है, जिसे आप बार-बार सुनना चाहेंगे। कुल दस गानों वाला, इंडस्ट्री 2' एल्बम अर्जुन कानूनगो द्वारा लिखा, गाया और निर्मित किया गया है और जल्द ही रिलीज होने की उम्मीद है।

मिरर के सामने सेल्फी लेते हुए सोफिया अंसारी ने खोली स्कर्ट, फोटो इंटरनेट पर हुईं लीक!

इंटरनेट मीडिया स्टार सोफिया अंसारी आए दिन अपनी हॉट और बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। सोफिया हर बार अपनी तस्वीरें से सोशल मीडिया पर बवाल मचा देती हैं।

हाल ही में उनकी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर होते ही तेजी से फैंस के बीच चर्चाओं में आ गई हैं। सोफिया अंसारी आए दिन अपनी पोस्ट के जरिए फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका हर एक डांस वीडियोज और बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर अपलोड होते ही लोगों के बीच ट्रेंड करने लगता है। हाल ही में सोफिया अंसारी की लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में उनका हद से ज्यादा बोल्ड लुक देखकर फैंस एक बार फिर सोफिया के हुस्न के कायल हो गए हैं। सोफिया अंसारी ने इस फोटो में मिरर के पास सेल्फी लेते हुए बेहद ही सेक्सी तस्वीर ली है। मशहूर मॉडल सोफिया ने अपनी स्कर्ट के बटन खोलकर बेहद सिजलिंग अंदाज में पोज दिए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं सोफिया अंसारी ने ब्रा की स्ट्रेप खिसकते हुए क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए किलर लुक्स और पाउट देते हुए तस्वीरें क्लिक करवाते हैं। सोफिया अंसारी की इन तस्वीरों पर लोग लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे है।

वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में कियारा आडवाणी का प्रवेश, वॉर-2 में आएंगी नजर

कियारा आडवाणी आज भारत की सबसे बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं और अफवाहें हैं कि वह प्रसिद्ध वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में प्रवेश कर रही हैं! कियारा को जाहिर तौर पर आदित्य चोपड़ा ने अपनी टेंटपोल स्पाई थ्रिलर वॉर 2 के लिए चुना है जिसमें ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर भी हैं! फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं, जिन्हें हिंदी सिनेमा में बड़ी ब्लॉकबस्टर देने के लिए जाना जाता है।

इस फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने खुलासा किया, जहां तक वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स और वॉर 2 का विचार किया जाता है, कियारा आडवाणी टीम के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स एक था टाइगर, टाइगर ज़िंदा है, वॉर और पठान जैसी सर्वकालिक ब्लॉकबस्टर फिल्मों की एक लीग है और इस फ्रैंचाइज़ी से आने वाली प्रत्येक फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही हैं। उन सुपरस्टार्स को देखें जिन्होंने इस ब्रह्मांड की शोभा बढ़ाई है। यह भारत में सबसे प्रतिष्ठित फिल्म बैनर है जिसमें देश के सबसे बड़े और बेहतरीन सुपरस्टार हैं। कियारा इस समय शीर्ष पर हैं और आदित्य चोपड़ा उसे वॉर 2 के अपने बैनर के साथ जोड़ रहे है, जो इस बात का संकेत है।

सूत्र कहते हैं, वॉर 2 में अभी सबसे हॉट कास्ट है। इसमें ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और अब कियारा आडवाणी जैसे तीन सुपरस्टार हैं!

जवान से शाहरुख ने दिखाई नयनतारा की पहली झलक, एक्शन अवतार में दिखीं अभिनेत्री

शाहरुख खान की फिल्म जवान से जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है। फिल्म का टीजर रिलीज होने के बाद से इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। शाहरुख के प्रशंसक तो उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म से शाहरुख की झलक तो सब देख ही चुके हैं और अब इससे उनकी हीरोइन नयानतारा का पहला पोस्टर भी जारी हो चुका है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

शाहरुख ने नयनतारा की झलक साझा कर लिखा, वह तूफान से पहले आने वाली गड़गड़ाहट है। उनके प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की तरफ से किए गए पोस्ट में लिखा गया, इन पर डर का कोई जोर नहीं। नयनतारा का यह बिंदास लुक आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है, जिसमें वह बंदूक थामे नजर आ रही हैं।

शरमन जोशी और साहिल खान दो दशक बाद फिर आए साथ, बड़े पर्दे पर मचाएंगे धमाल

बॉलीवुड अभिनेता शरमन जोशी और साहिल खान ने अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। दोनों स्टाइल (2001) और इसके सीक्वल एक्सक्यूज मी (2003) में साथ नजर आए थे, जिसमें उनके अभिनय ने दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। अब लगभग 2 दशक के बाद यह धमाकेदार जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार है। शरमान और साहिल जल्द एक फिल्म में नजर आएंगे, जिससे नई अभिनेत्री को लॉन्च किया जाएगा।

ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने ट्विटर पर पोस्ट साझा कर फिल्म के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि इस फिल्म का निर्देशन सैम खान कर रहे हैं, जिन्होंने इसकी कहानी भी लिखी है, वहीं पटकथा और संवाद मिलाप जावेरी ने लिखे हैं। हितेश खुशलानी द्वारा निर्मित और भुवि खुशलानी, जफर मेहंदी और ईशान दत्ता द्वारा सह-निर्मित फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि इसकी शूटिंग बड़े पैमाने पर अबू धाबी में होगी।

शरमान ने कहा, साहिल और मैंने पहले जो फिल्में की उनमें स्क्रीन पर हमारे बीच की केमिस्ट्री को काफी सराहना मिली है। वह हमारी पहली व्यावसायिक हिट थी, जिसे देखकर ही राजकुमार हिरानी ने मुझे 3 इडियट्स के लिए कास्ट किया था। साहिल ने कहा, सैम को मैं काफी समय से जानता हूं और उनके साथ काम करने के लिए बेहद खुश हूं।

खेल

श्रीलंका में भिड़ेंगे इंडो/पाक, 2 सितंबर को मैच

इंडिया के ग्रुप में PAK के अलावा नेपाल; ड्राफ्ट शेड्यूल तैयार

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का पहला मुकाबला 2 सितंबर को श्रीलंका के कैंडी शहर में होगा। **ESPN** की रिपोर्ट अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड **(PCB)** ने नया ड्राफ्ट शेड्यूल ष्टष्ट को भेजा है। ओपनिंग मैच पाकिस्तान और नेपाल के बीच मुल्तान में 30 अगस्त को खेला जाएगा। फाइनल श्रीलंका के कोलंबो शहर में 17 सितंबर को होगा। वनडे एशिया कप में 6 टीमें हिस्सी ले रही हैं। टीम इंडिया नेपाल और पाकिस्तान के साथ ग्रुप-ए में हैं। वहीं ग्रुप-बी में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान हैं।

3 बार भिड़ सकते हैं भारत-पाकिस्तान

अगर भारत और पाकिस्तान दोनों ही टीमों ने सुपर-4 स्टेज में क्वालिफाई कर लिया तो 10 सितंबर को कैंडी में दोनों के बीच सुपर-4 स्टेज का मैच होगा। वहीं अगर दोनों टीमें सुपर-4 स्टेज के भी टॉप पर रहीं तो इनके बीच ही 17 सितंबर को फाइनल मुकाबला भी खेला जा सकता है। इस तरह ग्रुप स्टेज, सुपर-4 और फाइनल मिलाकर भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मैच देखने को मिल सकते हैं।

ACC फाइनल करेगी एशिया कप का शेड्यूल

PCB के साथ एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने डिसाइड किया था कि एशिया कप हाइब्रिड मॉडल में होगा। टूर्नामेंट के 4 मैच पाकिस्तान और 9 मुकाबले श्रीलंका में होंगे। अब श्रीलंका बोर्ड के साथ चर्चा कर PCB ने टूर्नामेंट का लेटेस्ट ड्राफ्ट शेड्यूल ACC को भेज दिया है। माना जा रहा है कि इसमें कुछ और बदलाव के बाद ACC जल्द ही शेड्यूल को फाइनल कर देगी।

लाहौर में होने थे पाकिस्तान के सभी मुकाबले

PCB के पूर्व चेयरमैन नजम सेठी ने एशिया कप का पहला ड्राफ्ट शेड्यूल ACC को भेजा था। इसमें सभी मुकाबले लाहौर में ही होने थे, लेकिन नए चेयरमैन जका अशरफ ने मुल्तान को भी शामिल कर लिया। मुल्तान में ओपनिंग मुकाबला होगा, जबकि 3 मैच लाहौर में होंगे। इनमें सुपर-4 स्टेज का एक मैच भी शामिल रहेगा।

नए ड्राफ्ट शेड्यूल में बांग्लादेश-अफगानिस्तान के बीच 3 सितंबर और श्रीलंका-अफगानिस्तान के बीच 5 सितंबर को लाहौर में मुकाबले होंगे। 6 सितंबर को सुपर-4 स्टेज का मैच भी लाहौर में ही होगा।

कोहली कल 500वां इंटरनेशनल मैच खेलने वाले चौथे भारतीय बनेंगे

नई दिल्ली। भारत और वेस्टइंडीज के बीच कल से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट मैच भारतीय स्टार विराट कोहली के करियर का 500वां इंटरनेशनल मुकाबला होगा। विराट इस माइलस्टोन तक पहुंचने वाले भारत के चौथे और दुनिया के 10वें खिलाड़ी बनेंगे। विराट से पहले 6 बैटर्स और 3 ऑलराउडर्स ने 500 से ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेले।

खास बात यह है कि ठीक 500 मुकाबले खेलकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सितारों की लिस्ट में विराट का नंबर-1 होना तय है। विराट ने अब तक 499 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इनमें 110 टेस्ट, 274 वनडे और 115 टी-20 शामिल हैं। इन सभी मुकाबलों को मिलाकर विराट ने 53.48 के एवरेज से 25,461 रन बनाए हैं। इनमें उन्होंने 75 शतक और 131 अर्धशतक जमाए हैं।

इस स्टोरी में हम जानेंगे कि ठीक 500 मैचों के बाद सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग सहित इस मुकाम पर पहुंचने वाले 9 दिग्गजों ने कितने रन बनाए थे।

अब 499 मैचों के बाद

विराट कोहली के आंकड़े

रन बनाने में सबसे आगे, तेंदुलकर के बराबर शतक विराट कोहली 500 मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन जाएंगे। वे 499 मैचों में ही सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, महेला जयवर्धने, सनथ जयसूर्या और जैक कैलिस जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को पीछे छोड़ चुके हैं। कोहली अब तक 25,461 रन बना चुके हैं। उन्होंने 53.48 के एवरेज से इतने रन बनाए, जो कि अन्य दिग्गजों से ज्यादा है। यहां तक कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी 500 मैचों में 25,035 रन बनाए थे।

सात्विक ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

565 किमी प्रति घंटे की स्पीड से स्मैश हिट लगाया, दस साल बाद तोड़ा रिकॉर्ड

भारत के स्टार शटलर सात्विक साईराज रंकीरेड्डी ने बैडमिंटन में मेंस प्लेयर द्वारा सबसे तेज स्मैश हिट का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 565 किमी प्रति घंटे की स्पीड से स्मैश लगाया। सात्विक ने मलेशियाई खिलाड़ी टैन बून हेओंग का रिकॉर्ड तोड़ा। हेओंग ने मई 2013 में 493 किमी प्रति घंटे की स्पीड से स्कैश हिट लगाया था।

सात्विक मेंस डबल्स इवेंट में चिराग शेट्टी के साथ टूर्नामेंट में हिस्सा लेते है। सात्विक ने चिराग के साथ हाल ही में इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 जीता था।

जापान में बनाया रिकॉर्ड

सात्विक का स्मैश जापान के सैतामा शहर में योनेक्स फैक्ट्री जिम्नेजियम में कंडक्ट कराया गया। जहां यह रिकॉर्ड बना। बैडमिंटन इक्विपमेंट कंपनी योनेक्स ने कहा कि, हमें यह बताते करते हुए गर्व हो रहा है कि योनेक्स बैडमिंटन एथलीट, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और टैन पर्ली ने सबसे फास्ट मेंस और विमेंस बैडमिंटन हिट के लिए नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। मलेशिया की टैन पर्ली ने 438 किमी प्रति घंटे की स्पीड के साथ सबसे फास्ट विमेंस बैडमिंटन हिट का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया। टैन पर्ली ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में मिक्स्ड डबल्स और विमेंस डबल्स में गोल्ड जीता था।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने 20 जून को करियर की बेस्ट वर्ल्ड रैंकिंग हासिल की थी।

सात्विक-चिराग अपनी पिछली रैंकिंग से एक स्थान ऊपर बढ़कर मेंस डबल्स की वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे थे।

बिजनेस

टोयोटा किर्लोस्कर ने आर्मी को दिया आइकॉनिक हिलक्स का एक बेड़ा

जम्मू। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) को टोयोटा हिलक्स का एक बेड़ा भारतीय सेना को सौंपने की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह कंपनी के हिलक्स की भारतीय सेना को पहली डिलीवरी है। भारतीय सेना के उत्तरी कमान ने हिलक्स का दो महीने तक व्यापक और कठोर मूल्यांकन किया। विश्व स्तर पर प्रशंसित हिलक्स ने 13,000 फीट की ऊंचाई से लेकर शून्य से भी कम तापमान तक के चरम मौसम और उबड़-खाबड़ इलाकों में बेहतर प्रदर्शन किया। टोयोटा हिलक्स एक जाना-पहचाना यूटिलिटी वाहन है जो अपनी मजबूती, स्थायित्व, विश्वसनीयता और ऑफरोडिंग क्षमताओं के लिए विश्व स्तर पर जाना जाता है। इसपर अपने विचार साझा करते हुए, श्री वी विसलिन सिगमनी, महाप्रबंधक - स्ट्रैटेजिक बिजनेस यूनिट (उत्तर) ने कहा, ''हिलक्स की डिलीवरी करके हम बहुत रोमांचित हैं। हमारे लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो भारतीय सेना के लिए हिलक्स के हमारे पहले ऑर्डर को पूरा करने से हासिल हुई है। इस अवसर पर हम सही अर्थों में सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अनूठी ऑफरोडिंग विशेषताओं वाला हाईलक्स, उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ मिलकर, सेना के उद्देश्यों के लिए सबसे आदर्श वाहन है जो उनके विशेष उद्देश्यों को भी पूरा करता है।

ट्रूकॉलर ने लॉन्च किया एआई-पावर्ड असिस्टेन्ट

नई दिल्ली। दुनिया के प्रमुख ग्लोबल कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म ट्रूकॉलर ने भारत में ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट का लॉन्च किया है। यह असिस्टेन्ट ऐसा इनोवेशन है जो मशीन लर्निंग और क्लाउड टेलीफोनी के द्वारा सबसे उपयोगी कॉल-स्क्रीनिंग समाधान उपलब्ध कराता है। ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट एक कस्टमाइज़ेबल, इंटरैक्टिव और डिजिटल फीचर है जो आपके लिए कॉल्स के जवाब देता है और इसकी मदद से आप अनचाहे कॉलर का फोन सुनने से बच सकते हैं। कॉलर क्या कह रहा है आप उसका लाईव ट्रांसक्रिप्शन स्क्रीन पर देख सकते हैं और जान सकते हैं कि कॉलर कौन है और वह आपको क्यों कॉल कर रहा है। इसके बाद आप यह फैसला ले सकते हैं कि आपको यह फोन सुनना है या नहीं, आप एक टैप के साथ कॉलर से अधिक जानकारी ले सकते हैं या चाहें तो इसे स्पैम मार्क कर सकते हैं। ''अब तक ट्रूकॉलर आपको दिखाता था कि आपको कौन फोन कर रहा है, लेकिन अब आपकी ओर से आपका ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट कॉलर के साथ बातचीत शुरू कर सकता है।'' ट्रूकॉलर में भारत के मैनेजिंग डायरेक्टर, रिशित झुनझुनवाला ने बताया। ''यह बेहद महत्वपूर्ण कदम है, इसकी मदद से लोग स्पैम और फ्रॉड कॉलर्स से बच सकेंगे। इस फीचर को हम पहले से कई बाज़ारों में पेश कर चुके हैं, हमें खुशी है कि अब हम भारत में ट्रूकॉलर के प्रशंसकों के लिए यह सर्विस उपलब्ध कराने जा रहे हैं।''

विकास कार्यों में अव्वल फिर भी भरतपुर-सोनहत के 40 ग्राम आज भी पहुंचविहीन!

जिन गॉवों में पहुंच मार्ग नहीं वहां भेजा गया चार-पांच माह का राशन

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। एक ओर जहां छ ग विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है जहा विधानसभा अध्यक्ष भी भरतपुर सोनहत विधानसभा में कार्यो की स्वीकृति को लेकर तारीफ कर चुके हैं । किंतु भाजपा शासन से लेकर अब तक भरतपुर सोनहत विधानसभा के करीब 40 ग्राम के 2562 परिवार वर्षा के दिनों में कोरिया व नवीन एमसीबी जिले के कई क्षेत्र आज भी पहुंचविहीन है जहां बारिश के दिनों में तो स्थिति ओर भी भयावह हो जाती है जिससे इन क्षेत्रों का संपर्क जिला व ब्लाक मुख्यालय से पूरी तरह टूट जाता है जिससे इन क्षेत्रों में पहुचना किसी चुनौती से कम नहीं जहां जिले में भरतपुर सोनहत विधान सभा क्षेत्र का ज्यादातर हिस्सा पहुंचविहीन क्षेत्रों में आता है जिसकी वजह यहां गुरुघासी दास राष्ट्रीय उद्यान को बताया गया है क्योंकि बिना अनुमति के इन क्षेत्रो में निर्माण संभव नहीं, वही जो निर्माण कार्य कराया गया उनकी स्थिति भी दयनीय है । जिस कारण भरतपुर विधानसभा के कुछ क्षेत्रों में वर्षा के पूर्व ही खाद्य विभाग के सहयोग से 4 माह का राशन कई ग्रामो में पहले ही पहुँचा दिया जाता है ताकि आम जनता को असुविधा न हो किन्तु किसी आकस्मिक दुर्घटना में स्वास्थ्य सुविधा मिलना बढ़ा मुश्किल है । जैसे पिछले कुछ वर्ष पूर्व एक मामला भरतपुर विकास खंड का सामने आया था जहां देवसील ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम झापर में एक ही परिवार के दो बच्चो को सर्प ने काट लिया था जहां उन बच्चों के शव को लेकर ब्लाक मुख्यालय में पीएम कराने पहुंचने में मृत्योपरांत लगभग 5 दिन लगे थे । जहां शव कंधे में रखकर लाया गया था वही पुनः शव घर नहीं पहुंच पाया था जिसे परिजनों ने जंगल में मिट्टी दे दी थी। क्योंकि शव पैदल ले जाना किसी चुनौती से कम नहीं था । वही आज भी कई क्षेत्र ऐसे है जो कि स्वास्थ्य सुविधा के लिए आज भी मध्यप्रदेश के सीमा पर स्थित स्वास्थ केंद्रों पर निर्भर है जिले में इन क्षेत्रों तक पहुंच पाना इस लिए भी मुश्किल है क्योंकि कई छेत्र गुरुघासी दास उद्यान के अंतर्गत है या फिर इसकी सीमा से होकर ही इन क्षेत्रों तक पहुंचा जा सकता है मिली जानकारी अनुसार जिले में पहुंचविहीन क्षेत्र यह है जो कि बुनियादी सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहे है जो कि भरतपुर विधान सभा छेत्र में आते है जहा भरतपुर ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुरकिल, कमर्जी, बड़गांव खुर्द, देवसील, कटवार, खोहरा, बड़वाही,बड़गांव कला, नोगई इसी तरह सोनहत के आनंदपुर व कछाडी की है जिनके कई ग्राम इनके आश्रित ग्राम है जैसे दसेर, काटो, ठकुर हत्थी, कुर्थी, सीतापुर, झापर ,चिखली व धनपुर जैसे कई ग्राम है जिन तक पहुंचना आसान नहीं जिससे वर्षा के दिनों में कई कठिनाइयों का सामना करना पढ़ता है वैसे शासकीय रिकार्ड के अनुसार 17 उप स्वास्थ्य केंद्र है जहां जिला प्रशासन द्वारा 4 माह के लिए दवाइयों की व्यवस्था भी की गई है ताकि आमजनों को विसम परिस्थितियों में प्रारंभिक उपचार किया जा सके ।

> जिले के कुछ छेत्र आज भी पहुंचविहीन है जहां वर्षा के पूर्व ही 4 माह का राशन व जरूरी दवाइयां उप स्वास्थ्य केंद्रों में ग्रामीणों को जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दिया जाता है वही इन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधा के विस्तार की आवश्यकता है ताकि वर्षा के दिनों में ग्रामीणों को असुविधा न हो व वर्ष भर इन पहुँचविहीन ग्रामो में भी आसानी से पहुचा जा सके ।
>
> **–देवेंद्र तिवारी,** पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोनहत।
>
> सभी पंचायत पहुंचविहीन नहीं है। आनंदपुर व दसेर तक सड़क बनी है। लेकिन कुछ गांव ऐसे हैं, जहां बारिश के मौसम में वाहन का पहुंचना मुश्किल है जिस कारण राशन चार माह का पहले पहुंचा दिया जाता है ।
>
> **–ए पन्ना सीओ,** जनपद पंचायत सोनहत

खतरा बनी जर्जर एलआईसी बिल्डिंग

- नोटिस के बाद भी बिल्डिंग को व्यापारियों से मुक्त नहीं करा पाया प्रशासन
- सिर्फ तीन व्यापारियों ने खाली की है दुकान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बस्तर संभाग में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से जहां जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है वहीं नगर में स्थित कई पुरानी सरकारी खाली पड़ी बिल्डिंगों के धराशायी होने का खतरा भी मंडराने लगा है। बस स्टेंड स्थित पुरानी एलआईसी साडा बिल्डिंग काम्प्लेक्स की बात करें तो इस बिल्डिंग की समय सीमा समाप्त हो चुकी है। नगर पालिका ने कई बार नोटिस जारी कर व्यापारियों को काम्प्लेक्स खाली करने को कहा है किंतु अब तलक कमजोर हो चुके इस काम्प्लेक्स को व्यापारियों से मुक्त नहीं कराया जा सका है । ईधर पिछ्ले दो दिनों से हो रही अंचल में मुसलाधार बारिश को देखते हुए बस स्टेंड स्थित साडा काम्प्लेक्स बिल्डिंग का मलबा गिरने का खतरा और अधिक बढ़ गया है। साडा द्वारा निर्मित बिल्डिंग कभी भी धराशायी हो सकता है। पहले भी इस बिल्डिंग का मलबा कई मतर्बा गिर चुका है। नगर पालिका की लचर एवं सुस्त कार्यप्रणाली के चलते नोटिस के बाद भी अब तक अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकान बिल्डिंग से नहीं हटाया है। जानकारी के मुताबिक अब तक मात्र 3 दुकानदारों ने ही दुकानें खाली किया है अब भी करीब करीब 6 व्यापारी इस बिल्डिंग में दुकान संचालित कर रहे हैं। इस संबंध में नगर पालिका का तर्क है कि उन्होने बारंबार नोटिस देकर व्यापारियों को आगाह करते हुए दुकान खाली करने संबंधी नोटिस जारी किया है बावजूद व्यापारी और समय मांग रहे हैं। वहीं सवाल यह कि अगर भीषण मुसलाधार बारिश में कोई जनहानि हो जाती है तो आरोप तो प्रशासन पर ही लगेगा कि समय रहते बिल्डिंग को खाली क्यों नहीं कराया ? ऐसे में नगर पालिका प्रशासन की जिम्मेदारी यहां बड़ी हो जाती है कि किसी भी तरह से इस जर्जर एवं एक्सपायरी हो चुके बिल्डिंग में संचालित दुकानदारों को वहां से हटाए। नगर में चर्चा यह भी है कि चूंकि इस बिल्डिंग के काम्प्लेक्स में संचालित दुकानदार बड़े नामी रसूखदार व्यापारी हैं शायद यही वजह है कि पालिका इनको नोटिस के बाद भी नहीं हटा पा रही है वहीं दूसरी ओर रेस्ट हाउस रोड पर लगने वाले ठेले गुमटियों को रेलिंग लगाए जाने के बाद एक ही रात में हटवा दिया गया। ये ठेले वाले छोटे एवं गरीब व्यापारी थे इसलिए इन्हें बिना सूचना या नोटिस के रातों रात हटा दिया गया वहीं बडे दुकानदारों को नोटिस के बाद भी प्रशासन नहीं हटवा पा रही है और किसी बड़े घटना के होने का इंतजार कर रही है। ऐसे में सवाल उठना तो लाजिमी है।

बड़ी बहन ने उतारा छोटी बहन को मौत के घाट

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ में युवती की नृशंस हत्या की गुत्थी पुलिस ने आखिर सुलझा ही ली। प्रेमी से बात करने से नाराज बड़ी बहन ने ही अपनी छोटी बहन की हत्या कर दी थी। इस मामले को लेकर पुलिस काफी उलझी नजर आ रही थी। लेकिन क्राइम सीन का मौका-मुआयना करने तथा बड़ी बहन से हुई लगातार पूछताछ के बाद आखिरकार उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए छोटी बहन की हत्या की बात स्वीकार कर ली। पुलिस को दिए अपने बयान में आरोपिया ने बताया कि उसके प्रेमी से छोटी बहन बातचीत करती थी। इस पर उसने कई बार अपनी बहन को समझाया भी था, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही थी। इसी के चलते उसने अपनी बहन की हत्या कर दी। ज्ञात हो कि हत्या के बाद मृतका के सिर, कान के पास चोट था सिर नाक से खून बह रहा था चेहरे, गला, कंधा में घाव के निशान दिख रहा था। इससे पुलिस प्रथम दृष्टया ही हत्या मानकर जांच कर रही थी।

भ्रष्ट डॉक्टरों पर बड़े अधिकारी मेहरबान

- एक लाख से अधिक राशि का गबन, डॉक्टर पर नहीं हुई कार्रवाई

भटगांव/नवप्रदेश। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुर के ग्रामीण चिकित्सा सहायक के द्वारा गाइडलाइन के विरुद्ध इंसेंटिव आहरण करने का मामला सामने आया था लेकिन इस मामले को आज कई महीने बीत चुके है परंतु आज तक आरोपी डॉक्टर के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं किया गया है ।

दरअसल यह पूरा मामला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के ग्राम गोपालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है जहां पदस्थ (आर एम ए) घनश्याम चंद्रा के द्वारा खूबचंद बघेल योजना अंतर्गत मिलने वाले प्रोत्साहन राशि में हेराफेरी कर लगभग एक लाख पच्चीस हजार एक सौ अड़तीस रुपए आहरण किया गया था जो कि शासन के गाइडलाइन के विरुद्ध है । गौरलतब है कि आवेदक गिरिस साहू के द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत बलौदाबाजार सीएमएचओ कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर गोपालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में खूबचंद बघेल योजना अंतर्गत दिया जाने वाला प्रोत्साहन राशि का आहरण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों की जानकारी मांगी गई थीं । जानकारी मिलने पर खुलासा हुआ की ग्रामीण चिकित्सा सहायक घनश्याम चंद्रा के द्वारा एमबीबीएस को मिलने वाला इंसेंटिव (प्रोत्साहन राशि) का आहरण कर लिया गया था । जिसके बाद आवेदक ने आरोपी (आरएमए) के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने की मांग उच्चाधिकारियों से किया था परंतु आज तक इस मामले पर कार्यवाही नही किया गया जिससे इंसेंटिव (प्रोत्साहन) राशि में घपला करने वाले डाक्टरों के हौसले बुलंद है ।

वही जब इस मामले में सारंगढ़ जिला चिकित्सा अधिकारी से बात किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि जो पैसा उन्होंने आहरण किया था उस पैसे को आरएमए के द्वारा जीवनदीप समिति गोपालपुर के खाते पर वापस डाल दिया गया है और इस पर स्टेट लेवल के अधिकारी कार्रवाई करेंगे कहते हुए फोन रख दिया गया ।

अब ऐसे में एक बड़ा सवाल है कि जब आरोप सिद्ध हो गया गाइडलाइन के विरुद्ध आहरण किए राशि को वापस कर दिया गया तो आरोपी चिकित्सा सहायक घनश्याम चंद्रा के ऊपर अब तक कार्यवाही क्यों नहीं किया जा रहा है और अगर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ पैसे को वापस कराया जायेगा तो आगे भी कई डॉक्टरों के द्वारा इस तरह के घटना को अंजाम दिया जा सकता है क्योंकि इस मामले पर कार्यवाही के नाम पर सिर्फ पैसे की वापसी कराया जाता है कोई विभागीय कार्यवाही नही किया जाता । ज्ञात हो आर टी आई के तहत मिली जानकारी में सिर्फ एक वर्ष का ही जानकारी दिया दिया गया जिसमें लाखो रुपए की हेराफेरी देखने को मिली और विभाग के द्वारा निष्पक्ष रूप से पुराने रिकॉर्ड अर्थात जब से खूबचंद बघेल योजना प्रारंभ हुआ है तब से लेकर आज तक के आहरण राशि का जांच किया जाए तो और भी बड़ा खुलासा हो सकता है । आपको बता दे कि जिला चिकित्सा अधिकारी लाखों रुपए की हेराफेरी करने वाले ग्रामीण चिकित्सा सहायक (आरएमए) घनश्याम चंद्रा के ऊपर कोई कार्यवाही तो नहीं किया लेकिन उनका ट्रांसफर घर के नजदीक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटगांव में कर दिया गया । जबकि भटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहले से ही (आरएमए) पदस्थ है बावजूद गोपालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के आरएमए को भटगांव ट्रांसफर करना समझ से परे है । इन सभी गतिविधियों से आप अंदाजा लगा सकते है की भ्रष्ट डॉक्टरों को जिम्मेदार अधिकारियों का भरपूर संरक्षण मिल रहा है ।

> इस मामले को मैं देखवाती हूं अभी ये मामला मुझे याद नहीं है।
>
> **--फरिहा आलम सिद्धिकी**
>
> कार्यवाही के तौर पर उनसे पैसा को वापस करा लिया गया है अब आगे स्टेट कार्यवाही करेगा।
>
> **–एफ आर निराला,** (सीएमएचओ)

महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

- सांसद कार्यालय का किया घेराव, विरोध में की नारे-बाजी

कवर्धा/नवप्रदेश। खाद्य सामग्री एवं सब्जियों के आसमान छूते दाम से हर परिवार परेशान है। बढ़ती महंगाई से परिवारों का मासिक बजट गड़बड़ा गया है। विशेष कर गृहणियां काफी परेशान है। महंगाई के चलते महिलाओं के लिए किचन संभालना मुश्किल हो गया है। महंगाई के खिलाफ आक्रोश प्रकट करने महिला कांग्रेस ने रैली निकालकर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय के सांसद कार्यालय के घेराव किया और जमकर नारे-बाजी की। कवर्धा शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू मनोज दुबे ने बढ़ती महंगाई के मुद्दे पर सांसद कार्यालय के घेराव का आहवान किया था। दोपहर को महिला कांग्रेस कार्यकर्तागण सिग्नल चौक स्थित कांग्रेस भवन में एकत्र हुए। महिला कार्यकर्ताओं का साथ देने कांग्रेस कार्यकर्ता भी कांग्रेस भवन पहुंचे। उपस्थित कांग्रेसजनों में कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, राज कुमार तिवारी, गोरेलाल चन्द्रवंशी सहित नरायणी टोण्डर, रचना कोसले, रोशनी मेरावी, फुलबती डहरिया, मुस्कान देशलहरे, त्रिवेणी मानिकपुरी, रामेश्वरी चौहान, चंदा जोषी, लीलादेवी पोर्ते, लता नाविक, सुमरित साहू, गोमती साहू, कौशिल्या गंधर्व, कांति लहरे, चंद्रिका रजक, रेखा लांझी, प्रमिला पाण्डेय, हिरा बघेल, चंदा, लता विशेकर, राधा निषाद, सुमित्रा भगवती राजपूत, ममता देवांगन, कविता, काजल, जयप्रकाश बारले, पदमसेन, पुरन योगी, सनत जायसवाल, तुकेशर साहू, धर्मेन्द्र तिवारी, भागी साहू, दुजे राम जाससवाल, पार्षद सुनील साहू, लक्की कादरी, परमेश्वर मानिकपुरी, दरबारी साहू, लखने कोसले।

यहां पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में बेलगाम महंगाई के लिए केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। वक्ताओं ने कहां कि सौ दिनों में महंगाई कम करने के मुद्दे पर मोदी सरकार सत्ता में आई थी। ये सरकार अपने वायदे को भुल गई तथा बढ़ती महंगाई से अपने आंख को मूंद कर बैठी है। इसके चलते देश का प्रत्येक नागरिक भारी परेशानी है। वक्ताओं के संबोधन के पश्चात कांग्रेसजनों का जत्था यहां से शांति दीप कालोनी स्थित सांसद कार्यालय के लिए कूच किया। कांग्रेसजन 'बढ़ती महंगाई से मची है हाहाकार, कुम्भकरणी नींद में सोई है मोदी सरकार' के नारे के साथ ही 'नींद से जागों मोदी सरकार' के नारे लगा रहे थे।

बैंकों के राष्ट्रीयकरण को यथावत रखें : सीएम

- आम लोगों को होगी परेशानी –गोपाल कृष्णा
- राष्ट्रीयकृत बैंक फेडरेशन मना रहा 55 वां स्थापना वर्ष

रायपुर/नवप्रदेश। वर्ष 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा बैंकों का निजीकरण से राष्ट्रीयकरण किया गया था। राष्ट्रीयकृत सरकारी बैंकों का आज 55 वां स्थापना दिवस है। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित पत्रकारवार्ता में अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ के राज्य सचिव वाई गोपाल कृष्णा एवं उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बैंक स्थापना दिवस के अवसर पर वीडियो संदेश जारी करते हुए बैंकों के निजीकरण का विरोध करते हुए यूनियन की मांग सरकारी बैंकों के निजीकरण के प्रयास का समर्थन किया है। मुख्यमंत्री ने जारी संदेश में बैंकों के राष्ट्रीयकरण को यथावत रखने की मांग की है। पत्रकारवार्ता में बताया कि आरबीआई से पंजीकृत राष्ट्रीयकृत बैंकों ने अपनी सेवाओं के जरिए दूरस्थ क्षेत्रों में सुकमा जिले के 70 घर वाले गांव में भी आम लोगों की सुविधा के लिए बैंक की सेवा उपलब्ध कराई है उपाध्यक्ष के अनुसार बैंकों के निजीकरण का खतरा लगातार बढ़ते जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा बैंकों के निजीकरण के खिलाफ फेडरेशन द्वारा समुचित कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्र निर्माण में सरकारी बैंकों ने गांव गांव में विभिन्न प्रकार की योजनाओं को अमल में लाकर आम नागरिकों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी है। बैंकों के निजीकरण होने से आम नागरिक परेशानी बढ़ेगी साथ ही स्टाक की कमी के चलते बैंकों का कामकाज वर्तमान समय में प्रभावित हो रहा है। बैंकों के काउंटर्स पर पर्याप्त कर्मचारी नहीं होने के कारण खातेदारों को परेशानी होती है विशेषकर उक्त समस्या का सामना वरिष्ठ नागरिकों को करना पड़ता है।

क्लर्क को कमिशनर ने किया निलंबित

- समय पर नहीं आता था ड्यूटि, शिकायत के बाद कार्रवाई

दुर्ग-रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग के संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर कई तरह की गड़बड़ियां और लापरवाही पकड़ी। इस दौरान समय से कार्यालय नही आने वाले सहायक ग्रेड 3 को निलंबित कर दिया गया। वहीं अन्य कर्मियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति और दुर्ग संभाग के आयुक्त द्वारा समृद्धि बाज़ार के पास स्थित पशु चिकित्सालय दुर्ग का अचानक निरीक्षण किया गया। समय पर नहीं आने के कारण आर के देवांगन सहायक ग्रेड 3 को निलंबित करने संचालक वेटेनरी महाविद्यालय अँजोरा को निर्देशित किया और 8 अन्य अनुपस्थित को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उन्होंने सोनोग्राफी, एक्स रे, ओ पी डी, ओ टी सहित सभी सुविधाओं की जानकारी लिया एवं साफ-सफाई के साथ अस्पताल में व्यवस्था को दुरूस्त रखने कहा।

कन्या आश्रम में आग, गद्दे समेत समान खाक

सुकमा/नवप्रदेश। शार्ट सर्किट के कारण सौ सीटर कन्या छात्रवास में आग लगने के कारण काफी नुकशान हो गया है। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नही तो नुकशान हो सकता था। यहाँ छात्राएं रहकर पढ़ाई करती है और आग दिन में लगी थी लेकिन अच्छा यह रहा कि एक कमरे में आग लगी और बुझा दी गई।

मंगलवार करीब 5.30 बजे जिला मुख्यालय स्थित आरएमएसए 100 सीटर कन्या छात्रावास में शॉर्ट सर्किट में आग लगने से काफी नुकशान हुआ है। जानकारी के मुताबिक अचानक कमरे से धुआं आने लगा, उस समय अधीक्षिका सीमा वही मौजूद थी। उन्होंने कमरे को खोला तो भीतर पूरा धुंआ से भरा पड़ा था। आग की लपटें निकल रही थी। सबंधित अधिकारियों के साथ फायर अग्निशामक दल को सूचना दी गई और समय रहते टीम वहां पहुँच गई और आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन इस बीच करीब 50 गद्दे पूरी तरह जल गए। साथ में कुछ बर्तन, पलंग खराब हो गए। वही उसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी नितिन डड़सेना छात्रावास पहुँच कर जायजा लिया।

मछली मारने पर विवाद, युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम रीवा में तालाब में मछली मारने की विवाद पर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किए है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लीला धीवर 33 वर्ष ग्राम रीवा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी चंदन धीवर व अन्य 2 लोगों ने प्रार्थी को तालाब में मछली मारने की विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।